हरिभूमि



कई जगह दृश्यता शून्य रही

छोटे तालाब में ऐसा रहा कोहरा

# जाड़े में 'जकड़ा' सूरज

## तीसरे दिन भी बारिश-कोहरा, 46 जिलों में आंधी-बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले तीन दिनों से प्रदेश के जिलों में मावठे का दौर जारी है। धूप नहीं निकलने की वजह से प्रदेश के 24 से अधिक जिलों में दिन में भी कड़ाके की सर्दी का अहसास रहा। इधर, भोपाल में सुबह चार बजे से करीब पौन घंटे तक तेज बारिश हुई साथ ही कोहरा भी रहा। विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर रही। गुरुवार रात प्रदेश में सबसे ठंडा ग्वालियर रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री रिकार्ड किया गया है, जबकि पचमढ़ी में यह 11.4 डिग्री रहा। शनिवार को भी कई ▶▶ शेष पेज 4 पर

1 प्रदेश में सबसे ठंडा रहा ग्वालियर

2 आज भी होगी 30 जिलों में बारिश

धूप दिन भर गायब रही ऐसे में प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का अहसास रहा

भोपाल में सुबह चार बजे से करीब पौन घंटे तक तेज बारिश हुई साथ ही कोहरा भी रहा। विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर रही।

**न्यूनतम तापमान**

पचमढ़ी से भी ठंडा ग्वालियर

ग्वालियर : 7.9 डिग्री

पचमढ़ी : 11.4 डिग्री

### 24 जिलों में बारिश-आंधी


प्रदेश के 24 जिलों में पिछले 24 घंटे में आंधी और बारिश का दौर चला। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार सुबह तक गुना, सीहोर, विदिशा, भोपाल, रायसेन, देवास, इंदौर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, निवाड़ी, छतरपुर, सागर, दमोह, कटनी, पन्ना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सतना में आंधी और बारिश हुई। जबकि शनिवार को भोपाल, शहडोल, सागर संभाग के साथ डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, नीमच, इंदौर, शाजापुर, आगर-मालवा, गुना में बारिश हो सकती है। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी



inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### जोधपुर भोपाल पैसेंजर बेपटरी, सभी सुरक्षित



**कोटा।** गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर भोपाल पैसेंजर शुक्रवार देर रात कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर आई थी। ट्रेन के रुकने से पहले ही दो डिब्बे पटरी से उतर गए। अचानक लगे तेज धक्के से यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। रेल प्रशासन ने डिब्बे में से सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया।

### गर्भवती महिला को दी गर्भपात की इजाजत



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक महिला को 29 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दी क्योंकि वह अपने पति की मृत्यु के बाद ट्रॉमा से पीड़ित थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति दी जानी चाहिए क्योंकि उसकी मानसिक स्थिरता खराब हो सकती है।

### सीबीएसई 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा की तारीख बदली

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट में बदलाव किए हैं। कक्षा 12वीं की परीक्षाएं अब 15 फरवरी से 02 अप्रैल, 2024 तक और कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 13 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। छात्र दोबारा जारी की हुई डेटशीट कार्यक्रम सीबीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

रीवा में सीएम डॉ. यादव बोले- अब रीवा के विकास का समय आ गया है

# सरकार अब वल्लभ भवन से संभाग और जिले तथा घर-घर तक विकास ले जाएगी



सीएम ने कहा कि रीवा की इस समय चारों अंगुलिया घी में हैं। चूंकि उप मुख्यमंत्री आपका है और मुख्यमंत्री भी आपके रीवा का ही दामाद है। हमारी दोनों मंत्री बहनें मंत्री राधा सिंह व प्रतिमा बागड़ी भी रीवा अंचल की हैं।

विंध्य का समग्र विकास होगा, रीवा कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा के लोगों से कहा कि अब रीवा के विकास का समय आ गया है। रीवा के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे।

वैसे भी रीवा की इस समय चारों अंगुलिया घी में हैं। चूंकि उप मुख्यमंत्री आपका है, और मुख्यमंत्री भी आपके रीवा का ही दामाद है। हमारी दोनों मंत्री बहनें मंत्री राधा सिंह व प्रतिमा बागड़ी भी रीवा अंचल की हैं। अब तो रीवा का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विंध्य क्षेत्र का समग्र विकास ▶▶ शेष पेज 4 पर

डॉ. यादव ने किया रीवा में 337 करोड़ 90 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय के लिए नहीं आएगी धन की कोई कमी



### आम जनता के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह जनता की सरकार है। गरीबों की सरकार है। जनता के बीच से ही यह सरकार चुनी गई है। इसलिए, जनता का सम्मान करना शासन और प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व है। संभागीय बैठकों में शासन के निर्णय का पालन हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन आभार यात्रा के माध्यम से जो स्वागत हुआ है उससे अभिभूत होकर संकल्प लिया है कि विंध्य के प्रत्येक क्षेत्र में विकास किया जाएगा। उन्होने बताया कि 16 जनवरी को रीवा में विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को पूरा किया जाएगा। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

#### मानव संसाधन पर अधिक निर्भर रहने वाले उद्योगों की स्थापना की जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक बेरोजगार को रोजगार मिले। उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव हो। इसके लिए आने वाले समय में मानव संसाधन पर अधिक निर्भर रहने वाले उद्योगों की स्थापना की जाएगी। खनिज संसाधन की उपलब्धता वाले जिलों में विशेष सब्सिडी देकर उद्योग विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपना सारा जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित किया था। इसलिए सिर्फ रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता पूर्ति नहीं होगी, बल्कि सनातन संस्कृति और धर्म को भी संरक्षित और संवर्धित किया जाएगा।



#### *43 स्कूटी, 5 मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल एवं 16 तिपहिया साइकिलें बांटी*

*जन अभिलाषा का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों की सुविधा के लिए रीवा की कृषक उपज मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की नई तस्वीर बनाने और भारत को विश्व में नंबर एक देश बनाने की दिशा में प्रयास करने का सभी का संकल्प है। इसे हर कीमत पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप हितलाभ वितरित किए। इसके तहत 43 स्कूटी, 5 मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल एवं 16 तिपहिया साइकिलों का वितरण किया गया।*

7 आईएएस अफसरों के तबादले

## कौशलेंद्र फिर बने भोपाल कलेक्टर आशीष को इंदौर की जिम्मेदारी मिली

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) में सचिव संजय गुप्ता को वहां से हटाकर श्रम आयुक्त इंदौर बनाया गया



आशीष सिंह



कौशलेंद्र विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


राज्य सरकार ने शुक्रवार को 7 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए। इसमें दो बड़े जिलों के कलेक्टर हैं। भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह को इंदौर जिले की कमान दी गई है।

जबकि कौशलेंद्र विक्रम सिंह को फिर से भोपाल कलेक्टर बनाया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें भोपाल में पदस्थ किया गया था, किंतु महज कुछ देर में ही उन्हें बदल दिया गया था। रीवा व शहडोल के संभागायुक्त अनिल सुचारी को हटाकर मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। उन्हें जीएडी में सचिव बनाया गया है।

#### इलैया राजा को पर्यटन निगम का एमडी बनाया

राज्य शासन ने इंदौर कलेक्टर इलैया राजा टी को हटाकर पर्यटन विकास निगम का एमडी बनाया गया है। जबकि श्रम आयुक्त इंदौर एवं आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश (अतिरिक्त प्रभार) भोपाल श्रीकांत बनोठ के पास अब सिर्फ विकअ सह आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल का चार्ज रहेगा।

#### रीवा के संभागायुक्त सुचारी को हटाया, डाड को कमान



गोपाल चंद्र डाड



अनिल सुचारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को रीवा में थे। रीवा में वे कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने रीवा संभाग की समीक्षा की है। इसी दौरान संभागायुक्त अनिल सुचारी को हटाने का आदेश जारी हो गया। सामान्य प्रशासन विभाग में सचिव संजय गुप्ता को वहां से हटाकर श्रम आयुक्त इंदौर बनाया गया है। जबकि आयुक्त चिकित्सा शिक्षा व सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग गोपाल चंद्र डाड को रीवा संभागायुक्त ▶▶ शेष पेज 4 पर

जीएमसी के जूनियर डॉक्टरों की नाराजगी पड़ी पोस्टिंग पर भारी

## जूडा की हड़ताल को देख 24 घंटे में डॉ. अरुणा कुमार को हटाया गया

डॉ. अरुणा को वापस मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टोरेट भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जूनियर डॉक्टरों (जूडा) के विरोध को देख स्वास्थ्य विभाग ने गांधी मेडिकल कॉलेज के गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट में एक दिन पहले पदस्थ की गईं डॉ. अरुणा कुमार को 24 घंटे में ही हटा दिया है।

डॉ. अरुणा को वापस मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टरेट भेजा गया है। डॉ. अरुणा की जीएमसी में पोस्टिंग से नाराज जूनियर डॉक्टर गुरुवार रात से हड़ताल पर चले गए थे। शुक्रवार सुबह स्वास्थ्य ▶▶ शेष पेज 4 पर



*उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने लिया एक्शन*

*उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने डॉ. अरुणा कुमार, प्राध्यापक, स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग की सेवाओं के संबंध में जारी आदेश को निरस्त करने के निर्देश दिए।*

## फिट इंदौर... फिट इंडिया का संदेश



#### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जिम में बहाया पसीना

**इंदौर।** मप्र के नगरीय प्रशासन आवास व संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने फिट इंदौर, फिट इंडिया के प्रति सभी को व्यायाम करके प्रेरित किया। उनके साथ ही इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी थे। विजयवर्गीय का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने यह वीडियो अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह व्यायाम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ ही वह डंबल्स उठाते हुए भी नजर आ रहे हैं। उस ▶▶ शेष पेज 4 पर

29 जनवरी को पीएम मोदी करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'

## अब तक 1 करोड़ से ज्यादा ने कराए रजिस्ट्रेशन विद्यार्थी से लेकर शिक्षक व पेरेंट्स भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'परीक्षा पे चर्चा' 2024 का शेड्यूल जारी हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुचर्चित कार्यक्रम का यह 7वां संस्करण है।

रिपोर्ट्स की मानें तो अभी तक 1 करोड़ से ज्यादा स्टूडेंट्स, शिक्षक और पेरेंट्स मॉयगॉव डॉट इन पर पीपीसी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के जरिए पीएम मोदी छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों से संवाद करते हैं । इसमें वह बच्चों को



बोर्ड परीक्षा में बेहतर मार्क्स स्कोर करने के टिप्स के साथ ही स्ट्रेस कम करने की ट्रिक्स भी बताते हैं।

कुछ स्टूडेंट्स को पीएम नरेंद्र मोदी से अपने सवाल पूछने का अवसर भी मिलता है। परीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी को ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### परीक्षा पे चर्चा 2024 में क्या होगा?

इस खास कार्यक्रम में हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के 2 छात्र, 1 शिक्षक, कला उत्सव और वीर गाथा के विजेताओं को स्पेशल गेस्ट के तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए स्टूडेंट्स का एग्जाम स्ट्रेस कम करने की कोशिश की जाती है। इसमें शिक्षकों व अभिभावकों के साथ ही कक्षा छठी से 12वीं तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने वाले लगभग 2,050 उम्मीदवारों को मॉय गॉव ▶▶ शेष पेज 4 पर

1986 में उज्जैन में बजरंग दल के शिविर में तब 22 साल के इस युवक ने उछाला था यह नारा

## 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे'... का नारा दिया था राजगढ़ के सत्यनारायण मौर्य ने, जो आंदोलन का प्रतीक बना

सुनील गोले ▶▶ राजगढ़

दशकों पुराने राम जन्म भूमि आंदोलन का सबसे चर्चित नारा रहा है, रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे...लेकिन ये नारा किसी साधु-संत या फिर किसी नेता का दिया हुआ नहीं है। बल्कि ये नारा है राजगढ़ के 22 साल के एक लड़के का जो अयोध्या से करीब एक हजार किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में मौजूद था और भीड़ के बीच अचानक से उसने वो लाइन बोल दी, जो राम जन्म भूमि आंदोलन का प्रतीक बन गई। 1 फरवरी, 1986 वो तारीख थी जब फैजाबाद के जिला जज केएम पांडेय के आदेश पर बाबरी मस्जिद-जन्म स्थान पर जड़ा करीब 37 साल पुराना ताला खुल गया। अपनी राजनीतिक ज़मीन को मज़बूत करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ये फैसला किया था, लेकिन ताला खुलने से मुस्लिम ▶▶ शेष पेज 4 पर



◆ मौर्य इन दिनों मॉरिशस, फिजी, टौबेगो, त्रिनिदाद जैसे देशों में विज्ञान प्रदर्शनियां लगाते हैं। इंदौर में रहते हैं।

#### श्री रामलला का टेंट भी मौर्य ने ही बनाया था



फाइल फोटो

मौर्य ने 'हरिभूमि' को बताया कि रामलला के लिए छत तो अचानक बना नहीं सकते थे। बैनरों के कई कपड़े मेरे पास थे। बैनरों के उन्हीं कपड़ों से 10 बाई 10 का एक टेंट बना दिया। बाद में टेंट के आसपास ईंट की एक बाउंड्री बनाई गई। बाद में टेट से ढके रामलाल जन्मस्थल ▶▶ शेष पेज 4 पर

# विहिप कार्यकर्ता अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाने का कर रहे आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य मंदिर में भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्साह व श्रद्धा का माहौल देखने को मिल रहा है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के अलावा भक्त जगह-जगह जाकर पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। निमंत्रण कार्ड भी दिए जा रहे हैं।



### रामभक्त कॉलोनियों में दे रहे आमंत्रण

गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेशदास सहित, डमरू टीम सहित साधु-संतों व गणमान्य लोगों को आमंत्रण पत्र मिला है। इधर विहिप के पदाधिकारी, सदस्य व श्रीराम भक्त कड़कड़ाती सर्दी में अलग-अलग कॉलोनियों में जाकर लोगों को पीले चावल देकर हाथ जोड़कर आग्रह कर रहे हैं कि प्राण-प्रतिष्ठा दिन के बाद प्रभु श्रीरामलला नवनिर्मित मंदिर के दर्शन के लिए अपने अनुकूल समयानुसार अयोध्याजी में परिवार सहित पधारें। श्रीराम जी की कृपा प्राप्त करें। अभी तक शहर के नेहरू नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, लालाघाटी, शाहजहानांबाद, जहांगीराबाद समेत कई कॉलोनियों के घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा चुका है।

### पीले चावल देकर लोगों को दे रहे विशेष न्योता

शुक्रवार को राजवीर यादव के निर्देशन व सानिध्य में सुरेंद्र जैन, पंकज पलिया, प्रदीप राजपूत, नरेंद्र साहू, मूलचंद यादव, हीरा सिंह आदि द्वारा श्रीराम की भक्ति में मग्न होकर, इस कड़कड़ती सर्दी में लगातार अशोका गार्डन व आसपास के क्षेत्र में श्री राम के भक्तों को विशेष आमंत्रण व पीले चावल देकर आमंत्रित किया। पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने सभी का आभार व साधुवाद व्यक्त किया।

### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाएं



उन्होंने कहा कि आप भी प्राण- प्रतिष्ठा के दिन सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन-कीर्तन करें, टेलीविजन अथवा कोई पर्दा एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाएं।

श्री करुणाधाम आश्रम रवींद्र भवन में 7 जनवरी को करेगा आयोजन

## अयोध्या में राम मंदिर के तोड़ने से लेकर बनने तक की कहानी बताएंगे 'गाथा श्री राम मंदिर की'

करुणा धाम आश्रम द्वारा गाथा श्री राम मंदिर की कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 7 जनवरी को रवींद्र भवन में सन 1525 से लेकर जनवरी 2024 तक की कहानी दिखाई जाएगी। भगवान राम मंदिर के निर्माण की पूरी गाथा, इस कार्यक्रम के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव सुरेश शांडिल्य ने बताया कि गाथा श्री राम मंदिर की यह प्रस्तुति एक लाइव म्यूजिकल बैंड के साथ होगी। इसके प्रस्तुतकर्ता मोहित शिवानी अयोध्या और श्री राम मंदिर की पूरी गाथा सुनाएंगे।

### 75 मिनट की संगीतमय महागाथा की प्रस्तुति

करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है। दिशा-निर्देश दिए गए। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। कार्यक्रम में वक्ता एवं अभिनेता मोहित शेवानी 75 मिनट की संगीतमय महागाथा की प्रस्तुति देंगे। बॉलीवुड राइटर एवं गीतकार प्रबुद्ध सौरभ मंच संचालन करेंगे तथा हृदय बैण्ड के शुभम नाथानी द्वारा संगीत दिया जाएगा। राम जन्म-भूमि की तपस्या एवं संघर्ष की सत्य गाथा के इस कार्यक्रम में प्रवेश के लिए निःशुल्क पास करुणाधाम आश्रम के कार्यालय में उपलब्ध हैं। गाथा राम मंदिर की प्रस्तुति एक लाइव म्युजिगाकल बैंड के साथ होती है। इसमें प्रस्तुतकर्ता मोहित शेवानी अयोध्या और श्रीराम मंदिर की पूरी गाथा सुनाते हैं। यह गाथा श्रीराम से चल कर लवकुश से होती हुई वृहद बल और वर्तमान में पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ तक आती है।

---

श्री प्रभु चरण गुसाईं जी विट्ठलनाथजी का 509वां प्राकट्य उत्सव मनाया

# श्रीनाथजी को लगाया जलेबी का भोग, आंवला-चंदन तेल और इत्र से स्नान कराकर किया मोर चंद्रिका से श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विट्ठलनाथजी ने पुष्टिमार्ग में ऋतु अनुसार राग भोग श्रृंगार का नियम बताकर सेवा प्रणालिका अनुसार करना बताया। गुसाईं जी श्री विट्ठलनाथजी, पुष्टिमार्ग के संस्थापक श्रीमद वल्लाभाचार्य के पुत्र हैं। श्री विट्ठलनाथजी को ही प्रभु श्रीनाथजी का स्वरूप मानते हैं। उनके प्राकट्य उत्सव में श्रीनाथजी को जलेबी का भोग लगाने को कहा, तभी से आज के उत्सव को जेलबी उत्सव कहा जाता है। प्रात प्रभु श्रीनाथजी को आंवला चंदन तेल एवं इत्र से स्नान कराकर, पीले साटन के वस्त्र के साथ पांच जोड़ मोर चंद्रिका का श्रृंगार किया। फिर प्रभु को राजभोग के साथ काजू आलू एवं सादी जलेबी का भोग लगाया।

### जन्माष्टमी जैसा ही मनाते हैं उत्सव

फिर प्रभु श्रीनाथजी का दोपहर 12:00 बजे तिलक कर लाल को पालने में विराजित किया। फिर मेवा टॉफी एवं खिलौने लुटाए गए। मंदिर के मुखिया पंडित श्रीकांत शर्मा ने बताया कि यह उत्सव भी जन्माष्टमी की तरह ही मनाया जाता है। वैष्णवजनों ने नित्य किया एवं यह कीर्तन गाया गया- 'श्रीवल्लभ लाल के गुण गाऊं' और प्रसाद में जलेबी बूंदी वितरण किया गया।



## मां कंकाली के दरबार में कल 191 भजन गायक देंगे प्रस्तुति

मां कंकाली धाम श्री सेवा संस्था के तत्वावधान में जागरण धार्मिक प्रस्तुति सुबह से शाम मां कंकाली के नाम मां कंकाली के दरबार में नवी बार 7 जनवरी दिन रविवार को सुबह 9 बजे से मां कंकाली की इच्छा तक विशाल देवी जागरण एवं भंडारे का आयोजन होगा। संस्था के मीडिया प्रभारी कुंवर प्रसाद व कार्यक्रम के अध्यक्ष भजन गायक पंडित राकेश पाठक निराला ने बताया कि इस वर्ष मां कंकाली के दरबार में 191 कलाकारों की प्रस्तुति होना निश्चित हुआ है। इसके अलावा मथुरा वृंदावन से पधारे कलाकारों द्वारा राधे कृष्ण की होली बाहुबली हनुमान जी के दर्शन भोलेनाथ के दर्शन एवं भगवान श्री राम लला की अद्भुत एवं अलौकिक झांकियां के दर्शन करने का सभी भक्तों को सौभाग्य प्राप्त होगा। इसके साथ ही 25000 लोगों के भंडारे का आयोजन भी किया गया है एवं मां को 56 प्रकार के प्रसाद भोग लगाया जाएगा तथा मां कंकाली के मंदिर को सुंदर फूलों से सजाया जाएगा।



## पद्मश्री बाबा योगेंद्र जी के 102वें जन्मजयंती पर 7 जनवरी को होगा सम्मान समारोह

भोपाल। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा अवसर को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से साहित्य, रंगमंच एवं विविध कलाओं को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के भोपाल ईकाई की ओर से सामाजिक समरसता एवं श्रीराम विषय पर आधारित विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**वार्षिक कला ऋषि सम्मान की घोषणा**

संस्कार भारती की जिला इकाई अध्यक्ष अरुणा शर्मा ने बताया कि संस्कार भारती हर वर्ष योगेन्द्र की याद में वार्षिक कला ऋषि सम्मान दिया जाता है। इस वर्ष चित्रकला के क्षेत्र में यह सम्मान रेखा भटनागर और संगीत के क्षेत्र में पं. किरण देश पांडे को दिया जाएगा। 7 जनवरी को पद्मश्री बाबा योगेन्द्र जी के 102वें जन्मजयंती पर आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संस्कार भारती के नवनिर्मित सभागार में होगा।

### ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस नर्मदापुरम रोड में तीन दिवसीय योग तपस्या



## संस्कार परिवर्तन करने सकारात्मक सोच आवश्यकः राजयोगी हरगोविंद

**भोपाल।** नर्मदापुरम रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र ब्लेसिंग हाउस में तीन दिवसीय योग तपस्या कार्यक्रम शुरू हुआ। राजयोग साधकों के अंदर श्रेष्ठ संस्कार जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में माउंट आबू से आए राजयोगी हरगोविंद भाई ने संस्कार परिवर्तन की अनेक विधियां बताईं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर प्रवचन एवं योग अनुभूति सत्र आयोजित हुए।

सत्र के सभी प्रशिक्षणार्थियों का तीन तरह के तिलक लगाकर स्वागत किया गया। ये तीन तरह के तिलक आत्मा, परमात्मा एवं सृष्टि चक्र की स्मृति के प्रतीक हैं। फूल की खुशबू की तरह अच्छी बातों को ही अपने अंदर समाना है। गुलाब के फूल का उदाहरण से बताया गया कि जीवन में हमे खुशबूदार फूल की तरह अच्छी बातों को ही अपने अंदर समाना है। व्यर्थ एवं नेगेटिव बातें जीवन में परेशानियां एवं उलझन उत्पन्न करती हैं। जीवन में हम प्रैक्टिस में जितनी भी सफलता प्राप्त करें। वह प्रैक्टिकल में मान्य नहीं होती। हमें प्रैक्टिकल जीवन में विजय प्राप्त करनी होती है। प्रैक्टिस पेपर के अंक फाइनल परीक्षा में नहीं जुड़ते, प्रैक्टिस मैच भले ही हम कितने भी जीत लें, लेकिन हमे फाइनल मैच में विजय प्राप्त करनी होती है। ठीक यही बात जीवन में लागू होती है। ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस की प्रभारी बीके डॉ. रीना दीदी ने बताया कि नव वर्ष में ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस द्वारा मानव कल्याण के लिए जो कार्यक्रम बनाए गए हैं। उसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

---

# जिंदगी लाइव

### प्रदेश के 700 से अधिक युवा हुए शामिल, पंच प्रण का लिया संकल्प

## युवा उत्सवः लोक नृत्यों की झलक, जमकर थिरके युवा, कविता में एकजुटता दिखाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेहरू युवा केंद्र संगठन, मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल के आईईएस विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसमें सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लगभग 700 से अधिक युवाओं ने भाग लिया है। युवा उत्सव में सभी 52 जिलों से चयनित प्रतिभागियों द्वारा भाषण, पेंटिंग, कविता, सांस्कृतिक नृत्य तथा फोटोग्राफी विधा में प्रस्तुति दी गई। रंग बिरंगी रंगों से सजी पेंटिंग्स के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं विरासत के विभिन्न रंग भी दिखे।







### कविता में दिखी देशभक्ति की झलक

पंच प्रण विषय पर केंद्रित कविताओं में देशभक्ति, एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई दी। प्रतिभागी देवेश शर्मा ने 'हम भारत भव्य बनाएंगे' कविता लिखी।

### देश को गर्व है...

भोपाल कि प्रतिभागी सोनाली चौहान ने कहा कि हमें अपनी विरासत पर गर्व करना चाहिए। सतना कि प्रतिभागी आस्था निगम ने कहा चंद्रयान और मंगल मिशन पर आज पूरा देश गर्व कर रहा है।

### अवध के लोकनृत्य व दुलदुल घोड़ी की प्रस्तुति

वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रदेशभर के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की, जिसमें विदिशा के कलाकारों ने अवध के लोकनृत्य एवं रीवा के कलाकारों ने दुलदुल घोड़ी नृत्य तथा शहडोल के कलाकारों ने बघेली नृत्य की मनोहर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा लोकगीतों तथा शास्त्रीय संगीत पर विभिन्न सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। नृत्यों के माध्यम से भारत की विविधता तथा सांस्कृतिक एकता की झलक मिली।

### नई सीरीज माय स्टोरी सेशन में फैमस स्टोरी टेलर ज्योति पांडेय ने रखे विचार

## अरेरा क्लबः कहानीकार किताब में और पाठक में तब्दील हो सकें श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब मैं पहली बार स्टोरी टेलिंग करने जा रही थी तो काफी नर्वस थी, फिर मेरी फ्रेंड ने मुझे सपोर्ट किया और कहा कि मैं तुम्हारे साथ जाऊंगी, जिससे कि तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़े लेकिन ऐन वक्त पर उसका मैसेज आया कि उसके घर में किसी की मृत्यु हो गई है और मैं अकेली पड़ गई, लेकिन एक फौजी की पत्नी होने से मेरे अंदर एक कॉन्फिडेंस था कि मैं कर सकती हूं, मेरी मदर, मेरी बेटी सब ने मुझे सपोर्ट किया और कहा कि आप स्टोरी टेलिंग सेशन आराम से ले सकती हो और बस तब से यह मेरी जर्नी शुरू हुई जो आज तक अनवरत जारी है यह कहना है ज्योति पांडे का। जो क्लब लिटराटी ने शनिवार को अरेरा क्लब में माय स्टोरी नाम की नई सीरीज में अपनी कहानी सुना रही थीं।

### स्टोरी टेलिंग से जुड़ी कई चीजों को बताया



उन्होंने स्टोरी टेलिंग से जुड़ी हुई कई चीजों को बताया कि स्टोरी टेलिंग किस तरह से की जाती है।

### स्वयं की कहानी सुनाने को प्रोत्साहित करना उद्देश्य

क्लब की प्रेसिडेंट सीमा रायजादा ने बताया कि इसका उद्देश्य कम्युनिकेशन एवं कम्पैशन उत्पन्न करने के साथ-साथ जीवन के ऐसे अनुभव जो दूसरों ने जिये हैं, उनका भी रसास्वादन करना है। ऐसे में कहानीकार 'किताब' और श्रोता 'पाठक' में तब्दील हो सकते हैं। इस सीरीज का उद्देश्य लोगों को अपनी स्वयं की कहानी सुनाने को प्रोत्साहित करना और दूसरे के अनुभव एवं अनुभूति के प्रति संवेदनशील बनाना है।

---

पुस्तक पखवाड़े का आयोजन

## आपके अनुभव जब विचार हो जाएं, वह कविता सबसे अच्छी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनुभव जब विचार हो जाए, वह कविता सबसे अच्छी, कविता सहज सरल हो रेशमी के साथ थोड़ी खुरदुरी भी तब वह पाठक के हृदय में उतरती है और लिखना भी सुनाना है और पढ़ना भी सुनने की तरह इस प्रकार जो कहानी दृश्य विधान रहती है। यह उद्गार हैं वरिष्ठ कथाकार कवि संतोष चौबे के जो लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा आयोजित पुस्तक पखवाड़े में अपनी दो कृतियों 'घर बाहर' कविता संग्रह तथा 'सपनों की दुनिया में ब्लैक होल' उपन्यास पर आयोजित विमर्श कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।



### इन कविताओं में कवि की बेचैनी साफ झलकती है

कार्यक्रम का संचालन घनश्याम मैथिल अमृत ने किया, सर्वप्रथम स्वागत उद्बोधन केंद्र की निदेशक कांता राय ने दिया। वरिष्ठ समीक्षक संपादक पंकज सुबीर ने 'सपनों की दुनिया में ब्लैक होल' उपन्यास पर चर्चा करते हुए कहा कि यह उपन्यास एकदम नए विषय पर हैं, कॉर्पोरेट और सरकार को केंद्र में रखकर सृजन करना, सत्ता और व्यवस्था से प्रश्न पूछना साहस नहीं दुस्साहस का कार्य है। इसके साथ ही कविता संग्रह 'घर बाहर' पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रेखा काश्तवार ने कहा कि अपना होना इन कविताओं में व्यक्त होना है। इन कविताओं में कवि की बेचैनी साफ झलकती है।

## भोजपाल महोत्सव में बाबा महाकाल के भजनों की प्रस्तुति आज

**भोपाल।** राजा भोज की नगरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर चले रहा भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर शनिवार को भजन गायक किशन भगत द्वारा बाबा महाकाल और प्रभु श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इंदौर निवासी किशन भगत ने उज्जैन के राजा से अपने गाने की शुरुआत की थी। किशन ने बताया कि जब वे चार वर्ष के थे, तब उनके माता-पिता का देहांत हो गया था। उनकी परवरिश नानी के घर हुई। गुजारा करने के लिए हाथ ठेला तक चलाया। बता दें कि किशन बाबा महाकाल के भक्त हैं। बाबा की सेवा, भक्ति के साथ ही उनके नाम की भजनों को गुनगुनाते रहते थे। इस दौरान उन्होंने पैसे देकर अपना पहला गाना महाकाल के राजा को रिकॉर्ड कराया। इस गाने को इतनी प्रसिद्धि मिली कि किशन ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

विजेता टीम को अयोध्या भेजेंगे



## भोपाल में चार दिवसीय वैदिक ब्राह्मणों की धोती-कुर्ता में क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कृति बचाओ मंच की ओर से शुक्रवार से महर्षि मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता पट कन्दूक का शुभारंभ किया गया। मैदान पर सिक्का उछाल कर स्वस्तिवाचन के साथ मैच का शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने हाथ जोड़कर सभी से परिचय प्राप्त किया। चार दिवसीय इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 12 टीम भाग ले रही हैं, सभी वैदिक विश्वविद्यालय के छात्र जो कर्मकांड की शिक्षा प्राप्त करते हैं। वह क्रिकेट के मैदान में धोती-कुर्ता में अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। मैच की कमेंट्री संस्कृत मैं की जा रही है। आयोजन के प्रमुख सूत्रधार अंकुर पांडे अवनीश त्रिवेदी और अभिषेक महाराज बाबा द्वारा हर वर्ष वैदिक विद्या विश्वविद्यालय में संपर्क करके यह क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जाती है।

## डॉ. ठाकरे सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित

भोपाल। राजधानी एम्स के फिजियोलॉजी विभाग में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अविनाश ठाकरे को एवीएमसी मेडिकल कॉलेज पुडुचेरी में आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय बेसिक मेडिकल साइंसेज ई-कॉन्फ्रेंस (बीएमएसईसीओएन-2023) में संकाय श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया है। डॉ. अविनाश ठाकरे ने स्वस्थ युवा वयस्कों के बीच तीन अलग-अलग शरीर स्थितियों में परास्टरनल मांसपेशियों के सतह ईएमजी मापदंडों का उपयोग करके तंत्रिका श्वसन ड्राइव का मूल्यांकन शीर्षक से अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। फिजियोलॉजी विभाग की टीम में शोधकर्ता डॉ. संतोष वाकोड, प्रोफेसर और प्रमुख, डॉ. राजय भरशंकर, डॉ. संदीप हुल्के, डॉ. वरुण मल्होत्रा और डॉ. रेखा जिवाने शामिल थे।

जनजातीय लोक नृत्य...



## मृगनयनी एंपोरियम में बाग प्रिंट के वस्त्रों की प्रदर्शनी में 84 डिजाइनें हैं उपलब्ध

**भोपाल।** उस्तादों के हाथों से बने और प्राकृतिक रंगों से सजे बाग प्रिंट के वस्त्रों की प्रदर्शनी मृगनयनी एंपोरियम, जवाहर चौक में लगाई गई है। इसमें बाग प्रिंट के साड़ी, शूट और चादर में गेंदाफूल, चमेलीबेल, बडाबोद, खिलाराकेरी एवं साज आदि करीब 84 डिजाइनें प्रदर्शित की जा रही हैं। मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा निगम का शुक्रवार को बाग उत्सव शुरू हुआ। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय लोक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई।



भोपाल, शनिवार 6 जनवरी 2024 ■ पौष मास कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष : 10, अंक : 290 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 21 न्यून.15 haribhoomi com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन पोर्टल पर संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना सक्रिय हुई

लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला ने 4 जनवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया था।

नौसेना ने जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा, सभी 21 चालक (15 सदस्यीय भारतीय चालक) दल सुरक्षित

## अरब सागर में लाइबेरियाई जहाज के हाईजैक की कोशिश, भारतीय नौसेना ने दिया जवाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अरब सागर में नौसेना ने एक बार फिर खुद को साबित किया। दरअसल, सोमालिया के पास लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला नॉरफॉक को हाइजैक करने का प्रयास किया गया है, लेकिन भारतीय नौसेना के माकूल जवाब के बाद यह घटना होने से बच गई है।

नौसेना ने जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा है। दरअसल, लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला ने 4 ⏩ शेष पेज 4 पर

### भारतीय विमान ने शुक्रवार सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी

सोमालिया के पास व्यापारिक जहाज एमवी लीला का अपहरण होने के संकेत मिलने के बाद भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात प्लेटफार्मों ने अरब सागर में इस समुद्री घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया दी। भारतीय नौसेना ने तत्काल एक समुद्री गश्ती विमान (एमपीए) लॉन्च किया और जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजने के लिए डायवर्ट कर दिया है। भारतीय ⏩ शेष पेज 4 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### छात्र ने स्कूल की तीसरी मंजिल से लगाई छलांग




**इंदौर।** स्कूल में पढ़ाई फिर ट्यूशन और होमवर्क का टेंशन का असर बच्चों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। होमवर्क पूरा न कर पाने के तनाव से गुजर रहे 13 वर्षीय छात्र ने विद्यालय की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी, जिससे वह घायल हो गया। विद्यालय की इमारत से छात्र के छलांग लगाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### लांबा महिला और वरुण एनएसयूआई के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अलका लांबा को बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने उन्हें महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस ने वरुण चौधरी को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) का अध्यक्ष बनाया है। वरुण एनएसयूआई के वर्तमान अध्यक्ष नीरज कुंदन की जगह लेंगे। बता दें राहुल गांधी ने 5 छात्र नेताओं के इंटरव्यू लिए थे।

### गुना कलेक्टर अमनबीर सिंह की तबीयत बिगड़ी



**भोपाल।** गुना कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस को तबीयत खराब होने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार सुबह वोमेटिंग की शिकायत हुई थी। जिसके बाद अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। बैंस गुरुवार को सीएम की बैठक में शामिल होने ग्वालियर गए थे, जहां से देर रात लौटे। सुबह सर्किट हाउस में उनकी तबीयत खराब हो गई।

**इधर निशाना**

ईडी टीम राशन वितरण घोटाले में टीएमसी नेता के ठिकानों पर छापा मारने गई थी

## बंगाल में ईडी टीम पर हमला, दो अफसरों के सिर फूटे, गाड़ी पर पत्थरबाजी की गई



टीएमसी नेता की गिरफ्तारी के लिए अब कोर्ट जाएगी ईडी। बंगाल भाजपा ने हमले की एनआईए जांच के लिए गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने हमले को भयानक बताया। राज्यपाल ने घटना के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका को भी तलब किया। बोस ने राज्य सरकार को साफ चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वह सख्त कार्रवाई करे या फिर नतीजा भुगतने के लिए तैयार हो जाए।



केंद्रीय जांच एजेंसी ने हमले के दौरान स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए

टीम को ऑटो रिक्शा और दोपहिया वाहनों पर सवार होकर वहां से निकलना पड़ा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भीड़ ने ईडी की टीम पर तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के करीब 250 समर्थकों द्वारा हमला किया गया। इस हमले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई सदस्य घायल हो गए।

घायल अफसरों को अस्पताल ले जाया गया। यह घटना उत्तर 24 परगना जिले से सामने आई है, जहां अधिकारी, अर्धसैनिक बलों के साथ, एक राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में स्थानों पर छापेमारी करने गए थे। ⏩ शेष पेज 4 पर

### ईडी टीम टीएमसी नेता के आवास पर पहुंची थी



अब ईडी टीएमसी नेता एसके शाहजहां के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के लिए अदालत का रुख करने जा रही है। ईडी सूत्र का दावा है कि टीएमसी नेता इतने प्रभावशाली हैं कि उनकी टीम और अधिकारियों पर उनके समर्थकों ने हमला किया है। ये हमला उस दौरान हुआ जब वे छापेमारी करने के लिए उनके आवास पर पहुंचे थे। भीड़ के हमले के बाद टीम को बिना छापेमारी किये ही मौके ⏩ शेष पेज 4 पर

### पश्चिम बंगाल 'बनाना रिपब्लिक' नहीं




सीवी आनंद बोस ने कहा कि यदि सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है तो संविधान अपना काम करेगा। पश्चिम बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं है। ऐसे में सरकार को लोकतंत्र में बर्बरता और गुंडागर्दी रोकनी चाहिए।

**उधर खजाना**

हरियाणा में आईएनएलडी के पूर्व विधायक के घर ईडी का छापा

## पांच करोड़ नकद, सोने के बिस्कुट, विदेशी शराब और कई विदेशी हथियार बरामद



यमुनानगर में अवैध खनन से जुड़ा है मामला

भारत और विदेशों में संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद

### 20 परिसरों पर छापेमारी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यमुनानगर, सोनीपत, मोहाली, फरीदाबाद, चंडीगढ़ और करनाल में दोनों नेताओं और संबंधित इकाइयों के लगभग 20 परिसरों पर छापेमारी की गई।

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगियों के खिलाफ छापेमारी के दौरान विदेश निर्मित हथियार, 5 किलो सोना, लगभग 300 कारतूस, पांच करोड़ रुपए नकद और 100 से अधिक शराब की बोतलें बरामद की हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने हरियाणा के यमुनानगर जिले में कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गुरुवार को पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और सोनीपत से कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार के खिलाफ छापेमारी शुरू की थी। दिलबाग सिंह यमुनानगर से इनेलो के विधायक रह चुके हैं।





### अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गई थी प्राथमिकी

धन शोधन का ये मामला हरियाणा पुलिस द्वारा पिछले दिनों यमुनानगर और आसपास के जिलों में हुए अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गईं हरियाणा पुलिस की कई प्राथमिकियों से सामने आया है। ये प्राथमिकियां पट्टा समाप्ति और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी हुए पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गई थीं। केंद्रीय एजेंसी राजस्व और करों के संग्रह को आसान बनाने और खनन क्षेत्रों में कर चोरी को रोकने के लिए 2020 में हरियाणा सरकार द्वारा लाई गई ऑनलाइन योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है।

**सतना के झुकेही के पास हादसा**

## खड़े ट्रक में घुसी पिकअप गाड़ी तीन की मौत, नौ लोग घायल



ड्राइवर क्लीनर सहित तीन लोगों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

सतना और कटनी जिले की बॉर्डर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमे पिकअप सवार 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई तो अन्य 8 लोगों को इलाज के लिए कटनी जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। हादसे की वजह घना कोहरा और नियम विरुद्ध तरीके से आ रहे टैंकर बताया गया। जिसके कारण ये हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस पूरे हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ⏩ शेष पेज 4 पर

**क्रिकेटर धोनी को दोस्त ने लगाया चूना**

## रांची के कोर्ट में दर्ज करवाया केस, 15 करोड़ का नुकसान



मिहिर दिवाकर धोनी के करीबी दोस्त रहे हैं

एजेंसी ⏭ रांची

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विशवॉश के खिलाफ रांची कोर्ट में आपराधिक मामला दर्ज कराया है।

मिहिर दिवाकर धोनी के करीबी दोस्त रहे हैं, वहीं वो उनके बिजनेस पार्टनर भी रहे हैं। मिहिर ने धोनी के साथ कई फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। दरअसल, मिहिर दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी ⏩ शेष पेज 4 पर

**विधायक प्रीतम ने बेटे को भिजवाया जेल**

## भाजपा विधायक बोले अपराधी की कोई जाति और धर्म नहीं



बेटे से मतलब न रखने का ऐलान भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

पिछोर विधानसभा सीट से विधायक ने अपने ही बेटे को पुलिस के हवाले कर दिया।

हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में प्रीतम लोधी ने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इन चुनावों में उन्हें जीत मिली थी। उनकी जीत के बाद काफी चर्चा में रहे थे। बेटे को पुलिस को सौंपने के बाद विधायक एक बार फिर से चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि हाल ही में पिछोर विधायक प्रीतम ⏩ शेष पेज 4 पर

**मंत्री अहिरवार का वीडियो वायरल**

## कहा- पूर्व मुख्यमंत्री सिर्फ गोद लेते थे, भाजपाः ये 'नाथ' ही थे



कांग्रेस इस बयान को शिवराज सिंह से जोड़ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार का एक वीडियो सुर्खियों में है। इस पर कांग्रेस और भाजपा दोनों आमने-सामने आ गए हैं।

वीडियो में मंत्री अहिरवार एक सवाल के जवाब में कहते नजर आ रहे हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री ने तो न जाने किस-किस को गोद लिया था। वे सिर्फ गोद लेते थे, करते कुछ नहीं थे। भाजपा ने कहा कि राज्यमंत्री दिलीप ने यह बात कमलनाथ के लिए कही थी। कांग्रेस ⏩ शेष पेज 4 पर

**केंद्र सरकार ने जारी की गार्बेज फ्री सिटी की रैंकिंग**

## इस बार भी भोपाल को मिली 5 स्टार रैंक इंदौर, सूरत और नवी मुंबई को 7 स्टार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

■ भोपाल नगर निगम ने 7 स्टार रैंक की तैयारी की थी

फ्री गार्बेज सिटी में भोपाल को इस साल भी 5 स्टार रैंक मिली है। जबकि पिछले साल भी यही रैंक थी। नगर निगम ने 7 स्टार रैंक की पूरी तैयारी की थी, लेकिन इंदौर, सूरत और नवी मुंबई को 7 स्टार रैंक दी गई है। केंद्र सरकार के द्वारा जारी की गई जीएफसी सूची में पूरे देश के शहरों की सूची जारी की गई हैं। इसमें सबसे अच्छे शहरो में 7 स्टार के साथ देशभर में सिर्फ सिर्फ तीन शहरों को चुना गया है। इसमें मध्य प्रदेश का इंदौर शहर है। वर्ष 2021 के सर्वेक्षण से वर्ष 2022 भोपाल की रैंक में सुधार हुआ था। भोपाल को गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टॉर रेटिंग मिलने से नगर निगम अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया है। इतना ही नहीं वॉटर प्लस का खिताब भी अपने नाम किया है। भोपाल ने कचरे के पहाड़ भानपुर खंती को पार्क में तब्दील करने के अलावा कई और अहम काम किए, जिसमें सीवेज, पॉलिथीन का उपयोग और खुले में कचरा फेंकने जैसी समस्याओं के हल करने के कारण भोपाल को यह रैंक मिली। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के परिणाम 11 जनवरी को घोषित होंगे। नई दिल्ली में अवार्ड वितरण समारोह होगा।



**भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था**

इस वर्ष भारत में आर्थिक वृद्धि 6.2 प्रतिशत पर मजबूत रहने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा मजबूत सार्वजनिक निवेश द्वारा समर्थित है

## यूएन ने कहा-2024 में 6.2% की दर से बढ़ने का है अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अनुसार मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूती से भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) 2024 रिपोर्ट गुरुवार को जारी की गई। इसमें कहा गया कि दक्षिण एशिया का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024 में 5.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इससे भारत में मजबूत विस्तार का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा जो दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के बीच भारत में वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 के 6.3 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है।

### 2025 में भारत की जीडीपी बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने का अनुमान




रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 2025 में जीडीपी बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने का अनुमान है. इस वर्ष भारत में आर्थिक वृद्धि 6.2 प्रतिशत पर 'मजबूत' रहने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा मजबूत सार्वजनिक निवेश द्वारा समर्थित है। डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक एंड सोशल अफेयर्स के प्रमुख हामिद रशीद ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने न केवल इस वर्ष बल्कि पिछले कुछ वर्षों में अपने समकक्षों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि लगातार छह प्रतिशत से अधिक बनी हुई है और हमारा मानना है कि यह 2024 और 2025 में भी जारी रहेगा। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और बहुराष्ट्रीय निवेशों के दम पर भारत में 2023 में निवेश मजबूत रहा, जबकि चीन में निवेश संपत्ति क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुआ।

## रीवा में जन आभार यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत के लिए मार्ग को गुब्बारों से सजाया

# फूलों की बारिश से मोहन सरकार का 'अभिनंदन'



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को रीवा में जन आभार यात्रा में शामिल हुए। उनके साथ उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। इस दौरान सीएम के स्वागत के लिए सड़कों पर अपार जनसमूह उमड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शुक्रवार को रीवा के जन आभार यात्रा में भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत हुआ। विवेकानंद पार्क कॉलेज चौराहा से जन आभार यात्रा आरंभ हुई। मुख्यमंत्री का ढोल- ढमाकों तथा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया।

फूलों से सजे वाहन में मुख्यमंत्री जन आभार यात्रा में लोगों के बीच पहुंचे। वाहन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, डॉ. अजय सिंह मुख्यमंत्री के साथ थे।

**खास बातें**

- यात्रा में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, डॉ. अजय सिंह भी हुए शामिल
- सीएम के प्रथम रीवा आगमन पर स्वागत में भीड़ उमड़ी

## बौद्ध और रविदास समाज ने की पुष्पवर्षा

### छात्र संगठन और खिलाड़ियों ने सीएम का किया स्वागत

मुख्यमंत्री का कॉलेज चौराहे पर छात्र संगठन तथा खिलाड़ियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री को तलवार भेंट की गई। विवेकानंद पार्क से लेकर सांई मंदिर तक आभार यात्रा मार्ग को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था। मुख्यमंत्री के प्रथम रीवा आगमन पर उनके स्वागत में जन सैलाब उमड़ा। मुख्यमंत्री का काफिला पहुंचने पर आमजनता ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

### जन आभार यात्रा में खूब बजे ढोल-नगाड़े

जन आभार यात्रा में जनसेवा मित्रों तथा पटेल समाज की ओर से मुख्यमंत्री का कॉलेज चौराहे में सम्मान किया गया। सरपंच संघ के प्रतिनिधियों तथा कोल समाज के प्रतिनिधियों ने जान टावर के सामने मुख्यमंत्री का ढोल नगाड़ों तथा पुष्पहार से स्वागत किया। लोग सीएम को देखने के लिए उत्सुक थे।

### श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति का स्मृति चिन्ह किया भेंट

*जन आभार यात्रा के मार्ग के घरों से भी जनता ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव पर पुष्पवर्षा करके उनका अभिनंदन किया। जन आभार यात्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना तथा संबल योजना के हितग्राहियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मानस भवन के सामने मुख्यमंत्री का रथ पहुंचने पर भूतपूर्व सैनिकों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। जन आभार यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं ने प्रतिनिधियों ने जगह-जगह मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पवर्षा एवं केक कटवाकर तथा श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति का स्मृति चिन्ह, महामृत्युंजय भगवान का तैलचित्र एवं मुख्यमंत्री के स्केच चित्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। जन आभार यात्रा में हर्षित मन से मुख्यमंत्री ने आमजनता का अभिवादन किया तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया। रिमझिम बारिश के बीच जन आभार यात्रा में मुख्यमंत्री बौद्ध समाज, कबीर संघ तथा रविदास समाज ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया।*

## खबर संक्षेप



### पथ विक्रेता कल्याण बोर्ड बनाने सौंपा मांग-पत्र

**भोपाल।** पथ विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए पथ विक्रेता कल्याण बोर्ड का गठन करने की मांग को लेकर पथ विक्रेता एकता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश उपाध्याय ने मंत्री विजयवर्गीय से गांव और शहरों में सड़क पर सामान बेचने वाले पथ विक्रेताओं के पहचान पत्र बनाने के साथ उनसे कहीं भी तहबाजारी की वसूली नहीं की जाए। स्थान चिन्हित कर हाकर्स कार्नर विकसित करने की भी मांग की।

### छात्रवृत्ति पोर्टल शुरू कराने किया प्रदर्शन



**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल जल्द प्रारंभ कराने के लिए शुक्रवार को प्रदेशभर के कॉलेजों और जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने कहा कि प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी छात्रवृत्ति की योजनाएं बंद होने के कारण प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें लाभ नही मिल रहा है।

### एडीजी वर्मा सीबीआई के संयुक्त निदेशक बने

**भोपाल।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी ग्वालियर जोन के एडीजी डी श्रीनिवास वर्मा को सीबीआई का संयुक्त निदेशक बनाया गया है। राज्य सरकार ने उनकी सेवाएं केंद्र सरकार को सौंप दी है। डी श्रीनिवास वर्मा मध्य प्रदेश कैडर के 1977 बैच के अधिकारी है। राज्य सरकार ने पांच साल की अवधि के लिए उनकी सेवाएं केंद्र को सौंप दी है।

### मप्र के 7790 विद्यार्थियों को मिली ई-स्कूटी

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग की अभिनव योजना में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पढ़ाई में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर विभाग की अभिनव योजना में फ्री में ई-स्कूटी दी गई हैं। वर्ष 2022-23 में प्रदेश के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रथम स्थान पाने वाले 7790 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया है। योजना पर विभाग ने 80 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। वर्ष 2022-23 में 5 लाख 30 हजार साइकिल का वितरण किया गया।

### प्रधानमंत्री से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

**भोपाल।** परीक्षा पे चर्चा 2024 का शेड्यूल जारी हो चुका है। इसका आयोजन 29 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम, आईटीपीओ प्रगति मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। पीएम के बहुचर्चित कार्यक्रम का यह 7वां संस्करण है। मप्र से 102 छात्रों, 10 शिक्षकों और 10 अभिभावकों को अवसर मिलेगा। छठवीं कक्षा से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता 12 जनवरी तक होगी।

## उज्जैन के महाकाल महालोक परिसर में होगा भव्य आयोजन

# 1 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से बने देश के पहले प्रसादम का लोकार्पण कल

17 दुकानें बनाकर परिसर में स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब बनाया, पार्किंग व अन्य सुविधाएं भी होंगी उपलब्ध

218 करोड़ की 187 स्वास्थ्य केंद्रों का सीएम डॉ. यादव, केंद्रीय मंत्री मंडाविया करेंगे भूमिपूजन व लोकार्पण

1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के प्रतिदिन आने से खुलेगा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक

नीलकंठ वन परिसर अवंतिका हाट के बीच बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व प्रसिद्ध तीर्थ उज्जैन के श्री महाकाल महालोक के नीलकंठ वन परिसर में देश के पहले प्रसादम का शुभारंभ 7 जनवरी को हो रहा है। मप्र के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। यह प्रसादम 1 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से फ़ूड एंड सेफ्टी स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के 'क्लीन स्ट्रीट फूड हब' कार्यक्रम के तहत उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से श्री महाकाल महालोक के नीलकंठ वन परिसर और अवंतिका हाट के बीच विकसित किया गया है। इसमें 17 दुकानों का निर्माण कर एक स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब बनाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया इसका शुभारंभ करेंगे। वे 218 करोड़ 76 लाख रुपए लागत की स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। महाकाल लोक परिसर में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए महाकाल लोक परिसर, नीलकंठ द्वार पर औसतन प्रतिदिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का संचालन किया जाएगा, जिसमें आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण नरेन्द्र शिवाजी पटेल इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

### विदिशा, बैतूल व उज्जैन में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की मिलेगी सौगात

*प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत लागत 3 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से तीन इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (विदिशा, बैतूल एवं उज्जैन) का लोकार्पण किया जाएगा। नागरिकों को जिला अस्पताल में 132 प्रकार की जांच सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। इसी मिशन के अंतर्गत 6 बीआरएचयू भी लोकार्पित की जाएगी। 13 जिलों मे (छतरपुर, झाबुआ, सिवनी, गुना, भोपाल, खंडवा, बड़वानी, दमोह, बालाघाट, टीकमगढ़, शिवपुरी एवं सिंगरौली) नवीन इंटग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी का भूमिपूजन किया जाएगा।*

### 54 संजीवनी क्लीनिक, 66 आयुष्मान आरोग्य मंदिर

स्वास्थ्य की दृष्टि से 54 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का लोकार्पण किया जाएगा। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ 67 प्रकार की जांच सुविधाएं और 208 प्रकार की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। 2 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (सीएचसी हातोद एवं सीएचसी सांवेर, इंदौर) का लोकार्पण होगा।

### 36 स्वास्थ्य संरचनाओं का किया जाएगा भूमिपूजन

श्री महाकाल महालोक परिसर में होने वाले आयोजन में 118 करोड़ लागत की 36 स्वास्थ्य संरचनाओं का भूमिपूजन और 100 करोड़ 69 लाख लागत की 151 स्वास्थ्य संरचनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। इसके लिए 189 करोड़ 89 लाख रुपए केंद्र और 28 करोड़ 87 लाख रुपए राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए हैं।

### उज्जैन में 20 बिस्तरीय अतिरिक्त वार्ड का लोकार्पण

इमरजेंसी कोविड रेस्पोंस पैकेज-II के तहत 1 करोड़ 68 लाख रुपए लागत से सिविल अस्पताल बड़नगर, उज्जैन मे 20 बिस्तरीय अतिरिक्त वार्ड लोकार्पित किया जाएगा। राज्य मद से 28 करोड़ 87 लाख की लागत से तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और आठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राशि 148 करोड़ 45 लाख लागत से 97 कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण किया जाएगा। इसमें तीन जिला अस्पतालों, तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, 66 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं रीजनल ट्रेनिंग सेंटर में 40 सीटर हॉस्टल लोकार्पित किए जाएंगे। मिशन के तहत 8 जिला अस्पताल, एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 2 उप स्वास्थ्य केंद्र, 4 मैटर्नल एवं चाइल्ड हेल्थ विंग, एवं 5 स्टाफ कॉर्टर कार्यों का भूमिपूजन भी किया जाएगा।

### मनहित (मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग एप) लॉन्च होगा

आमजन को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग एप मनहित लॉन्च किया जाएगा। एप को मुख्यतः तीन खंडों में विभाजित किया गया है। मानसिक स्वास्थ्य स्व-मूल्यांकन, जागरूकता सामग्री, वीडियो और मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ संपर्क। मनहित का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य साक्षरता की समझ विकसित करना, अल्पकालिक और दीर्घकालिक मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों का स्व-मूल्यांकन और मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जागरूकता विकसित करना है।



### नवाचार और उद्यमिता को मिले बढ़ावाः मंत्री काश्यप

**भोपाल।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने आज शुक्रवार को मंत्रालय स्थित अपने प्रतिकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ मप्र स्टार्ट-अप पॉलिसी की व्यापक समीक्षा की। काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी यानि संकल्प 2023 के तहत प्रदेश में स्टार्ट-अप को लेकर बेहतर क्रियान्वयन हो, प्रदेश का स्टार्ट-अप न्यूजलेटर भी बेहतर और प्रभावी हो। उन्होंने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नए स्टार्टअप पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल नवाचार मिशन के भावानुरूप प्रदेश के संदर्भ में स्टार्ट-अप नीति का विश्लेषण करने के निर्देश भी दिए।

### लघु उद्योग निगम से मिलेंगी 48 जिलों के स्कूलों को डेस्क और बेंच

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब लघु उद्योग निगम के माध्यम से डेस्क और बेंच उपलब्ध कराई जाएंगी। करीब 48 जिलों के स्कूलों को यह डेस्क और बेंच दी जाएंगी। इसको लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने संबंधित जिलों को दिशा-निर्देश जारी किए है। इसके साथ ही जिलों से स्कूलों का ब्यौरा मांगा है।राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि समग्र शिक्षा अंतर्गत माध्यमिक शालाओं के छात्रों के लिए डेस्क और बेंच की खरीदी राज्य स्तर से लघु उद्योग निगम के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार, लघु उद्योग निगम द्वारा फर्मों का निर्धारण कर शालाओं तक फर्नीचर भेजा जाएगा। इसके लिए प्रधानाध्यापक को निर्देश जारी करने को कहा है।

## सपना त्रिपाठी को सागर से रीवा में संयुक्त कलेक्टर बनाया गया

राज्य शासन ने जारी किए आदेश

### राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 17 अफसरों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने शुक्रवार को राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के 17 अधिकारियों के तबादले कर दिए। इन सभी अधिकारियों को प्रशासकीय आधार पर स्थानांतरित किया गया है। राज्य शासन से जारी आदेश के अनुसार, जीएडी कार्मिक भोपाल में उप सचिव जितेंद्र सिंह चौहान को इंदौर संभाग में क्षेत्रीय उपयुक्त भू अभिलेख बनाया गया है।

विवेक रघुवंशी को सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) कार्मिक में उप सचिव के पद पदस्थ किया गया है। भोपाल में पदस्थ अपर कलेक्टर प्रकाश सिंह चौहान को जीएडी कार्मिक में उप सचिव बनाया गया है। रीवा में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ शैलेंद्र सिंह को अपर कलेक्टर सागर भेजा गया है।



शासन ने सपना त्रिपाठी को सागर से रीवा में संयुक्त कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया है। इसी पद पर दतिया में पदस्थ इकबाल मोहम्मद को संयुक्त कलेक्टर पन्ना बनाया गया है। राजीव रंजन पांडे को संयुक्त कलेक्टर बालाघाट, अनुराग सिंह को संयुक्त कलेक्टर सीधी, शैलेंद्र सिंह को संयुक्त कलेक्टर टीकमगढ़, नीरज शर्मा को संयुक्त कलेक्टर दतिया, सत्यनारायण दर्रो को पन्ना से संयुक्त कलेक्टर झाबुआ, फरहीन खान को नर्मदापुरम से संयुक्त कलेक्टर सागर, भारती देवी मिश्रा को संयुक्त कलेक्टर टीकमगढ़ और अंकिता प्रजापति को संयुक्त संयुक्त कलेक्टर धार पदस्थ किया गया है। अक्षय सिंह मरकाम को डिप्टी कलेक्टर इंदौर से डिप्टी कलेक्टर झाबुआ, राहुल चौहान को धार से डिप्टी कलेक्टर छतरपुर और जूही गर्ग को राजगढ़ से डिप्टी कलेक्टर सागर पदस्थ किया गया है।

## जितेन्द्र, पटवारी, सिंघार और कटारे निकलेंगे दौरे पर, 9 से 12 जनवरी तक नापेंगे मध्यप्रदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, मप्र प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे मंगलवार, नौ जनवरी से 12 जनवरी तक दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर जिले का चार दिवसीय संयुक्त दौरा करेंगे।

इस दौरे के दौरान जिलों में कांग्रेस कार्यकतार्ओं के साथ संगठनात्मक बैठकें लेंगे। साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति पर स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं से चर्चा करेंगे।

### मुरैना में भी रहेगा कैंप





*सिंह ने बताया कि भंवर, पटवारी, सिंघार और कटारे बुधवार, 10 जनवरी को सुबह 11 बजे अटेर में दोपहर 1.30 बजे मेहगांव में, दोपहर 3.30 बजे अम्बाह में और शाम 5.30 बजे मुरैना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। नेताओं का रात्रि विश्राम मुरैना में रहेगा। नेतागण गुरुवार 11 जनवरी को मुरैना से सुबह 11 बजे जौरा पहुंचेंगे। जहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद, दोपहर एक बजे सबलगढ़ पहुंचेंगे।*

### संविदा आधार पर पदस्थ कर्मी मांग रहे घूस

## प्रदेश सरकार रिश्वतखोरों पर सख्ती करने के मूड में, बीडीए, नगर निगम समेत अन्य विभागों पर नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रिश्वतखोरों पर सख्ती करने के मूड में हैं। अब ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कर्मचारी जो संविदा आधार पर पदस्थ हैं और उनके खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायतें हुई है। सबसे पहले उन कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा। इसकी जानकारी एकत्रित कर ली गई है।

शुरूआत राजधानी भोपाल से करने की तैयारी है। चूंकि भोपाल के नगर निगम, बीडीए से लेकर अन्य विभागों में पदस्थ कर्मचारी नाक के नीचे ही रिश्वत मांगते हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। अब ऐसे कर्मियों पर शिकंजा कसा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि ऐसे मामलों में जो शासकीय सेवक रिश्वत लेते पकड़े गए हैं और आज तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है या फिर रिश्वत की मांग करते हैं, पर बगैर ठोस प्रूफ के उन पर कार्रवाई नहीं हो पाती। इसकी सूची तैयार की गई है। इन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताते हैं कि अभी जिस तरह से हर काम के लिए पैसे लेने का चलन बढ़ गया है, ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ भी सख्ती होगी। इसकी शुरूआत भी सबसे पहले राजधानी भोपाल से करने की जानकारी है।

### संभागीय समीक्षा बैठक से योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग

# बरगी बांध से बदलेगी सतना जिले की तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभागीय समीक्षा बैठकें शुरू करके विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा और निगरानी का अवसर दिया है। संभागीय समीक्षा बैठकों में योजनाओं के क्रियान्वयन से प्रभावी मानीटरिंग होगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शुक्रवार को रीवा में संभागीय समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे।

### सितम्बर माह तक बरगी बांध का पानी सतना पहुंचाया जाएगा

बैठक में बताया गया कि बरगी टनल परियोजना की कठिनाई को दूर कर इस वर्ष सितम्बर माह तक बरगी बांध का पानी सतना पहुंचाया जाएगा। बरगी बांध के पानी से सतना जिले की तस्वीर बदल जाएगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा संभाग में अपार खनिज संसाधन हैं। सिंगरौली में ऊर्जा उत्पादन का केन्द्र है। सतना में सीमेंट उत्पादन का केन्द्र है। इन्हें जोड़ने वाले ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन का काम तेजी से पूरा कराने के लिए सीधी और सिंगरौली के कलेक्टर भूअर्जन की कार्रवाई तत्परता से करें। आगामी 6 माह में सीधी-सिंगरौली हाईवे की टू लेन सड़क तथा गोपद पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा। संभागीय समीक्षा बैठक में सांसद, मंत्री, विधायकगण तथा सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### फरवरी महीने में रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण

डिप्टी सीएम शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट का फरवरी माह के अंत तक लोकार्पण हो जाएगा। सड़क रेलवे और हवाई सुविधा मिलते ही इस पूरे क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। रीवा के सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में कैंसर रोगियों के उपचार के लिए आधुनिक मशीन तथा 12 करोड़ की लागत से एमआरआई मशीन लगाई जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने विकास के संबंध में जो सुझाव दिए हैं उन पर समुचित निर्णय लिया जाएगा। नोडल अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जनप्रतिनिधियों के सुझावों व मुद्दों की विस्तृत जानकारी ली।


### सीधी में ट्रांसफार्मर डिपो बनाने का मुद्दा गूंजा

बैठक में खराब ट्रांसफार्मर बदलने, सीधी में ट्रांसफार्मर डिपो बनाने, प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे हुए हितग्राहियों का नाम जोड़ने, जलजीवन मिशन के कार्यों की धीमी प्रगति, मनरेगा की तीन माह से लंबित मजदूरी के भुगतान, मऊगंज तथा मैहर जिले में समग्र पोर्टल एवं आधार पोर्टल को एकीकृत करने, गोवर्धन योजना, बगदरा अभ्यारण्य को डिनोटिफाई करने, चित्रकूट क्षेत्र में सिंचाई सुविधा, मंदाकिनी नदी की सफाई, रामपथ गमन मार्ग के निर्माण सहित विभिन्न मुद्दे उठाए। बैठक में रीवा जिले के पर्यटन विकास कैलेंडर का विमोचन किया।

### अच्छा कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

## गड़बड़ी करने वाले के साथ अब सख्ती से निपटा जाएगा

कार्यभार ग्रहण कर बताया उद्देश्य



राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सरकार सख्ती से निपटेगी। मंत्री वर्मा शुक्रवार को मंत्रालय में विभागीय कार्य शुरू करने बाद अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री वर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के पहले कक्ष में पूजा-अर्चन की।

### कार्यभार ग्रहण करने के बाद राजस्व मंत्री वर्मा ने ली बैठक

*मंत्री वर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम विकास पथ पर आगे बड़ रहे हैं। मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर प्रमुख सचिव राजस्व निकुंज श्रीवास्तव उपस्थित थे। राजस्व अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक में उप सचिव राजस्व सुश्री नेहा मारव्या, उप राहत आयुक्त सुश्री सुमन लता माहोर, संयुक्त राजस्व आयुक्त राजीव नंदन श्रीवास्तव उप राजस्व आयुक्त श्रीमती अलका सिंह बामनकर, श्रीमती नीतू सिंह गुप्ता, श्रीमती ऋषि मौर्य, लेखा श्रोती, ओएसडी राजस्व सुश्री सुनीता लाल, उप संचालक एमपीएलआरएम श्रीमती नमिता खरें उपस्थित थी।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 जनवरी 2024



अब तक वेटलैंड के रूप में देश का कोई भी शहर नहीं था शामिल

जलस्रोतों के संरक्षण में सहयोग के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा

जलस्रोतों के कैचमेंट मैनेजमेंट, वाटरशेड मैनेजमेंट, ईको टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म आदि गतिविधियां होंगी तेज

## भोपाल, इंदौर और उदयपुर 'दुनिया' के नक्शे पर, अब बनेंगे वेटलैंड सिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल, इंदौर और उदयपुर अब वेटलैंड सिटी होंगे। राजधानी अब वेटलैण्ड सिटी घोषित होने पर जलस्रोतों के संरक्षण में सहयोग मिलेगा। जलस्रोतों के कैचमेंट मैनेजमेंट, वाटरशेड मैनेजमेंट, ईको ट्यूरिज्म, एग्रो टूरिज्म आदि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि भारत का एक भी शहर वेटलैंड के रूप में शामिल नहीं है। भोपाल भारत के सबसे स्वच्छ शहरों में से एक है, जिसने अपने नगर विकास योजना 2031 के प्रारूप में आर्द्रभूमि के आसपास संरक्षण क्षेत्रों का प्रस्ताव दिया है। भोज वेटलैंड, रामसर साइट शहर की जीवन रेखा है, जो विश्व स्तरीय वेटलैंड व्याख्या केंद्र, जल तरंग से सुसज्जित है। इसके अतिरिक्त, भोपाल नगर निगम के पास एक समर्पित झील संरक्षण सेल है।

इंदौर भारत का सबसे स्वच्छ शहर है और अपने सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता, पानी और शहरी पर्यावरण के लिए स्मार्ट सिटी अवार्ड 2023 का विजेता है। सिरपुर झील, शहर में एक रामसर स्थल, को जल पक्षी समागम के लिए एक खास स्थल के रूप में मान्यता दी गई है और इसे पक्षी अभयारण्य के रूप में विकसित किया जा रहा है। 200 से ज्यादा आर्द्रभूमि मित्रों का एक मजबूत नेटवर्क पक्षी संरक्षण और सारस क्रेन की रक्षा के लिए स्थानीय समुदाय को संवेदनशील बनाने का काम कर रहा है।

### वेटलैंड सिटी के यह होंगे फायदे

उल्लेखनीय है कि वेटलैंड सिटी प्रमाणन से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। जल स्रोतों के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा और इको ट्यूरिज्म बढ़ेगा। झीलों और जलाशयों में दूसरी गतिविधियां रुकेंगी। विश्व पटल पर उदयपुर शहर की एक अलग पहचान बनेगी। जैव विविधता व पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित होगी साथ ही शहरी विकास और पर्यावरण से संबंधित अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में प्राथमिकता मिलेगी। जलाशयों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए स्थानीय निकायों की प्रतिबद्धता तय होगी।

### वेटलैंड सिटी प्रमाणन क्या है?

वेटलैंड सिटी प्रमाणन या एक्रिडिटेशन को वर्ष 2015 में आयोजित सीओपी 12 में रामसर कन्वेंशन ने संकल्प 11.10 के तहत एक स्वैच्छिक आर्द्रभूमि शहर मान्यता प्रणाली को मंजूरी प्रदान की, जो उन शहरों को प्रमाणन देता है जिन्होंने अपने शहरी आर्द्रभूमि की सुरक्षा के लिए असाधारण कदम उठाए हैं। वेटलैंड सिटी प्रमाणन योजना का उद्देश्य शहरी और अर्ध-शहरी आर्द्रभूमि के संरक्षण और स्मार्ट उपयोग को बढ़ावा देना है, साथ ही स्थानीय आबादी के लिए स्थायी सामाजिक-आर्थिक लाभ भी है। यह स्वैच्छिक योजना उन शहरों के लिए एक अवसर प्रदान करती है जो अपने प्राकृतिक या मानव निर्मित आर्द्रभूमि को महत्व देते हैं जिससे वे आर्द्रभूमि के साथ मजबूत सकारात्मक संबंधों का प्रदर्शन करने में अपनी कोशिशों के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता और सकारात्मक ब्रांडिंग का अवसर प्राप्त कर सकें।

# ठंड से डरिए नहीं, लेकिन बचिए....



*राजधानी में पिछले चार दिन से हाड़ कंपा देने वाली ठंड बनी हुई है। ऐसे में कुछ लोग मौसम का लुत्फ लेते नजर आ रहे हैं तो वहीं कुछ जो हार्ट पेशेंट हैं, उन्हें इस मौसम में सतर्क रहने के साथ बचने की जरूरत है। दरअसल, शुक्रवार को राजधानी में दो ऐसी डरा देने वाली खबरें आई हैं, जिनमें दो लोगों की मौत हुई है। इसमें एक की हार्ट अटैक से तो दूसरे की ठंड से मारे जाने की आशंका व्यक्त की गई है।*

**हार्ट अटैक और पैरालिसिस के 24 घंटे में आए 55 मरीज, एक की मौत तो एक की ठंड से मरने की आशंका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कड़ाके की ठंड के कारण शहर के अस्पतालों में हार्टअटैक और पैरालिसिस के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पिछले 24 घंटे में राजधानी में हार्ट अटैक के 36 मरीज और पैरालिसिस के 19 मरीज अलग-अलग अस्पतालों में पहुंचे हैं। सबसे ज्यादा 24 मरीज निजी अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज के कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. आरएस मीणा का कहना है कि जिन्हें पहले से दिल संबंधी बीमारियां होती हैं। सर्दियों में उनमें हार्ट अटैक का खतरा 31 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

### चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के श्यामपुर में चना कारखाना के ऊपर बने कमरे में चौकीदार की लाश मिली है। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी ठंड से मौत हुई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। मूलतः ग्वालियर के रहने वाले 58 साल के राकेश गुप्ता के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। पत्नी 12 साल से उन्हें और बच्चों को छोड़कर अलग रह रही हैं। वे लंबे समय से सुखमल जैन के कारखाने में रह रहे थे। यहां ऊपर ही उनका कमरा बना है। बुधवार रात वह कमरे में सोए थे। गुरुवार सुबह सुखमल पहुंचे तो उन्होंने आवाज दी थी, लेकिन राकेश का कमरा नहीं खुला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से दरवाजा तोड़ा तो अंदर राकेश की लाश पड़ी नजर आई।

## भोपाल आने वाली 30 ट्रेनें लेट, प्रयागराज डॉ. आंबेडकर नगर 9 घंटे तो केरल एक्सप्रेस 6 घंटे देरी से आई

भोपाल। इन दिनों दिल्ली,यूपी व महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में कोहरे का असर है। इससे भोपाल आने वाली ट्रेनें लेट होने लगी हैं। शुक्रवार को शताब्दी व राजधानी एक्सप्रेस श्रेणी सहित करीब 30 ट्रेनें एक से लेकर दस घंटे तक की देरी से पहुंची। प्रयागराज-डॉ. आम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 9 घंटे व केरल एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों को री-शेड्यूल करना पड़ा। सर्दी के चलते कई यात्रियों स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में परेशान होते नजर आ रहे है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली,यूपी सहित देश के अन्य हिस्सों में कोहरा अधिक होने से विजिबिलिटी काम होने से ट्रेनें को 50 से 70 की स्पीड़ से चलाना पड़ रहा है। लेकिन जल्द ही इस समस्या से निजात मिल सकेगी।

### रेलवे की तैयारी नहीं आई काम

रेलवे ने यात्री ट्रेनों को कोहरे से प्रभावित होने से बचाने कई कदम उठाए हैं। इसके बाद भी ट्रेनें लेट हैं। पश्चिम मध्य रेलवे ने भोपाल, जबलपुर और कोटा मंडल की ट्रेनों के इंजन में कोहरे में दिखने वाले डिजिटल सिग्नल लगाए हैं। वहीं 1046 से अधिक में फॉग डिवाइस लगाई गई थी, जिससे ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित न हो। इधर, कई जगह पर पटाखे फोड़े जा रहे हैं, ताकि ट्रेनों के संचालन में किसी तरह की परेशानी न हो।

**यह ट्रेनें पहुंचीं देरी से**

| | |
|---|---|
| *12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 4.15 घंटे* | *22222- निजामउद्दीन सीएसटी राजधानी 1:40 घंटे* |
| *14116 प्रयागराज - डॉ. आम्बेडकर नगर एक्स.9 घंटे* | *12626 - केरल एक्सप्रेस 6.10 घंटे* |
| *12616 जीटी एक्स. 3.40 घंटे* | *20806-आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस 1.42 घंटे* |
| *12724 तेलंगाना एक्स. 3.38 घंटे* | *12920 मालवा एक्स. 2.50 घंटे* |
| *11058 अमृतसर एक्स. 1.57 घंटे* | *12156 भोपाल एक्स. 1.34 घंटे* |
| *12002 शताब्दी एक्सप्रेस 0.35 घंटे* | *12622- तमिलनाडु एक्सप्रेस 1.00 घंटे* |

### स्कूल वैन चालक को आया हार्ट अटैक, मौत

भोपाल। तलैया थाना क्षेत्र के रेतघाट में इलाके में स्कूल वैन के चालक को हार्ट अटैक आ गया। अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई।



घटना के समय वैन में कोई बच्चा सवार नहीं था, सीने में दर्द होते ही उसने सड़क किनारे वैन लगा दी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम सुनील साहू (27) है। नई बस्ती टीला जमालपुरा में रहता था। वह बिलाबोंग स्कूल की वैन चलाता था। हर रोज की तरह बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए निकला था।

### सेज स्कूल के ड्राइवर को आया चक्कर, बस बेकाबू होकर सड़क से उतरी



**भोपाल।** राजधानी के सेज इंटरनेशनल स्कूल के बस के ड्रायवर को शुक्रवार को अचानक चक्कर आने से बस बेकाबू हो गई। ड्रायवर ने बस को संभालने का प्रयास किया, लेकिन इसके पहले ही बस दूसरी सड़क से नीचे उतर कर बाउंड्री के लिए लगाए गए सीमेंट के पोल और पेड़ों को रौंदते हुए खाली प्लाट में उतर गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में करीब आधा दर्जन बच्चों को हल्की चोट आना बताया गया है। दरअसल, शाहपुरा के सेज इंटरनेशनल स्कूल की एक बस शुक्रवार को दोपहर बच्चों को छोड़ने निकली थी। बस में 8वीं, 9वीं और 11वीं के बच्चे और स्टाफ समेत करीब 40 लोग सवार थे। दोपहर करीब तीन बजे यह बस विरासा हाईट्स के पास पहुंची, तभी ड्रायवर हसीब खान को चक्कर आ गया। ड्रायवर के मुंह से झाग निकला था। डॉक्टरी जांच के बाद पता चल पाएगा कि उसे चक्कर क्यों आया था।

## स्वच्छता अवॉर्ड की घोषणा 11 को, भोपाल को टॉप 5 व 7 स्टार रेटिंग की उम्मीद

**पिछली बार गार्बेज** फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग मिली थी

**सीएंडडी प्लांट** बायो सीएनजी और कचरे के बेहतर ढंग से निपटान से उम्मीद बंधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण अवार्ड 11 जनवरी को नई दिल्ली में वितरित किए जाएंगे। इसमें प्रदेश को 6 नेशनल अवॉर्ड मिलेंगे। पिछली बार सफाई में 6 साल से लगातार पहले नंबर पर आने वाला इंदौर शहर इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 नेशनल अवॉर्ड की लिस्ट में शामिल है। भोपाल को बेस्ट कैपिटल सिटी या बेस्ट सस्टेनेबल कैपिटल अवार्ड भी मिल सकता है। भोपाल की रैंकिंग भी सुधर सकती है। पिछली बार छठीं रैंकिंग आई थी। इस बार अमरकंटक, महू और बुधनी भी नेशनल अवॉर्ड की कैटेगिरी में शामिल किए गए हैं।

स्वच्छता सर्वे 2023 में भोपाल को बेस्ट कैपिटल सिटी या बेस्ट सस्टेनेबल कैपिटल अवार्ड मिल सकता है। पिछली बार देशभर में छठवां स्थान हासिल किया था, जबकि गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग थी। इस बार टॉप 5 और 7 स्टार रेटिंग मिल सकती है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भोपाल नगर निगम ने सीएंडडी प्लांटए बायो सीएनजी और कचरे के बेहतर ढंग से निपटान करना प्रमुख है।

### प्रदेश को 6 अवॉर्ड मिलना है

मध्य प्रदेश को स्वच्छता सर्वेक्षण में 6 नेशनल अवॉर्ड मिलना है। कार्यक्रम में इंदौर, भोपाल, अमरकंटक, महू, बुधनी को अवॉर्ड मिलना है। राष्ट्रीय पुरस्कार के जोनल लेवल पर बुधनी का चयन किया गया है। पिछले साल मध्यप्रदेश को कुल 16 अवॉर्ड मिले थे। इस बार 18 अवॉर्ड मिल सकते हैं। 11 जनवरी को दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में अवॉर्ड समारोह होगा।

**22,507 में से 10 हजार 131 वोट डले**

## पार्षद के लिए कम निकले वोटर, 45% ने की वोटिंग

अब 9 जनवरी को होगी काउंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नगर निगम के वार्ड-41 में पार्षद और जिले के कुल 355 पंच पदों के लिए उप चुनाव शुक्रवार को हुए। पार्षद पद के लिए 9 उम्मीदवारों के लिए सुबह सात बजे से मतदान शुरु हुआ, जिसमें 22 हजार 507 में से 10 हजार 131 मतदाताओं ने मतदान किया।

यहां भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। यह सीट पार्षद मोहम्मद सगीर के निधन से 25 जुलाई को खाली हो गई थी। पार्षद पद के लिए कुल 27 मतदान केंद्र बनाए गए थे। अब 9 जनवरी को काउंटिंग होगी। पार्षद के उपचुनाव में कांग्रेस से मोहम्मद फहीम, भाजपा से डॉ. रेहान सिद्धीकी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन से तौकीर अहमद निजामी के साथ ही निर्दलीय कैंडिडेट के रूप में अहमद अकबर खान, अलीमउद्दीन कुरैशी, काजी आसिफ, अजहर मियां और मोहम्मद कलीम मैदान में हैं। शाम पांच बजे तक सिर्फ 45.1 फीसदी मतदाताओं ने ही मतदान किया। दरअसल वर्तमान में भाजपा की परिषद है, जबकि कांग्रेस के 22 पार्षद हैं। चूंकि यह वार्ड कांग्रेस के कब्जे में है, तो इसको देखते हुए कांग्रेस ने यहां पूरा जोर लगाया है।

### नगरीय निकायों में 69.13, पंचायतों में 63% वोटिंग

नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए शांतिपूर्ण मतदान आज सम्पन्न हो गया है। शाम 7 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों में 69.13 और पंचायतों में 63 प्रतिशत मतदान हुआ है। नगरीय निकायों में 69.86 प्रतिशत पुरुष और 68.37 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। पंचायतों में 64.46 पुरुष एवं 61.47 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। नगरीय निकायों की मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 9 जनवरी को सुबह 9 बजे से होगी।

**आय का विवरण सीएस को सौंपी रिपोर्ट में उल्लेख करना जरूरी**

## बीआरटीएस हटाने में 15 करोड़ खर्च होंगे अभी इसकी आय पर भी चल रहा विचार

- 360 करोड़ रुपए के बीआरटीएस में लगे लोहे और बस स्टॉप से निकलने वाले सामान की गणना अधिकारियों ने नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में बीआरटीएस हटाने का निर्णय लेकर इसकी रिपोर्ट मांगी थी। यह रिपोर्ट जिला प्रशासन व नगर निगम ने तैयार कर सीएस को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में बीआरटीएस को हटाने में 15 करोड़ खर्च का अनुमान है। इस रिपोर्ट को लेकर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने अपना सुझाव देते हुए कहा है कि करीब 360 करोड़ रुपए में तैयार हुए इस बीआरटीएस से निकलने वाला लोहा वही कंपनी ले जाएगी, जो बीआरटीएस हटाएगी। इसलिए इसकी कीमत भी नगर निगम की आय में जुड़ेगी और बीआरटीएस के हटाने में होने वाला खर्च कम होगा। निगम अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारियों को एक और रिपोर्ट तैयार कर यह जानकारी देना चाहिए कि बीआरटीएस हटाने में नगर निगम को कितनी आय होगी। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा जो टेंडर किए जाएंगे, उसमें लोहे से होने वाली आय की जानकारी मांगी जाएगी। इसके आधार पर ही बीआरटीएस हटाने के खर्च की जानकारी मिलेगी।

### नवोदय में 6वीं में प्रवेश के लिए 20 को चयन परीक्षा

**भोपाल।** राजधानी के रातीबड़ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा-2023 20 जनवरी को आयोजित होगी।

यह परीक्षा भोपाल जिले के 10 केन्द्रों पर होगी। अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश-पत्र ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश-पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो दूरभाष 0755-2896325 एवं मोबाइल नंबर 95843-59571 पर सपंर्क किया जा सकता है।

**गैस राहत विभाग और एम्स के बीच अनुबंध न होने से आ रही दिक्कत**

## उधार मांग कर इलाज कराने को मजबूर है 42 वर्षीय कैंसर मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गैस राहत विभाग और एम्स भोपाल के बीच एक 42 वर्षीय कैंसर मरीज सपना चौरसिया पति अभिषेक चौरसिया की जान पर बन आई है। अभिषेक ने बताया कि उनकी पत्नी को स्तन कैंसर है और दोनों संस्थाओं के बीच इलाज से संबंधित कोई अनुबंध न होने से गैस पीड़ित महिला को अब तक मुफ्त इलाज नहीं मिल सका है, जबकि गैस राहत विभाग द्वारा नवंबर 2023 में साढ़े तीन लाख रुपए स्वीकृत कर दिए हैं, लेकिन एम्स इस स्वीकृति को नहीं मान रहा है।

दोनों संस्थाओं के बीच इस तकनीकी पहलू के कारण एक महिला की जान मुश्किल में है। उसके परिजन यहां वहां चक्कर काट रहे हैं और लोगों से उधार रुपए मांगकर इलाज कराने पर विवश हैं।

### गैस राहत विभाग नहीं कर रहा अनुबंध

गैस पीड़ितों के निःशुल्क इलाज की जिम्मेदारी गैस राहत विभाग को दी गई है। कुछ वर्ष पहले तक जब निजी अस्पताल में गैस पीड़ित का इलाज होता था, उस समय गैस राहत विभाग ने ही छह से अधिक निजी अस्पतालों के साथ अनुबंध किया था। जिस आधार पर निजी अस्पताल गैस पीड़ित मरीज का इलाज कर खर्च की राशि विभाग से लिया करते थे। लेकिन गैस राहत विभाग ने अभी तक एम्स भोपाल से किसी प्रकार का कोई अनुबंध नहीं किया है।

### जब तक अनुंबध नहीं, हम मजबूर हैं

कैंसर पीड़िता के पति को हमने सभी तकनीकी पहलुओं से अवगत करा दिया है। जब तक गैस राहत विभाग से कोई अनुबंध नहीं हो जाता, तब तक हम मजबूर हैं। हम तो इलाज देना चाहते हैं। **डॉ. अजय सिंह,** निदेशक एम्स

**सरकारी की प्राथमिकता वाले कामों को बढ़ाएंगे आगे**

आदेश जारी होने के दो घंटे बाद ही संभाला पदभार

## नौ महीने बाद वापस लौटे नए कलेक्टर कौशलेंद्र, राजधानी में मेट्रो, फ्लाईओवर के काम में तेजी लाने का करेंगे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के नए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह शहर में मेट्रो, फ्लाईओवर सहित अन्य विकास के कामों में तेजी लाने का प्रयास करेंगे। जनता से जुड़े कामों में अगर कोई चीज ठीक करने की जरूरत होगी तो किया जाएगा। सरकारी की प्राथमिकता वाले कामों को सुचारू करने के लिए जरूरी होगा कि विभागों के बीच तालमेल किया जाए।

यह बात शुक्रवार को 2010 बैच के आईएएस अधिकारी कौशलेंद्र सिंह ने कही। सिंह पहले ग्वालियर और विदिशा कलेक्टर भी रह चुके हैं। इससे करीब 9 माह पहले उन्हें भोपाल कलेक्टर बनाया गया था। लेकिन, आदेश जारी होने के 24 घंटों के भीतर ही उन्हें पर्यटन निगम का एमडी बनाकर भेज दिया गया।

नवागत कलेक्टर ने बताया कि शहर के चले रहे विकास काम, मेट्रो, फ्लाईओवर और अन्य कामों को तेजी से किया जाएगा। आम जनता से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेकर निपटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक, अतिक्रमण को लेकर भी काम किए जा रहे हैं, उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा।

### आदेश के दो घंटे में किया ज्वॉइन



नवागत कलेक्टर ने शुक्रवार को आदेश जारी होने के दो घंटे बाद शाम 6 बजे पदभार संभाल लिया। सिंह इससे पहले मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम में प्रबंध संचालक रहे हैं। वहीं, पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह प्रभार सौंपने के बाद शाम 6 बजे इंदौर रवाना हो गए। पदभार संभालने के बाद कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ परिचय के लिए बैठक ली। उन्होंने कहा कि पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह ने अपने कार्यकाल में जिले में अच्छे काम कराए हैं, वे उन्हें तेजी से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को विकास यात्राओं पर फोकस करने के निर्देश भी दिए।

## बाल आयोग ने दर्ज कराई एफआईआर
# बिना पंजीयन और मान्यता के चल रहा था बालगृह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित आंचल बालगृह में गुरुवार देर रात राष्ट्रीय बाल आयोग और मप्र बाल आयोग की टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम को यहां कई खामियां मिली है। मामले में आयोग द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही राष्ट्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने मुख्य सचिव मप्र शासन को पत्र लिखकर कार्रवाई की बात कही है। इसके साथ ही कानूनगो ने 7 दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी है।

### निरीक्षण के दौरान मिली कई खामियां

आयोग द्वारा मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा गया है कि आंचल बालगृह के निरीक्षण के दौरान बालगृह के अधिकारियों तथा बालगृह में मौजूद बच्चों से बातचीत की गई। बालगृह न तो पंजीकृत है और न ही मान्यता प्राप्त है। बालगृह में मिली सूची में 68 निवासरत बच्चियां दर्ज थी, लेकिन निरीक्षण के दौरान सिर्फ 41 बालिकाएं मौजूद थी तथा सभी बालिकाएं बाल कल्याण समिति के आदेश के बिना रह रही हैं।

## मुंबई-दिल्ली की फ्लाइट तीन घंटे देरी से आई

**संतनगर।** राजा भोज एयरपोर्ट पर पिछले कई दिनों से उड़ानों का लेट आना जारी है। शुक्रवार को भी कई उड़ानें एक से तीन घंटे देरी से भोपाल पहुंची। घने कोहरे और सेक्टर रीजन के चलते उड़ाने पिछले कई दिनों से लेट आ रही हैं या उन्हें कैंसिल किया जा रहा है। आज शुक्रवार को कई उड़ानें काफी देरी से भोपाल आईं। मॉर्निंग की एयर इंडिया और इंडिगो की दिल्ली उड़ानें तीन तीन घंटे देरी से आईं। इसी तरह हैदराबाद की उड़ान भी करीब डेढ़ घंटा देरी से आई और रात को इंडिगो की मुंबई इससे रात को 9 बजे आने वाली फ्लाइट रात साढ़े 11 बजे बाद भोपाल पहुंची।

## न्यायालय ने पुलिस को दिए फुटेज पेश करने के आदेश

**भोपाल।** पुलिस थाना गांधी नगर को फरियादी के साथ थाने में मारपीट के मामले में स्टेटस रिपोर्ट और थाना परिसर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे के 28 दिसंबर 2023 के फुटेज सुरक्षित कर अगामी पेशी पर न्यायालय में पेश करने के आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भारत सिंह रघुवंशी ने दिए हैं।

फरियादी अब्दुल कलाम निवासी अब्बास नगर गांधी नगर का पड़ौसी अनीस भटियारे से झगड़ा हो गया था। फरियादी पुलिस थाना गांधी नगर में इसकी शिकायत लेकर पहुंचा तो थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों ने शिकायत सुनने के बजाए फरियादी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर उसका दायां हाथ तोड़ दिया।

## जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में 55 टेंडर वोट डाले गए

**भोपाल।** जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव में बुधवार और गुरुवार को मतदाता वकीलों ने 55 टेंडर वोट डाले। जिला अधिवक्ता संघ के इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों के 30 पदों के लिए 96 प्रत्याश चुनावी मैदान में हैं। 8 जनवरी को जिला अदालत परिसर में सुबह 8 बजे से शाम 5:30 बजे तकहोने वाले मतदान एवं अगले दिन होने वाली मतगणना के कार्य सौंपे जाने को लेकर मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी ने शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में चुनाव अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की है।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
### जोन क्र.-15, इन्द्रपुरी, चंद्रशेखर आजाद भवन

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्र.-272/जोन-15-23 भोपाल, दिनांक-04.01.2024

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल द्वारा रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर के भूखण्ड के सम्बंध में जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | भूखण्ड क्र. | आकार/साइज | मूल आवंटी का नाम पिता का नाम | जिसके नाम पर नामांतरण होना है का नाम/पिता का नाम | नामांतरण हेतु प्रस्तुत अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सी/एस-20 | 161.4 | श्री मोहम्मद इसरार आत्मज श्री असलम खां | श्री अभिनेश पांडे आत्म श्री शिव शिरोमनि पांडे | आवेदन पत्र एवं रजिस्ट्री |
| 2. | सी/एस-48 | 161.4 | श्री शफीक खान आत्मज श्री अब्दुल हामिद | श्री अंजीत सिंह राठौर आत्मज श्री राजेन्द्र सिंह राठौर | आवेदन पत्र एवं रजिस्ट्री |
| 3. | सी/एस-90 | 161.4 | श्री कमर खान आत्मज श्री बन्ने खान | श्री इरशाद अली आत्मज श्री मोहम्मद अली | आवेदन पत्र एवं रजिस्ट्री |
| 4. | ए-287 | 322.8 | श्री अकबर मोहम्मद खान आत्मज श्री साजिद मोहम्मद खान | श्री प्रेम नारायण आत्मज श्री भवरलाल, श्री प्रकाश कुमार आत्मज श्री बाला राम, श्री रामसेवक विश्वकर्मा आत्मज श्री महेश कुमार | आवेदन पत्र एवं रजिस्ट्री |

उपरोक्त विषय के सम्बंध में सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल की भूखण्ड क्र.-सी/एस-20, सी/एस-48, सी/एस-90, ए-278, स्थित रानी अवंतीबाई ट्रांसपोर्ट नगर वार्ड क्र.-62 रायसेन रोड भोपाल का नामांतरण प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं रजिस्ट्री के आधार पर किया जाना है, यदि उक्त नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति/बैंक/ संस्था आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर मय अभिलेखो सहित जोन कार्यालय क्र.-15/ वार्ड कार्यालय क्र.-62 में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है, नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

जोनल अधिकारी
जोन क्र. 15, नगर निगम भोपाल

सू.क्र. 1364/023/024


## जैकेट का शेष

### जाड़े में 'जकड़ा'...

जिलों में तेज बारिश का अनुमान है। अगले तीन दिन तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर संभागों के जिलों में कहीं कहीं पर, नर्मदापुरम, रीवा, सागर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई, जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहा। ग्वालियर में कोल्ड-डे रहा।

**4 दिन में भोपाल में दिन का तापमान 10.1 डिग्री तक लुढ़का:** पांच दिन से मौसम के सर्द होने से प्रदेश के अधिकतर जिलों में दिन के तापमान में भी खासी गिरावट हुई है। राजधानी में मौसम विभाग ने 9.5 मिमी बारिश दर्ज की। इधर, सुबह घना कोहरा रहा। सर्द हवाओं की वजह से ठिठुरन बढ़ गई। अकेले राजधानी में एक जनवरी को दिन का तापमान 26.8 डिग्री था, जो 4 जनवरी को 16.7 डिग्री पर पहुंच गया। इस तरह चार दिन में दिन का तापमान 10.1 डिग्री तक लुढ़क गया। शुक्रवार को भी दिन के तापमान में गिरावट हुई है। हालांकि, रात में गिरावट नहीं हुई है। तापमान 13 से 14 डिग्री के आसपास ही चल रहा है।

### सरकार अब वल्लभ...

होगा। विंध्य क्षेत्र अब विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादप शुक्रवार को रीवा के एनसीसी मैदान में 337 करोड़ 90 लाख रुपए के जनकल्याणकारी विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि शासन ने विकास कार्यों के विकेंद्रीकरण करने की व्यवस्था बनाई गई है। सरकार अब वल्लभ भवन से संभाग व जिले तथा घर-घर तक विकास ले जाएगी। हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। जनसभा स्थल एनसीसी मैदान में स्वास्थ्य, आयुष, वन, एसआरएलएम, महिला एवं बाल विकास, कृषि, खाद्य, उद्योग एवं व्यापार केंद्र, मत्स्य पालन, भू-अभिलेख एवं बैंकों की ओर से विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी आमजन को देने के उद्देश्य से आकर्षक व रूचिकर स्टाल लगाए गए थे। डॉ. यादव ने 337 करोड़ 90 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 40 सड़कों के निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने 11 करोड़ 36 लाख 40 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण भी किया। इनमें दो स्कूल भवन, केन्द्रीय जेल रीवा की आठ बैरकें तथा नगर निगम रीवा में सड़कों के सुधार एवं नाला निर्माण के 6 कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, सांसद सतना गणेश सिंह उपस्थित थे।

### रीवा के संभागायुक्त...

बनाया गया है। उन्हें शहडोल संभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। डाड के पास आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा संचालक घुमंतू और अर्धघुमंतू जनजाति अतिरिक्त प्रभार भी था।

### जूडा की हड़ताल को...

विभाग ने डॉ. अरुणा कुमार को पुनः विभागाध्यक्ष बनाए जाने का आदेश निरस्त कर दिया। जिसके बाद जूनियर डॉक्टर शुक्रवार को ड्यूटी पर लौट आए। गौर हो कि डॉ. अरुणा कुमार जूनियर डॉक्टर बाला सरस्वती सुसाइड मामले में प्रताड़ित करने की आरोपी हैं। दरअसल डॉ. अरुणा को बाला सरस्वती सुसाइड मामले में पांच अगस्त 2023 को हटाया गया था। 31 जुलाई को गांधी मेडिकल कालेज की जूनियर डाक्टर बाला सरस्वती ने खुदकुशी कर ली थी। उस वक्त वह गर्भवती भी थी। जूनियर डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन के बाद डॉ. अरुणा को विगत अगस्त में गायनी विभाग से हटाकर डीएमई अटैच किया गया था।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय....

वीडियो के साथ ही उन्होंने कैप्शन के तौर पर लिखा है- फिट इंदौर, फिट भारत। वीडियो में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी विजयवर्गीय के साथ व्यायाम करते नजर आ रहे हैं।

### अब तक 1 करोड़ से...

नई दिल्ली के भारत मंडपम, आईटीपीओ प्रगति मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में करीब 4000 लोगों को पीएम मोदी से संवाद करने का मौका मिल सकता है। पीपीसी 2024 के लिए 12 जनवरी, 2024 तक **mygov.in** पर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### परीक्षा पे चर्चा...

पोर्टल पर उनके उत्तरों के आधार पर चुना जाएगा। इन उम्मीदवारों को परीक्षा पे चर्चा की खास किट दी जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित एक किताब के साथ ही प्रमाण पत्र भी शामिल होगा।

### 'रामलला हम आएंगे...

समुदाय नाराज हो गया। नाराजगी जाहिर करने और बाबरी मस्जिद पर अपना हक कायम करने के लिए 1986 में बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी बना दी गई। वहीं, कोर्ट के आदेश पर ताला खुलने के बाद राम लला की पूजा भी शुरू हो गई। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद की ओर से राम जन्म भूमि के लिए आंदोलन चलता रहा। इसी साल यानी कि साल 1986 में उज्जैन में बजरंग दल का शिविर लगा था। उस शिविर में एम कॉम की पढ़ाई कर रहा राजगढ़ का एक शख्स सत्यनारायण मौर्य मौजूद था। शिविर के दौरान शाम को जब सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे थे, सत्यनारायण मौर्य ने एक नारा उछाला, राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। फिर क्या था। देखते ही देखते पूरी भीड़ इस नारे का उद्घोष करने लगी। धीरे-धीरे ये नारा राम जन्म भूमि आंदोलन का प्रतीक बन गया।

### श्री रामलला को टेंट...

को सेना ने अपनी सुरक्षा में ले लिया। मैंने श्रीराम पर आधारित स्वरचित गीतों की कई केसेट्स उस समय बनाई। राम-जन्मभूमि न्यास ने जो-जो कार्य दिए वह सभी करते गए। अब जिन पिलरों पर मंदिर खड़ा हो रहा है, उनमें से कई पिलर उस समय ही बनाए जाने शुरू कर दिए गए थे। मैंने खुद उन पिलरों पर छैनी- हथोड़े चलाए। कार सेवा के 7-8 महीने पहले मैं अयोध्या पहुंच गया था।

## पेज एक का शेष

### अरब सागर में ...

जनवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया था। जहाज के चालक दल की ओर से यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) पोर्टल पर संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना सक्रिय हुई। यूकेएमटीओ व्यापारिक जहाजों के लिए संपर्क और क्षेत्र में सैन्य बलों के साथ संपर्क के प्राथमिक बिंदु के रूप में कार्य करता है।

### भारतीय विमान ने शुक्रवार...

विमान ने शुक्रवार सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जहाज के साथ संपर्क स्थापित किया।

**भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्रवत देशों के साथः** नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक नौसेना के विमान समुद्री गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और आईएनएस चेन्नई लाइबेरियाई जहाज को सहायता देने के लिए पहुंच रहा है। पूरे क्षेत्र में अन्य एजेंसियों और बहुराष्ट्रीय बल के समन्वय से समग्र स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्रवत देशों के साथ क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**जहाज पर मौजूद सभी 21 चालक दल सुरक्षितः** उत्तरी अरब सागर में एमवी लीला नॉरफ़ॉक के अपहरण के प्रयास पर भारतीय नौसेना की त्वरित गति से कार्रवाई की। जहाज पर सवार सभी 21 चालक दल (15 भारतीयों सहित) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मार्को ने पूरे शिप पर तलाशी अभियान चलाया और इस दौरान उन्होंने वहां हाइजैकर्स के न होने की पुष्टि भी की। समुद्री लुटेरों ने शिप के अपहरण का प्रयास किया था, लेकिन संभव है कि जब नौसेना ने युद्धपोत से शिप छोड़ने की कड़ी चेतावनी दी तो वे उसे छोड़ गए थे।

### बंगाल में ईडी टीम...

हमले में दो अफसरों के सिर फूट गए। ताबड़तोड़ पत्थरबाजी से टीम की गाड़ियों के कांच फोड़ दिए गए। ईडी अधिकारी किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए अपने क्षतिग्रस्त वाहनों को वहीं छोड़कर ऑटो रिक्शा और दोपहिया वाहनों पर सवार होकर वहां से निकल गए। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले में प्रवर्तन निदेशालय के सदस्यों पर हमले को भयानक बताया। राज्यपाल ने घटना के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका को भी तलब किया। बोस ने राज्य सरकार को साफ चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वह सख्त कार्रवाई करे या फिर नतीजा भुगतने के लिए तैयार हो जाए। अब ईडी टीएमसी नेता की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट जाएगी.

**घोटालेबाज ज्योतिप्रिय मल्लिक करीबी है शेख शाहजहां:** शेख शाहजहां को राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी सहयोगी माना जाता है। ज्योतिप्रिय मल्लिक को करोड़ों रुपए के राशन वितरण के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

### ईडी टीम टीएमसी नेता ...

से भागना पड़ा। ईडी सूत्र का कहना है कि अब ऐसे में उन्हें हिरासत से बाहर रखकर मामले की जांच करना काफी मुश्किल हो रहा है। हमें छापेमारी और जांच करने के लिए उसे जल्द से जल्द हिरासत में लेने की जरूरत है। सूत्र का यह भी दावा है, संबंधित क्षेत्र में केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए अदालत में आवेदन किया जा सकता है ताकि कोई भी सबूत नष्ट न कर सके।

### खड़े ट्रक में घुसी...

के मुताबिक तड़के सुबह करीब साढ़े 3 बजे 11 बजे दुर्घटना हुई है। जानकारी अनुसार मंडला जिले के 9 लोग मछली पकड़ने के काम से बाणसागर के रामपुर गए हुए थे जहां से लौटते समय पिकअप चालक ड्राइवर और क्लीनर सहित 11 लोग सतना जिले के झुकेही पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिसमे ड्राइवर, क्लीनर सहित तीन लोगो की मौके पर ही मौत हो गई तो वही 6 वर्षीय मासूम सहित 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर कटनी और सतना पुलिस पहुंचकर 108 के माध्यम से कटनी जिला अस्पताल भेजा गया। जहां मृतकों शिव कारियाम, रोहित धुर्वे और छोटू बर्मन को शव परीक्षण के लिए मर्चुरी में रखवाया गया तो वही घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन यशवंत वर्मा ने बताया की झुकेही पास हुए सड़क हादसे में मृतक और घायल लोगों को कटनी जिला अस्पताल लाया गया है जिसमे बच्ची सहित 8 लोगों को भर्ती किया है। सभी को गंभीर चोट आई थीं, एक को जबलपुर रेफर किया गया है अन्य का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

### रांची के कोर्ट में ...

खोलने के लिए 2017 में महेंद्र सिंह धोनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, पर दिवाकर ने समझौते में बताई गई शर्तों का पालन नहीं किया। इस मामले में अरका स्पोर्ट्स को फ्रेंचाइजी का शुल्क भुगतान करना था। समझौते के तहत प्रॉफिट शेयर करना था, पर समझौते के सभी नियम और शर्तों की धज्जियां उड़ा दी गईं। इसकी वजह से उन्हें 15 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

**नोटिस के बाद भी कंपनी ने नहीं सुनी बात:** धोनी ने कंपनी को कई नोटिस भेजे, लेकिन कंपनी ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही लाभ में शेयर दिया। कंपनी से महेंद्र सिंह धोनी ने 15 अगस्त 2021 को करार खत्म कर लिया। धोनी ने क्रिकेट एकेडमी के लिए किए गए करार पर धोखा देने और आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में रांची के सिविल कोर्ट में केस किया है।

### भाजपा विधायक बोले ...

लोधी के बेटे दिनेश लोधी ने अपने विरोधी कुन्ना सिर्फ जान से करने का प्रयास किया था। इस दौरान दिनेश ने घर के बाहर खड़ी स्कूटर को भी अपनी चार पहिया वाहन से कुचल दिया था। इस घटना में वहां खड़े बच्चों को भी चोट आई थी। यह पूरा वाक्य सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हुआ था। फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी विधायक बेटे और उसकी चार पहिया वाहन को भी जब्त कर लिया था। इसके अलावा भी दिनेश पर धमकाने करने जैसे कई और भी मामले चल रहे हैं। दिनेश की हरकतों से तंग आकर विधायक ने अपने बेटे को पुलिस के हवाले कर दिया और उसपर सख्त कार्रवाई करने का आग्रह भी किया।

**बेटे को लेकर पुलिस के पास पहुंचे विधायक :** अपने बेटे को पुलिस के पास लेकर पहुंचे पिछोर विधायक प्रीतम लोधी ने कहा कि अपराध रोकने के लिए मेरे बेटे पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती और अपराधी का कोई रिश्ता भी नहीं होता। अपराधी, अपराधी होता है मेरे लड़के ने अपराध किया है, इसलिए मैं उसे स्वयं पुलिस के हवाले कर रहा हूं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मैं अपराध के विरोध में हूं और हमेशा रहूंगा।

### कहा- पूर्व मुख्यमंत्री...

इस बयान को शिवराज सिंह से जोड़ रही है। कांग्रेस के पीयूष बबेले का आरोप है कि मंत्री शिवराज सिंह को अपशब्द कह रहे हैं।

**नाथ के प्रपंच का आवरण हटाया : अग्रवाल:** वहीं, भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने इस पर पलटवार करते हुए ट्वीट किया कि कमलनाथ गए तो पटवारी के करीब आने के लिए नाथ की नाकामियों का ढिंढोरा पीटने में कसर नहीं छोड़ रहे। मंत्री दिलीप अहिरवार ने तो जो कहा वह कमलनाथ के लिए कहा। पूरा प्रदेश जानता है कि कमलनाथ तो चुनाव में अपने रटे-रटाए भाषणों में हर विधानसभा को गोद लेने का प्रपंच रच रहे थे। उसी प्रपंच के आवरण को मंत्री दिलीप अहिरवार ने हटाया है। बबेले कम से कम कमलनाथ को तो बख्श देते।


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | वैवाहिक विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9300009644



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु:** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर:** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म/प्लॉट 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸निवेश का सुनहरा मौका
▸डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸पूर्णत: विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू
प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कानबढ़ैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी



Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

स्वयं की वर्षों की रिसर्च 100% कारागर इलाज
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कबियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल




नाम परिवर्तन

!!!बिना किसी बडे निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर!!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/ फुलटाइम घर बैठे पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाएं (जरूरतमंद लोग कॉल/ Whatsapp करें) NOC-2150/- +91-8583047417

हरिभूमि ग्राम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/- 10X4
अन्य साईज में 40 Rs. sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।


## शब्द पहेली - 5386



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट,शर्ट-3
6. लाख,गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान,रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा,उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष,बरस-2
18. लय,स्वर-2
19. गदर,बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर,घमंड-4
24. राजा,सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ,फिजूल-3
28. चतुर्थ,चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत,जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर,थाती-4
15. तरंग,हिलोर-3
16. निरंकुश,मुंहजोर-4
17. किनारा,तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया,जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर,भगवान-2
28. प्रेम,लगन-2

**शब्द पहेली -5385 का हल**



## सूडोकु बवाल- 5396



## खबर संक्षेप

### टाटा पंच इलेक्ट्रिक लांच 21000 रु. में बुकिंग

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने फाइलनी अपने ग्राहकों के लिए पंच इलेक्ट्रिक का इंतजार खत्म कर दिया है। कंपनी ने नए साल में अपनी इस पॉपुलर माइक्रो एसयूवी की बुकिंग शुरू कर दी है। आप भी इस इलेक्ट्रिक कार को खरीदना चाहते हैं तब आप इसे बुक कर सकते हैं। इसके लिए आपको 21 हजार रुपए का टोकन अमाउंट देना होगा।



### मैरिंगो ने जागरुकता बढ़ाने की मुहिम शुरू की

**अहमदाबाद।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने सेहत से जुड़ी इस बड़ी समस्या की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल की टीम भारत में एकमात्र पूर्णकालिक टीमों में से एक है, जिनके पास इस क्षेत्र में व्यापक अनुभव और विशेषज्ञता है। साथ ही, इसे वर्तमान में पश्चिमी भारत की इकलौती ऐसी टीम होने का विशेष गौरव भी हासिल है। पार्किंसंस रोग एक न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार है, जिसका असर मुख्य रूप से मरीजों के चलने-फिरने से संबंधित गतिविधियों पर पड़ता है।

### एक्सिस बैंक ने विकलांगों को बनाया सशक्त

**मुंबई।** एक्सिस बैंक फाउंडेशन ने देश के अर्ध-शहरी और ग्रामीण इलाकों में विकलांग युवाओं को सशक्त बनाने उन्हें वहनीय आजीविका के अवसर हासिल करने में मदद करने के लिए प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में समर्पित प्रयास का एक दशक पूरा किया। यूथ4जॉब्स के सहयोग से एबीएफ ने 24000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कियाए जो मूक-बधिर थे, चलने-फिरने की विकलांगता और दृष्टि बाधा जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे थे।

### अडाणी ग्रुप ने ग्रैंडमास्टर प्रग्गनानंद का किया सपोर्ट

**अहमदाबाद।** भारत के उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर प्रग्गनानंद के कॅरियर को अडाणी ग्रुप के साथ से बढ़ावा मिलेगा। अदाणी ग्रुप खिलाड़ियों को सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि वे भारत को गौरव दिलाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहाकि हमें गतिशील प्रग्गनानंद का समर्थन करने पर बेहद गर्व है। जिस गति और दक्षता के साथ उन्होंने खेल में प्रगति की है, वह वास्तव में अद्भुत है और यकीनन सभी भारतीयों के लिए एक उदाहरण है।

## देश के रक्षा मंत्री आज करेंगे पतंजलि गुरुकुलम का शिलान्यास

# शिक्षा की क्रांति का बड़ा केंद्र होगा गुरुकुल ज्वालापुर: स्वामी रामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस, पतंजलि योगपीठ महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती एवं गुरुकुल के संस्थापक स्वामी दर्शनानंद की जयंती के अवसर पर पतंजलि योगपीठ परिवार विश्व के श्रेष्ठतम तथा विशालतम गुरुकुल पतंजलि गुरुकुलम का शिलान्यास करने जा रहा है। इसकी सूचना आज प्रेसवार्ता के दौरान स्वामी रामदेव जी महाराज ने दी। उन्होंने कहा कि स्वामी दर्शनानंद द्वारा 8 वर्ष पूर्व 3 बीघा भूमि, 3 ब्रह्मचारी तथा 3 चवन्नी से प्रारंभ गुरुकुल का नाम हमने स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर रखा है जो शिक्षा की क्रांति का बड़ा केंद्र होगा।



### कई राजनेता और संत-महात्मा होंगे उपस्थित

महाराज ने कहाकि गुरुकुल ज्वालापुर की भूमि से एक नया इतिहास, नया कीर्तिमान रचा जाएगा। इस गुरुकुल का शिलान्यास देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे तथा इस भव्य कार्यक्रम में उत्तराखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, एमिटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ.अशोक चौहान सहित आर्य समाज के लगभग सभी विद्वान, विभिन्न गणमान्य, भजनोपदेशक और संन्यासी महापुरुष, हरिद्वार के सभी पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर और संत महात्मा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यहां से तीन बड़े प्रकल्प संचालित होंगे, जिसमें पहला लगभग 250 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला 7 मंजिला भव्य पतंजलि गुरुकुलम होगा। इस गुरुकुल में लगभग 1500 विद्यार्थियों की आवासीय व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त यहाँ लगभग 250 करोड़ की लागत से आचार्यकुलम की शाखा स्थापित कौ जाएगी जिसमें लगभग 5000 बच्चे डे-बोर्डिंग का लाभ ले सकेंगे। साथ ही यहां महर्षि दयानंद अतिथि भवन बनाने की भी योजना है।

### पांच भाषाओं का बोध पतंजलि गुरुकुलम के बच्चों को होगा

स्वामी ने कहा कि यहां श्रेष्ठठम आधुनिक शिक्षा और श्रेष्ठतम प्राच्य विद्या दोनों का संगम होगा। हिन्दी अंग्रेजी संस्कृत से लेकर कम से कम विश्व की 5 भाषाओं का बोध पतंजलि गुरुकुलम व आचार्यकुलम के बच्चों को होगा। उन्होंने कहा कि चौहान समाज के लोगों ने गुरुकुल की सुरक्षा करने में बड़ी भूमिका अदा की है, अतः यहां सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

### कार्यक्रम में ये मौजूद होंगे

*कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण महाराज, पतंजलि ग्रामोद्योग के महामंत्री डॉ.यशदेव शास्त्री, पतंजलि फूड्स लि.के एमडी रामभरत, पतंजलि विश्वविद्यालय की कूलानुशासिका साध्वी देवप्रिया, आचार्यकुलम की उपाध्यक्षाऋतम्भरा, क्रय समिति की अध्यक्षा अंशुल, संप्रेषण विभाग प्रमुख पारूल, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह, पतंजलि योग समिति के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश भारत व स्वामी परमार्थदेव, पतंजलि योगपीठ के मुख्य महाप्रबंधक ब्रिगेडियर टीसी मल्होत्रा, उपाध्यक्ष-प्रोजेक्ट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर शिवा प्रसाद गौरू, अनिल गोयल,क्षेत्रपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।*

## एडवांस मेडिकल सुविधाओं से 'स्वस्थ्य' हो रहा भोपाल

# अपोलो सेज हॉस्पिटल्स में मिल रहीं आधुनिकतम हेल्थ केयर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के किसी भी नागरिक को किसी भी प्रकार के इलाज के लिए दूसरे राज्य जाकर इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। हर मरीज को उचित समय व उचित मूल्य पर आधुनिकतम मेडिकल सुविधा शहर में ही मिले। हर परिवार स्वस्थ रहे, इसी संकल्प के साथ सेज ग्रुप के सीएमडी इंजी संजीव अग्रवाल ने विश्वस्तरीय हेल्थ केयर सेंटर अपोलो सेज हॉस्पिटल्स की सौगात भोपाल शहर को दी।

सेंटर अपोलो सेज हॉस्पिटल्स आज शहर का पहला कॉर्पोरेट हॉस्पिटल बन गया है। अपोलो सेज हॉस्पिटल में हर तरह की इमरजेंसी सेवा के लिए 24x7 तत्पर है। किसी भी प्रकार के कार्डियक, स्ट्रोक या इमरजेंसी में सही समय पर सही परामर्श नहीं मिल पाने से मरीज या तो दम तोड़ देता था या फिर शहर के बहार किसी दूसरे शहर या राज्य में एडवांस ट्रीटमेंट / सर्जरी के लिए जाना पड़ता था जो मरीज व उसके परिवार के लिए आर्थिक रूप से भरी पड़ता था। एक सामान्य या गरीब परिवार दूसरे शहर जाकर महंगा इलाज करने में खुद को अक्षम पाता। शहर को कार्डियक, न्यूरो, स्ट्रोक व किसी भी मेडिकल इमरजेंसी के लिए शहर को एक आधुनिकतम मेडिकल सेंटर की जरुरत रही है, जिसकी पूर्ति अपोलो सेज हॉस्पिटल्स के आने से पूरी हुई। देश के वरिष्ठ व विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम, वर्ल्ड क्लास हेल्थ इंफ्रा, एडवांस मेडिकल टेक्नोलॉजी व मशीन, मेडिकल सर्विसेज के आने से भोपाल शहर व प्रदेश की जनता में राहत है कि अब उनकी स्वास्थ सम्बन्धी सभी बीमारी का इलाज शहर में मिल सकेगा।

मध्य भारत के बेहतरीन न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ और पुनर्वास विशेषज्ञ की एक समर्पित टीम 24×7 सेवा के लिए तत्पर रहती है। स्ट्रोक यूनिट 128 स्लाइस सीटी स्कैन और 1.5टी पूरी तरह से डिजिटल और हीलियम-मुक्त एमआरआई मशीन से लैस है। स्ट्रोक टीम को तीव्र स्ट्रोक के रोगियों के लिए थ्रोम्बोलाइटिक थेरेपी (थक्का-घुलने वाली दवाएं) और मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी (कैथेटर-आधारित डिवाइस के साथ थक्के को हटाना) प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।





### देश के अनुभवी डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की टीम

ई-8 एक्सटेंशन, अरेरा कॉलोनी भोपाल स्थित अपोलो सेज हॉस्पिटल्स भोपाल का पहला विश्वस्तरीय एनएबीएच मान्यता प्राप्त कॉर्पोरेट हॉस्पिटल होगा। अपोलो सेज हॉस्पिटल्स में हॉस्पिटल में 30 से अधिक हेल्थ केयर सुविधाएं, 100 से भी अधिक क्रिटिकल केयर बेड , 9 अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर व भारत की सबसे एडवांस एमआरआई व सीटी स्कैन मशीन, एडवांस पैथोलॉजी सुविधाओं के साथ देश की अनुभवी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ की टीम है।

### हजारों मरीज ले चुक हैं हॉस्पिटल की सेवाओं का लाभ

अब हजारों मरीज हॉस्पिटल की सेवाओं का लाभ ले स्वस्थ हो चुके है। सेज ग्रुप के प्रदेशभर में 15 सेज इनफार्मेशन सेंटर है इन सेंटर्स से भी मरीज को परामर्श की सुविधा दी जा रही है। अपोलो सेज हॉस्पिटल्स में बीमा धारक मरीजों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

### प्रमुख उद्देश्य

शहर और प्रदेशभर में कई सरकारी, प्राइवेट हॉस्पिटल, नर्सिंग सेंटर, डॉक्टर्स प्रदेश की जनता को स्वस्थ रखने के लिए अपनी सेवाएं दे रहे है। बढ़ती जनसंख्या, रोग के बढ़ते प्रकार व उनकी जटिलता, एक्सपर्ट्स की कमी, उपचार में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण भोपाल शहर से मरीज दूसरे शहरों में उपचार के लिए जाने लगे। कोविड के दौरान भी शहर में विशेषज्ञ डॉक्टर्स व एडवांस हेल्थ केयर सुविधाओं की कमी देखने को मिली।

### बैरागढ़ व कोटरा क्षेत्र में ओपीडी क्लीनिक शुरू

भोपाल शहर व प्रदेश की जनता को सटीक व सही उपचार देने के अपने संकल्प को ध्यान में रखते हुए कई चिकित्सा केंद्र व क्लिनिक खोले गए है। भोपाल शहर के व्यस्तम होशंगाबाद रोड जहाँ सब से अधिक दुर्घटना होती है , अपोलो सेज हॉस्पिटल्स ने होशंगाबाद रोड मिसरोद के पास आधुनिक आकस्मिक चिकित्सा व परामर्श केंद्र शुरू किया है। जिससे लोगो को समय रहते इलाज मिल सके। मरीजों को परेशान न होना पड़े इस उद्देश्य से अपोलो सेज हॉस्पिटल्स ने भोपाल शहर में बैरागढ़ , कोटरा क्षेत्र में ओपीडी क्लीनिक शुरू की है। इसके अलावा सीहोर, विदिशा, सागर, गुना, होशंगाबाद में भी ओपीडी क्लिनिक / कैंप के माध्यम से हॉस्पिटल के डॉक्टर्स अपनी सेवाएं दे रहे है। परामर्श व इलाज में मिलती सुविधा को देख लोगो में प्रसन्ता है।

## खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन की प्रगति को मिली गति

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कर रहे हैं योजना की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

नई लाइन होगी क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास की उत्प्रेरक उन्नत स्वास्थ्य और शिक्षा सेवा होगी क्षेत्र के लोगों के लिए सुलभ भुवनेश्वर, ओडिशा राज्य में रेल संपर्क और समृद्धि को पुनः परिभाषित करने वाली जन केंद्रित खोरधा रोड-बलांगीर रेल परियोजना के विकास में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों का सामना कर रही खोरधा रोड जंक्शन को बलांगीर से जोड़ने वाली 301 किलोमीटर लंबी यह जीवनरेखा, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेलवे के संपूर्ण विकास के दृष्टिकोण के तहत बाधाओं को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के लगातार प्रयासों के कारण, बाधाएं दूर हो रही हैं, और परियोजना अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है। भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और भौगोलिक चुनौतियों जैसे मुद्दों के कारण चुनौतियों का सामना करने के बाद, यह परियोजना अब तेजी से पूरा होने की राह पर है। कुल 301 किमी लंबी परियोजना में से 153 किमी की दूरी तक रेल लाइन बिछाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है, जिसमें खोरधा रोड से दशपल्ला तक लगभग 106 किमी और बलांगीर से सोनपुर तक 47 किमी शामिल है। यह प्रगति, क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने के लिए रेल मंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2009 और 2014 के बीच औसत वार्षिक आवंटन 838 करोड़ रुपए की तुलना में ओडिशा के लिए इस वर्ष 10,012 करोड़ रुपए की विकास राशि आबंटित की गई, जो कि लगभग 12 गुना अधिक है। यह भारत सरकार के पूर्वोदय से भारत के विकास के मिशन को रेखांकित करता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओडिशा में रेलवे परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए न सिर्फ अधिकारियों को निरंतर निर्देश दे रहे हैं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से रेल योजनाओं प्रगति की निगरानी भी कर रहे हैं। 2022-23 में ओडिशा में उल्लेखनीय 459 किलोमीटर रेल लाइनें चालू की गईं, जो 2009 से 2014 की अवधि की तुलना में आठ गुना से अधिक उपलब्धि को दर्शाता है। इस वर्ष 500 किलोमीटर से अधिक रेल लाइनें चालू होने का अनुमान है।

### एक उज्जवल भविष्य की शुरुआत

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 6 जनवरी 2024 को नुआगांव रोड- दशपल्ला रेलवे लाइन, दशपल्ला स्टेशन भवन का उद्घाटन करेंगे और दशपल्ला तक ट्रेन सेवाओं के विस्तार को हरी झंडी दिखाएंगे। यह महत्वपूर्ण अवसर न केवल एक रेल लाइन के उद्घाटन का प्रतीक है, बल्कि जिन क्षेत्रों से होकर यह गुजरती हैं, उनके लिए एक उज्जवल भविष्य की शुरुआत भी है। दशपल्ला तक रेल सेवाओं का विस्तार क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए एक उत्प्रेरक होगा।

## बिजनेस न्यूज

### अजीम प्रेमजी विवि भोपाल में भारतीय संविधान पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन



**भोपाल।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय भोपाल हम भारत के लोग भारतीय संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी (क्विज) का आयोजन 18 जनवरी 2024 को सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक करने जा रहा है। हम मध्य प्रदेश के सभी उच्च माध्यमिक और ग्रैज्युएशन के विद्यार्थियों को इस प्रश्नोत्तरी के पहले संस्करण में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। यह प्रश्नोत्तरी भारतीय संविधान, शासन, राजनीति, कानून और समसामयिक मुद्दों पर आधारित होगी। मध्य प्रदेश के किसी भी स्कूल या कॉलेज में 11वीं, 12वीं या ग्रैज्युएशन में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी इस प्रश्नोत्तरी में भाग ले सकते हैं। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 10 जनवरी से पहले रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

### आईआईएल के प्रबंध निदेशक डॉ. के आनंद को मिला व्यावसायिक उत्कृष्टता पुरस्कार



**नई दिल्ली।** इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड (आईआईएल) के प्रबंध निदेशक डॉ. के आनंद कुमार को तमिलनाडु में रोटरी क्लब ऑफ पोलाच द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में 'वोकेशनल एक्सेलेंस अवॉर्ड 2023-24 से सम्मानित किया गया है। डॉ.के आनंद कुमार अब के सिवन, इसरो और डॉ.एम अन्नादुराई, इसरो जैसी कुछ दिग्गज हस्तियों में शामिल हो गए हैं जिन्हे यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पहले दिया गया था। डॉ.के आनंद कुमार ने टीकों और बायोसिमिलर के उत्पादन में भारत की विशेषज्ञता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि महत्वपूर्ण जैविक उपचार दोनों, भारत और विदेशों, में रोगियों के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो ।

### श्री सीमेंट ने किया 'बांगुर' को मास्टर ब्रांड के रूप में लांच



**नई दिल्ली।** सीमेंट निर्माताओं में से एक श्री सीमेंट लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट ब्राण्ड पहचान में बड़ा बदलाव लाते हुए मल्टीपल ब्राण्ड पेशकश 'बांगुर' को मास्टर ब्राण्ड के रूप में लांच किया है। बांगुर के रूप में ब्रांड की नई पहचान उपभोक्ताओं की जरूरतों एवं राष्ट्र की महत्वाकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए बिल्ड स्मार्ट के मूल दृष्टिकोण पर आधारित है।
बांगुर मास्टर ब्रांड का अनावरण जाने-माने बॉलीवुड अभिनेता श्री सनी देओल के साथ एक नए विज्ञापन के साथ किया गया, जिन्हें कंपनी ने ब्राण्ड एंबेसडर बनाया है।

### भोपाल उत्सव मेले में आज कवि सम्मेलन

**भोपाल।** न्यूमार्केट टीटी नगर, दशहरा मैदान भोपाल में चल रहे भोपाल मेले के सांस्कृतिक सभागार में शनिवार 6 जनवरी को रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। देश के प्रसिद्ध कवि डॉ. मदन मोहन 'समर', डॉ. अनु सपन, अशोक चारण, हेमंत पांडे, मुन्ना बैट्री, दीपक शुक्ला 'दनादन' श्रोताओं के बीच अपनी कविताऐं प्रस्तुत करेगें ।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 2023/अ-6/2023-24

::: उदघोषणा पत्र ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक प्रमोद कुमार यादव आत्मज सुन्दर लाल यादव निवासी-209/S-2 गीत अपार्टमेंट तृतीय, कल्पना नगर भोपाल ने म.प्र.भू.रा. सहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गतआवेदन प्रस्तुत कर ग्राम बागसेवनिया स्थित भूमि खसरा 253, 254, 78.06 वर्गमीटर , प्लाट क्र. 66,67 का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 19/01/2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उदघोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/01/2024 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील कोलार जिला भोपाल

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**कार्यालय कलेक्टर (जिला शिक्षा केन्द्र) बैतूल**

क्र./जिशिके/स्थापान/2023/1048 बैतूल, दिनांक -04.01.2024

-:: संशोधित विज्ञापन ::-

सामग्र शिक्षा अभियान, जिला शिक्षा केन्द्र, बैतूल हेतु एक वाहन (एक वर्ष) की अवधि के लिये एवं 1 अतिरिक्त पुल वाहन 8 माह हेतु मासिक/दैनिक दरों से किराये पर बोलेरो 7 सीटर/स्कारपियों (डीजल) फुल लोडेड वाहन जो टैक्सी परमिट हो, 02 वर्ष से अधिक पुराना न हो, उपलब्ध कराये जाने के लिये दरें आमंत्रित किये जाने हेतु विज्ञप्ति क्र जी-21766/23 की गई थी। उक्त निविदा भरी जाने की अंतिम तिथि सात दिवस की अवधि के लिये बढाई गई है। निविदा हेतु शर्ते एंव नियम यथावत रहेगें। विस्तृत विवरण पोर्टल https://mptenders.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है।

जी-22598/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है ।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र बैतूल

**पश्चिम मध्य रेल**

No.: C/BPL/e-auction/Dec/2023, Date: 04.01.2024

पार्किंग स्टैंड/Leasing/Advt. के अनुबंध के लिए ई-नीलामी

भोपाल मण्डल के पार्किंग स्टैंड के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नानुसार है :

Catalogue No.: C-BPL-PAR-DEC-2. Type of contract: Parking. Lot No.: PARKING-BPL-ET-MX-13-23-1 (Parking - Mixed at Itarsi Station). Contract Period: 3 years. Lot No.: PARKING-BPL-KKN-MX-10-22-2 (Parking - Mixed at Khirkiya Station). Contract Period: 3 years. Lot No.: PARKING-BPL-BPL-MX-32-23-1 (Parking - Mixed at Bhopal Station). Contract Period: 5 years. Lot No.: PARKING-BPL-SVPI-MX-25-22-1 (Parking - Mixed at Shivpuri Station). Contract Period: 3 years. Lot No.: PARKING-BPL-RTA-MX-26-22-1 (Parking - Mixed at Ruthiyai Station). Contract Period: 3 years. Date and Time of start of e-auction for all lots: 15.01.2024 at 12.00 Hrs.

Catalogue No.: Leasing-BPL-Dec. Type of contract: Leasing. Lot No.: AA/1 to AA/18, 18 lease SLRs (Parcel-SLR). Contract Period: 2 years. Date and Time of start of e-auction for all lots: 08.01.2024 at 11.00 Hrs.

Catalogue No.: Leasing-BPL-Dec-3. Type of contract: Leasing. Lot No.: AA/1 to AA/13, 13 lease SLRs (Parcel-SLR). Contract Period: 2 years. Date and Time of start of e-auction for all lots: 15.01.2024 at 11.00 Hrs.

Catalogue No.: ADVT-BPL-Dec-23. Type of contract: ADVT. Lot No.: AA/1 to AA/6, 6 ADVT-BPL-VW. Contract Period: 3 years. Date and Time of start of e-auction for all lots: 08.01.2024 at 11.00 Hrs.

प्रतिभागी ई-नीलामी के माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाकर ई-नीलामी की मानक शर्तों और लॉट की विशेष शर्तों के विवरण के लिए जा सकते है।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक, कृते मण्डल रेल प्रबंधक/भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल
Mobile No. : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/05/पर्य/भोपाल-02/तशा/24 भोपाल, दि. 02.01.24

प्रेस विज्ञप्ति

''महिला बैरक होमगार्ड का निर्माण कार्य जिला-राजगढ़, (म.प्र.) के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-18/2023-24 ऑनलाइन निविदा क्रमांक- MPPHCL/TENDER No. - 2024_MPPHC_323653_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.01.2024 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/113109/2024 परियोजना यंत्री

**रूपीक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड**

45/बी, शुभम कांप्लेक्स, पहला ए मेन, जे पी नगर तीसरा फेज,, बेंगलुरु - 560 078

सोने की नीलामी की सूचना

उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणों के संबंध में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी देय राशि का भुगतान न किए जाने के कारण की जाएगी।नीलामी **17/01/2024** को एक ऑनलाइन पोर्टल **https://gold.samil.in** के माध्यम से आयोजित करने का प्रस्ताव है। यदि किसी भी कारण से ऊपर उल्लिखित तिथि पर ई-नीलामी नहीं हो पाती है, तो गिरवी रखे गए आभूषणों की किसी भी या सभी वस्तुओं के संबंध में, रुपीक किसी भी आगामी तारीख/दिनों को बिना किसी सूचना के वस्तुओं की ई-नीलामी/निजी बिक्री आयोजित करेगा

ऋण की सूची (LOS ID)

**12004083, 12004051**

उपर्युक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को भागीदारी से पहले ईएमडी जमा करना जरूरी है और भाग लेते समय वैध आईडी कार्ड और पैन कार्ड लाना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - 1800 419 8000

अधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज रूपीक कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा

निम्नलिखित कार्यों के ई-निविदाएं भारत संघ के राष्ट्रपति के नाम में उप. मुख्य अभियंता/गति शक्ति यूनिट जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक:** सीपीएम-जीएसयू-जबल-18-2023, दिनांक 15.12.2023. कार्य का नाम लोकेशन सहित: पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के जबलपुर-इटारसी खंड पर किमी संख्या 847/24-26 पर एलसी नंबर 251 पर आरओबी का निर्माण। कार्य का अनुमानित मूल्य: ₹ 7,70,55,542.09, बयाना राशि: ₹ 5,35,300/-, निविदा बन्द होने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.00 बजे तक): 12.01.2024. निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.15 बजे): 12.01.2024. **निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक:** सीपीएम-जीएसयू-जबल-19-2023, दिनांक 15.12.2023. कार्य का नाम लोकेशन सहित: पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के जबलपुर-इटारसी खंड पर किमी 858/2-4 पर एलसी नंबर 257 पर आरओबी का निर्माण। कार्य का अनुमानित मूल्य: ₹ 7,47,83,229.30. बयाना राशि: ₹ 5,23,900/-. निविदा बन्द होने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.00 बजे तक): 12.01.2024. निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.15 बजे): 12.01.2024. **निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक:** सीपीएम-जीएसयू-जबल-20-2023, दिनांक 15.12.2023. कार्य का नाम लोकेशन सहित: पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के जबलपुर-इटारसी खंड पर किमी 954/1-3 पर एलसी नंबर 299 पर आरओबी का निर्माण। कार्य का अनुमानित मूल्य: ₹ 7,51,81,330.49. बयाना राशि: ₹ 5,25,900/-. निविदा बन्द होने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.00 बजे तक): 15.01.2024. निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.15 बजे): 15.01.2024. **उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए:** समापन अवधि: 18 माह प्रत्येक। उपरोक्त ई-निविदाओं की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्यों के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

चिंतन

# समुद्र में सुरक्षा चुनौतियों से पार पाना ही होगा

समंदर में सुरक्षा की नई चुनौतियां भारत के सामने उभरी हैं। अभी तक हिंद व प्रशांत सागरीय क्षेत्र में भारत को चीनी बाधाओं से जूझना पड़ रहा था, लेकिन अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भी भारत को अपने मालवाहक जहाजों की सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। अब अरब सागर में सोमालिया के पास भारतीय जहाज को हाईजैक कर लिया गया है। समुद्री लुटेरे ने इसे अंजाम दिया है। अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन यह काम सोमालियाई समुद्री लुटेरे की बजाय लाइबेरिया के प्रतिबंधित आतंकी गुट हुती विद्रोहियों का लगता है। अभी कुछ दिन पहले ही भारतीय मालवाहक जहाज पर अरब सागर में ड्रोन से हमला किया गया था। उसमें भी हुती का नाम आया था। 19 नवंबर को भी हुती विद्रोहियों ने लाल सागर से एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाइजैक कर लिया था। इजराइल व हमास के बीच जारी जंग के बाद से भारत हुती के निशाने पर है। भारत बेशक समुद्र में अपनी सुरक्षा करने में सक्षम है, लेकिन नए खतरों से मजबूती से निपटना जरूरी है। समुद्र में भारतीय जहाजों को महफूज रखना आवश्यक है। भारत उभरती हुई आर्थिक व सामरिक ताकत है, भारत का 70 फीसदी से अधिक कारोबार समुद्री रास्तों से होता है। तेल का आयात व निर्यात भी भारत समुद्री रास्तों से करता है। इसके अलावा कई देशों को दवा व अनाज की सहायता भी भारत समंदर से ही भेजता है। इसलिए मुट्ठी भर आतंकी ताकतों की ओर से उत्पन्न किए जा रहे खतरों से कड़ाई से निपटना होगा। अरब और लाल सागर में इन दिनों मर्चेंट वेसल पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। 1990 में सोमालिया में शुरू सिविल वार के बाद से लोग समुद्री लुटेरे बने हुए हैं। समुद्री सुरक्षा से जुड़ी भारत की एजेंसियां, आतंकवाद के ख़तरे पर बहुत ज़्यादा ज़ोर देती हैं। इसके चलते वो इंसानों की तस्करी, अवैध रूप से मछली मारने, जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए संकटों, लूट, डकैती और समुद्री प्रदूषण जैसी ग़ैर पारंपरिक चुनौतियों पर बहुत कम ज़ोर देती हैं। समुद्री सुरक्षा की कोई सार्वभौमिक परिभाषा नहीं है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री पर्यावरण, आर्थिक विकास और मानव सुरक्षा सहित समुद्री क्षेत्र के मुद्दों को समाहित करता है। समुद्र में लूट, डकैती, फिरौती, आतंकी हमले, हाईजैक, पर्यावरण को नुकसान, मानव तस्करी आदि के रूप में खतरे विद्यमान हैं। प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, समुद्री क्षेत्र में भौतिक खतरों के स्थान पर तकनीकी खतरों ने भी ले लिया है। भारत के लिए समुद्री सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है, हमारी तटरेखा 7,000 किमी. से अधिक है। वर्तमान में भारत की तटीय सुरक्षा त्रिस्तरीय संरचना द्वारा नियंत्रित है। भारतीय नौसेना अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर गश्त करती है, जबकि भारतीय तटरक्षक बल को 200 समुद्री मील (यानी विशेष आर्थिक क्षेत्र) तक गश्त और निगरानी करना अनिवार्य है। राज्य तटीय/समुद्री पुलिस उथले तटीय क्षेत्रों में गश्त करती है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि), 1982 के अनुसार, सभी देशों के अधिकारों का सम्मान करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को बार-बार दोहराया है। भारत को समुद्री बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना होगा। चीन समेत तमाम बाधाओं से पार पाना होगा। ग्लोबल साउथ में भारत को एक नौसैन्य ताकत बनना होगा।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# इस वर्ष ई-कॉमर्स पकड़ेगी रफ्तार

भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इस साल ईकॉमर्स तेजी से बढ़ेगा।

यकीनन पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई ऑनलाइन खरीदी और ई-कॉमर्स में वृद्धि के मद्देनजर भारत सबसे आगे है। कोई दो-ढ़ाई दशक पहले भारत में जो ऑनलाइन खरीदी उच्च वर्ग तक सीमित थी, आज उससे आम आदमी भी लाभांवित हो रहा है। ऑनलाइन उत्पादों के कैटलॉग चेक करके मन पसंद वस्तुओं की एक क्लिक पर वापसी की सुविधा के साथ घर के दरवाजे पर डिलिवरी का चमकीला लाभप्रद बाजार ई-कॉमर्स की देन है। अब नए वर्ष 2024 में केंद्र सरकार भारत में ई-कॉमर्स बाजार के करोड़ों ग्राहकों के अधिक उपभोक्ता हितों का ध्यान रखते हुए ई-कॉमर्स को बढ़ाते हुए दिखाई देगी।

भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित्त मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यद्यपि ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है लेकिन यह देश के कुल बाजार का 5-6 फीसदी ही है। अभी भी देश का 94-95 फीसदी बाजार ऑफलाइन ही है, जबकि अमेरिका में 23-24 फीसदी और चीन में करीब 35 फीसदी से अधिक ऑनलाइन कारोबार है। इससे देश में ई-कॉमर्स के बढ़ने की बड़े स्तर पर संभावनाएँ हैं।

अभी हाल ही में सरकार के द्वारा लिए दो अहम निर्णयों से ई कॉमर्स को रफ्तार मिलेगी। इन निर्णयों में एक निर्णय निर्यात को बढ़ाने वाली निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीआईपी) का फायदा ई-कॉमर्स निर्यातक इकाइयों को भी मिलेगा। इसके तहत निर्यातकों को लागत पर आने वाले गैर क्रेडिट योग्य केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शुल्क वापस लिए जाते हैं। सरकार का दूसरा बड़ा निर्णय यह है कि वह देश में ई-कॉमर्स की भारी देश के करोडों उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा ई-कॉमर्स कंपनियों एवं देश के उद्योग-कारोबार से संबंधित विभिन्न पक्षों के बीच समन्वय हेतु व्यापक विचार-विमर्श से ई-कॉमर्स नीति को शीघ्र ही मूर्तरूप देने की डगर पर आगे बढ़ रही है।

इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन से निर्मित हुई ऑनलाइन खरीदारी देश के कोने-कोने में करोड़ों उपभोक्ताओं की आदत और व्यवहार का अभिन्न अंग बन गई है। देश में डिजिटलीकरण, स्मार्ट फोन की बढ़ती पहुँच, कम डेटा कीमतें, ऑनलाइन बुनियादी ढांचे की तेज वृद्धि,लोगों की बढ़ती क्रय शक्ति डिजिटल भुगतान, हाइपर-लोकल लॉजिस्टिक्स, प्रौद्योगिकी-सक्षम नवाचार से संबंधित ग्राहक जुड़ाव, डिजिटल विज्ञापन,सरकार के द्वारा



संबंधी लाइसेंस प्रक्रिया का युक्तिकरण, डिजिटल कॉमर्स के लिए एक खुले नेटवर्क की स्थापना, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और इनोवेशन फंड जैसे कार्यक्रमों से भी ई-कॉमर्स तेजी से विस्तारित हुआ है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजरों की संख्या 2022 में करीब 75.9 करोड़ थी, जो 2025 तक करीब 90 करोड़ होने का अनुमान है। इंटरनेट का उपयोग शहरों से ज्यादा गांवों में होने लगा है। वर्ष 2022 में भारत में 20 करोड़ से अधिक लोगों ने ऑनलाइन कुछ न कुछ खरीदा है। ई-कॉमर्स ने भारत में व्यापार और उपभोग का मिजाज बदला दिया है। बड़े शहरों की तुलना में टियर-2 व टियर-3 मझौले व छोटे शहरों में ई-कॉमर्स अधिक बढ़ा है। ई-कॉमर्स से होने वाले कुल कारोबार में टियर-1 (बड़े शहर) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 में 44.3 प्रतिशत रही। टियर-2 शहरों में यह हिस्सेदारी 37.1 प्रतिशत तो टियर-3 में 18.6 प्रतिशत की रही। किराना बाजार को छोड़ दिया जाए तो अन्य प्रकार की वस्तुओं की करीब 25 प्रतिशत बिक्री अब ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से होने लगी है। इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा घरों की सजावट, हेल्थ व फार्मा जैसे सेक्टर में ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से अधिक खरीदारी हो रही है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर एफएमसीजी, कृषि, फैशन व गारमेंट्स, सौंदर्य प्रसाधन से जुड़े उत्पादों की बिक्री में तेजी आई है।

जिस तरह देश में घरेलू स्तर पर ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है, उसी तरह भारत का ई-कॉमर्स निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के द्वारा हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक अगले 6 से 7 साल में भारत का ई-कॉमर्स निर्यात बढ़कर 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो अभी करीब महज 1.2 अरब डॉलर है। डीजीएफटी ने ई-कॉमर्स निर्यात आसान बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स सेवा प्लेटफॉर्म प्रदाता, अंतरराष्ट्रीय भुगतान व्यवस्था नियामक एजेंसियां जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, राजस्व विभाग के बीच अच्छे समन्वय और तालमेल का काम किया है, उससे ई-कॉमर्स निर्यात तेजी से बढ़ रहे हैं।

भारत में ई-कॉमर्स सेक्टर में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़े हैं। पिछले पांच साल में ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र में ई-कॉमर्स में करीब 23 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। ई-कॉमर्स में विदेशी निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मॉडल में स्वचालित मार्ग के तहत एफडीआई की सीमा को 100 फीसदीकी अनुमति है। बिजनेस टू बिजनेस (बी-2 बी) ई-कॉमर्स तथा खाद्य खुदरा कंपनियों के द्वारा सरकारी अनुमित मार्ग के तहत भी 100 फीसदी विदेशी निवेश की अनुमति हैं। ई-कॉमर्स वित्तपोषण, प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण के साधन प्रदान करके भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सीधे लाभान्वित कर रहा है। ऐसे में भारतीय ई-कॉमर्स सेक्टर बढ़ रहा है।

सरकार करोड़ों ई-कॉमर्स उपभोक्ताओं और ई-कॉमर्स कंपनियों और देश के उद्योग-कारोबार के बीच समन्वय स्थापित करने के मद्देनजर नई ई-कॉमर्स नीति को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देगी। नई ई-कॉमर्स नीति के तहत सरकार का दायित्व है कि ई-कॉमर्स से देश की विकास आकांक्षाएं पूरी हों तथा बाजार भी विफलता और विसंगति से बचा रहे। नई ई-कॉमर्स नीति में ई-कॉमर्स बाजार में उपभोक्ताओं के हितों और उत्पादों की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए भी प्रभावी पहल सुनिश्चित करनी होगी। मजबूत कानूनी ढांचे व उपभोक्ता संरक्षण उपायों को भी ध्यान में रखना होगा। सरकार द्वारा नई ई-कॉमर्स नीति के तहत ऐसी बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनियों पर नियंत्रण करना होगा जिन्होंने भारत को अपने उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बना दिया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
डॉ. रमेश ठाकुर




# मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार का प्रवेश!

भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल चौतरफा घिर गए हैं। अब नए मुसिबत उनके गले पड़ गई है। 'मोहल्ला क्लीनिक' योजना पर लगे फर्जीवाडे. के आरोप ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कट्टर ईमानदार वाली छवि पर एक बार फिर बड़ा प्रहार कर दिया है। मोहल्ला क्लीनिक उनकी ऐसी योजना है जिसे उन्होंने अभी तक अपने चुनाव जीत वाले मंत्र के तौर पर इस्तेमाल किया है। मोहल्ला क्लीनिक उनका बड़ा 'वोटबैंक' साबित हुई है। इसलिए अन्य योजनाओं के मुकाबले उनकी ये सबसे अग्रणी योजना रही है। इसे उन्होंने चुनावी 'मॉडल' के रूप में प्रचारित किया और उसका नाम लेकर ही उन्होंने लोगों से वोट भी मांगा, लेकिन अब इसमें भी भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है। 2023-24 के लिए दिल्ली सरकार ने 80 हजार करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था, जिसमें मोहल्ला क्लीनिक के लिए करीब एक तिहाई बजट अलग आवंटित रखा। पर, इस भारी भरकम रकम पर ऐसा बंदरबांट होगा, जिसकी शायद दिल्ली वासियों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी।

गौरतलब है, अन्य राज्यों के मुकाबले दिल्ली में टैक्स देने वालों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन उन्हें क्या पता उनके टैक्स के पैसों पर यूं डाका डाला जाएगा। आरोप निश्चित रूप से बेहद गंभीर हैं। हालांकि, मोहल्ला क्लीनिक में गड़बड़झाला है इस बात की भनक खुद केजरीवाल हो चुकी थी, तभी उन्होंने पिछले वर्ष अगस्त में ही इसकी जांच करवाने के आदेश दे दिए थे। जांच में पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट में जमकर फर्जीवाड़ा पाया। ये रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें न देकर सीधे उप-राज्यपाल को थमा दी। एलजी के हाथ में पहुंचने के मतलब है कि सीधे बिना घी-तेल डाले 'आग' लग जाना। हुआ भी कमोबेश वैसा ही? केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंत्रणा करने के बाद एलजी ने बिना देर किए तुरंत सीबीआई से जांच करवाने की सिफारिश कर दी। जांच की परतें जब एक-एक करके खुलेंगी, तो कई बेनकाब होंगे। हालांकि, मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पल्ला झाल लिया है, पर इतनी आसानी से वह भी नहीं बच पाएंगे। मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार एक्सपेज होने के बाद दिल्ली के लोग बस यही कह रहे हैं कि जब आरोप साबित हो जाएं, तो स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर ऐसी कठोर सजा मुकर्रर की जाए, जो सभी के लिए नजीर साबित हो। चुनावी फायदे के तौर पर देखें तो 'आम आदमी पार्टी' ने 'मोहल्ला क्लीनिक' को कभी योजना नहीं माना, उन्होंने हमेशा चुनावी 'मॉडल' के रूप में इसे प्रस्तुत किया, ये योजना उनके लिए अप्रत्याशित 'वोटबैंक' ही रही जिसके जरिए ही आम आदमी पार्टी ने कई चुनावों में अपनी गंगा पार करी। पर, अब ये चुनावी नौका समुद्र के बीच मझधार में फंसती दिखने लगी है। निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव से पहले चिकित्सा विभाग में भ्रष्टाचार के ये आरोप आम आदमी पार्टी की विश्वसनीयता पर गहरा चोट मारेंगे। भाजपा के अलावा कांग्रेस भी हमलावर हो जाएगी। 'इंडिया गठबंधन' को भी तगड़ा धक्का लग सकता है। विरोधी दल जानते हैं कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए मोहल्ला क्लीनिक योजना अरविंद केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहलों में से एक रही है। जिसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगने का मतलब है विपक्ष को बैठे-बिठाए बड़ा मुद्दा हाथ लगना। भाजपा अब केजरीवाल की रही-सही इमेज को डेमेज करने में शायद ही कोई कसर छोड़े। आरोप लगने के बाद दिल्ली में भाजपा की समूची टीम आप पर हमलावर हो गई है। चुनाव के ऐन वक्त लगा ये झटका केजरी को जल्द उबरने न दे। महोल्ला क्लीनिक पर भ्रष्टाचार का जो आरोप लगा है, उसकी पृष्टभूमि को गौर करें तो दिल्ली विजिलेंस डिपार्टमेंट ने जब अपनी प्रारंभिक जांच पड़ताल की और निरीक्षण के लिए राजधानी में बने मोहल्ला क्लीनिक पहुंचे, तो किसी भी क्लीनिक में उन्हें कोई डॉक्टर इलाज करता नहीं मिला। जो मिले, वो चिकित्सक नहीं, बल्कि चतुर्थ श्रेणी के स्टॉफ के लोग थे। कई जगहों पर तो अनुभवहीन स्टाफ मरीजों को दवा और टेस्ट लिखते दिखाई दिए। जब उनसे पूछा गया कि आप चिकित्सक हो, तो वो भाग खड़े हुए। दरअसल, ये सब दिल्ली सरकार के नाक के नीचे हुआ। गड़बड़झाले की खबर जानते हुए भी दिल्ली सरकार अंजान बनी रही। जबकि, इस योजना के शुरूआती दिनों को याद करें, तो एक सुखद तस्वीर आंखों के सामने उभरती है। तब, दिल्ली के लोग वास्तव में इन क्लीनिक में जाया करते थे। हल्की-फुल्की सभी बीमारी की दवाइयों के लिए लोग पहुंचते थे। अब स्थिति बदल चुकी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित
दर्शन

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा।

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
प्रेरणा

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

## सटाका




## आज की पाती

### उद्योग जगत पर राजनीति न हो

हाल ही में अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें अदाणी समूह को राहत मिली है। अब इस मामले पर भी कुछ लोग यह कहेंगे कि सुप्रीम कोर्ट मोदी सरकार के हाथ की कठपुतली है, लेकिन कुछ भी हो, सुप्रीम कोर्ट या अन्य सभी संस्थाओं को बिना किसी दबाव के ही फैसले लेने चाहिए। अमरीका की सट्टेबाज कंपनी हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप पर हेराफेरी के जो आरोप लगाए हैं, उसने बैकों और अन्य संस्थाओं को कटघरे में बेशक खड़ा कर दिया है, लेकिन यह ग्रुप देश का बहुत बड़ा ग्रुप है, जिसकी वजह से लाखों-करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी चलती है।

-महेश चौबे, महासमुंद

## ट्रेंड

### दिल को छू लेने वाला



भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है। राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल, पायल देव और मनोज मुंतशिर का स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### दोस्ती बहुत पुरानी



मेरी और मनीष की दोस्ती बहुत पुरानी है। हमारा स्नेह और भरोसा बहुत मज़बूत है। जनता के लिए काम करने का ये जुनून भी बहुत पुराना है। साज़िश रचने वाले लाख कोशिश कर लें.. ये भरोसा, ये स्नेह और ये दोस्ती कभी नहीं टूटेगी।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### शोभा नहीं देता



क्या मंत्री गिरराज सिंह देवेंद्र तिवारी जी के ईमेल का ज़िक्र कर रहे थे? गिरराज सिंह आप ज़िम्मेदार पद पर हैं ऐंसी बातें करना आप को शोभा नहीं देता। मैं उत्तर प्रदेश की पुलिस को बधाई देता हैं जिन्होनें देवेंद्र तिवारी को पकड़ लिया।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### चीन से आगे




सड़कों के मामले में हम चीन से आगे हैं। अधिक दिलचस्प बात यह है कि हम अमेरिका से कुछ दूरी पर हैं। मुझे यकीन है नितिन गडकारी आज से कुछ ही समय बाद अमेरिका से आगे निकलने का लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर


### विवादित समुद्री सीमा पर उ. कोरिया का सैन्य अभ्यास



दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया ने दोनों देशों के बीच विवादित समुद्री सीमा पर तोप अभ्यास किया, जो 2018 के सैन्य समझौते का उल्लंघन है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को विवादित पश्चिमी समुद्री सीमा के उत्तर में समुद्र में 200 गोले दागे। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के इस अभ्यास को उकसावे की कार्रवाई बताया हालांकि उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। दक्षिण कोरियाई द्वीप येओनपयोंग में रहने वाले लोगों का कहना है कि दक्षिण कोरियाई सेना ने उन्हें जगह खाली करने के लिए कहा है क्योंकि वह शुक्रवार शाम या रात में इसी तरह के अभ्यास को शुरू करने की योजना बना रही है। वहीं उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अधिकारियों को मिसाइलों के लिए मोबाइल लॉन्च वाहनों का उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि किम ने दुश्मनों के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के मद्देनजर यह आदेश दिया है और वह इस बात पर जोर दे रहे हैं कि दूसरे देशों के लिए उनके हमलों का पता लगाना मुश्किल हो। किम के आदेश की यह खबर व्हाइट हाउस के एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है।

## ऑफ बीट

### मकड़ियों से जितना आप डरते हैं वह आपसे डरती है



जोरो मकड़ी में मृत होने का नाटक करने की प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिकों के बीच इस चाल को थानाटोसिस के नाम से जाना जाता है। मकड़ियों के लिए किसी संभावित खतरे की प्रतिक्रिया में ऐसा करना आम बात है। मकड़ियों की दस प्रजातियों के 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश मकड़ियाँ हवा के कुछ तेज़ झोंकों की प्रतिक्रिया में लगभग एक मिनट के लिए जड़ हो जाती हैं। जोरो मकड़ियाँ एक घंटे से अधिक समय तक निश्चल पड़ी रहीं। यह शिकारियों या संभावित साथियों, जैसे नरभक्षी पिसौरा मिराबिलिस (यूरोपीय नर्सरी वेब स्पाइडर) मादाओं द्वारा खाए जाने की संभावना को कम कर देता है। इसकी कीमत उड़ने वाले कीड़े के रूप में एक दावत से चूकने जैसी हो सकती है। लेकिन मृत होने का नाटक करना संभवतः सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियों की तुलना में शिकारी से सुरक्षित रहने का अधिक ऊर्जा कुशल तरीका है। उदाहरण के लिए, फोल्कस सेलर मकड़ियाँ अपने जालों में इधर-उधर घूमकर शिकारियों को भ्रमित करने और उन्हें रोकने की कोशिश में कहीं अधिक ऊर्जा खर्च करती हैं। मकड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आक्रामक प्रतिक्रियाओं में अन्य जानवरों को डराने के लिए अपने पैर उठाना और अपने नुकीले दांतों को हिलाना शामिल है।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### विकास की यात्रा की ओर बढ़ना ही अमृत काल है


**बैरसिया।** 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्यर्मा मा अमृत गमय'। इसका अर्थ है असत्य से सत्य की ओर , अंधेरे से प्रकाश की ओर, मृत्यु से अमरता की ओर जाना। इसी तरह से विकास की यात्रा की ओर बढ़ना ही अमृत काल है। यह बात विधायक विष्णु खत्री ने शुक्रवार को हिरणखेड़ी गांव में आयोजित विकास यात्रा के कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस समय हमारे देश का अमृतकाल चल रहा है। हमारा संकल्प है कि हम भारत को विकसित भारत बनाएंगे।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार आठ किलो गांजा बरामद



**भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने उड़ीसा से भोपाल लाए गए 8 किलोग्राम गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। जब्त हुए गांजे की कीमत 80 हजार रुपए बताई गई है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना पर क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम जंबुरी मैदान पहुंची तो सेंट जेवियर स्कूल के पास दो संदेही युवक मिले। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम अभिषेक अहिरवार (22) निवासी विंध्या कालोनी मंडीदीप और रिंकू प्रजापति (23) निवासी स्टेशन रोड मंडीदीप जिला रायसेन बताए। दोनों के पास मौजूद थैलों की तलाशी लेने पर कुल आठ किलोग्राम गांजा रखा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भगवान गणेशजी का मंदिर बनाने की मांग



**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर नागर ने शुक्रवार को कहा कि भगवान गणेशजी की भव्य सुंदर मंदिर बने और रोज पूजा और आरती हो तो नगर में सुख-शांति, समृद्धि और एकता आएगी। नगर का विकास होगा और उन्नति करेगा। भगवान श्री गणेशजी सुख के दाता हैं, शांति और समृद्धि के लिए उनकी पूजा अर्चना रोजाना करना चाहिए।

### नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल प्रजापति का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, रमेश गौर, माहेश जैन, राजेश खटीक, संजय सिंह चौहान, अशोक शर्मा, कमलेश लोधी, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. नंदू नागर आदि ने शुभकामनाएं दी।

# मंडीदीप में खेल महाकुंभ का शुभारंभ, 21 दिन में भाग लेंगे 3 हजार खिलाड़ी

## इंडिया के दायरे से निकलकर विकसित हुई भारत की सोचः पटवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका परिषद द्वारा शुक्रवार को खेल महाकुंभ का रंगारंग शुभारंभ किया गया, जिसमें भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा तथा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान रंग-बिरंगे गुब्बारे सहित कबूतर छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम 21 दिनों तक चलेगा, इसका समापन गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को होगा। इस दौरान विभिन्न खेलों के करीब 3 हजार खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। खेल महाकुंभ के दौरान क्रिकेट, खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी एवं हॉकी समेत विभिन्न खेलों के साथ ही सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी।

खेल महाकुंभ का उद्घाटन करते हुए विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि नए भारत का प्रतिबिंब यहां के युवाओं में दिख रहा है। 77 वर्ष में एशियन गेम्स में इतने मेडल नहीं आए, जो पिछले गेम्स में आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों को इंडिया के दायरे से हटाकर भारत की सोच विकसित करने का काम किया है। पहले बड़े शहरों के लोग खेलों में प्रतिभाग करते थे, अब छोटे शहरों से भी से निकलकर लोग ओलंपिक में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के खेल कुंभ के माध्यम से कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## विधायक शर्मा ने कोलार सिक्स लेन का किया दौरा

# सिक्स लेन पर किसी भी जगह जल भराव न हो



- कोलार में बन रहे दो और फोर लेन भी देखे
- रोड के दोनों ओर बनने वाले पाथवे से जल निकासी सीधे नाली में हो
- सेंट्रल वर्ज के गार्डन और सफाई की जिम्मेदारी भी निगम देखेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधायक रामेश्वर शर्मा ने शुक्रवार को कोलार सिक्स लेन का दौरा किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सिक्स लेन पर किसी भी स्थान पर जल भराव न हो इसकी चिंता विभाग करें। रोड के दोनों ओर बनने वाले पाथवे से जल निकासी सीधे नाली में हो, इसके लिए 5-5 मीटर पर होल किए जाएं।

उन्होंने कहा कि 15 किमी कोलार सिक्स लेन के 3 मीटर चौड़े सेंट्रल वर्ज पर विकसित होने वाले गार्डन को नगर निगम द्वारा विकसित एवं संधारित किया जाए, जिसकी राशि लोक निर्माण विभाग, नगर निगम को देगा। उन्होंने अपर आयुक्त नगर निगम पवन सिंह और कार्यपालन यंत्री अवनेंद्र सिंह को इसका प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं। शर्मा ने इस दौरान केरवा से हिनोतिया फोर लेन मार्ग साथ ही सीआई से बंसल अस्पताल फोर लेन मार्ग का भी अवलोकन किया।

### विज्ञापन पॉलिसी बनाने के निर्देश

विधायक रामेश्वर शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा है की कोलार सिक्स लेन के सम्पूर्ण मार्ग की प्रथक विज्ञापन पॉलिसी बनाई जाए। इस मार्ग पर बनने वाले विभिन्न सुलभ शौचालय एवं मार्ग पर उचित स्थान चिन्हित कर डिजिटल एवं होर्डिंग लगाया जाए। यह सभी आकर्षक लगने चाहिए, चूंकि यह बड़ी आबादी क्षेत्र को प्रदर्शित होगा। इसलिए इसकी दरें भी अधिक होनी चाहिए। इस पॉलिसी के अंतर्गत विज्ञापन कंपनी कोलार सिक्स लेन की साफ-सफाई व्यवस्था का संचालन करे, ऐसी शर्तें टेंडर में डाली जाए।

### सीसीटीवी कैमरे एवं ट्रैफिक सिग्नल के निर्देश

कोलार सिक्स लेन का कार्य अंतिम चरणों में है। इसलिए अब जरूरी हो गया है कि ट्रैफिक सिग्नल एवं सीसीटीवी कैमरे के लिए स्थान सुनिश्चित कर लिए जाएं, जिससे बाद में खोदने और हटाने की दिक्कत न हो। विधायक रामेश्वर शर्मा ने अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बसंत कोल एवं ट्रैफिक एसीपी सुनील शर्मा से ट्रैफिक सिग्नल संबंधी स्थान चिन्हित करने संबंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### पश्चिम रिंग रोड, कोलार सिक्स लेन को क्रॉस करेगा

गौरतलब है कि 3 हजार करोड़ से बनने वाले भोपाल का पश्चिमी रिंग रोड कोलार सिक्स लेन को क्रोस करेगा, ऐसे में कोलार सिक्स लेन पर इसके आने-जाने वाले सर्विस रोड का निर्माण बेहतर तरीके से हो सके। इसके लिए एमपीआरडीसी के साथ लोक निर्माण विभाग समन्वय के साथ ड्रॉइंग फाइनल करें। इसके बाद जॉइंट दौरा किया जाएगा।

### गुमशुदा युवक का पेड़ पर लटका मिला कंकाल

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित काछी बरखेड़ा फार्म हाउस के पास गुरुवार दोपहर जंगल में पेड़ पर लटका नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान परिजन ने कपड़ों से कर ली है। पुलिस ने डीएनए सेंपल भेजा है। टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद मृतक की सही पहचान की जा सकेगी।

थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि खेमचंद अहिरवार काछी बरखेड़ा में रहते हैं और मजदूरी करते हैं। उनका बेटा राकेश अहिरवार (25) गत 24 नवंबर से लापता था। उसकी तलाश परिजन कर रहे थे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। परिजन ने गुनगा थाने में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। गांव के आसपास बाघ का मूवमेंट होने के कारण गुरुवार को वन अमला गांव के आसपास जंगल में सर्चिंग कर रहा था। इस दौरान अमले ने जंगल में एक युवक का शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका देखा। वन अमले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुमशुदगी के आधार पर परिजन को बुलाया। परिजन कपड़े से मृतक की पहचान राकेश अहिरवार के रूप में कर ली। करीब एक महीने पुराना शव होने से शव कंकाल बन गया है।

सुसाइड नोट में माता-पिता से मांगी माफी, कहा-पढ़ाई बस की बात नहीं

## एसआरके यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में बीएएमएस की छात्रा ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन यूनिवर्सिटी (एसआरके) के गर्ल्स हॉस्टल में गुरुवार शाम बीएएमएस की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि सॉरी मम्मी पापा में पढ़ाई नहीं पा रही हूं। यह पढ़ाई मेरी बस की नहीं है। सुसाइड नोट से कयास लगाए जा रहे है कि वह पढ़ाई को लेकर तनाव में थी।



- रूम का दरवाजा तोड़ा तो अंजली फांसी पर लटकी दिखाई दी

पुलिस के अनुसार अंजली भारत गरड पिता भारत पत्तम गरड (20) तहसील परोडा, जिला धाराशिव, महाराष्ट्र की थी। वह एसआरके यूनिवर्सिटी से बीएएमएस फर्स्ट ईयर में थी और यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहती थी। गुरुवार सुबह वह कॉलेज नहीं गई थी। शाम करीब चार बजे के आसपास उसकी रूम पार्टनर ऐश्वर्या और रूपाली कॉलेज से हॉस्टल पहुंची तो रूम अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो वार्डन सत्यभाभा दुबे को घटना की जानकारी दी गई। वार्डन मौके पर पहुंची और यूनिवर्सिटी में काम करने वाले प्लंबर और कारपेंटर को बुलाया गया। उन्होंने गेट खोलने का प्रयास किया, लेकिन गेट अंदर से बंद था। लिहाजा गेट तोड़ना पड़ा। गेट तोड़ने पर पता चला कि अंजली ने फांसी लगा ली है।

### रिटायर्डमेंट के बाद माप पुस्तिका नहीं सौंपने पर पुलिस ने केस दर्ज किया

**भोपाल।** बागसेवनिया पुलिस ने पीएचई विभाग के उपयंत्री की शिकायत पर रिटायर्ड कर्मचारी पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी अशीष सोनी ने बताया कि बागमुगलिया में पीएचई विभाग में पंकज राव उपयंत्री है। उन्होंने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने बताया कि सुशील चंद्र मिश्रा तीन साल पूर्व पीएचई से रिटायर्ड हो चुके हैं। उनके पास विभाग के दस्तावेज माप पुस्तिका थी। उन्हें रिटायर्डमेंट के पूर्व ही विभाग में जमा करनी थी। अब उन्हें रिटायर्डमेंट हुए तीन साल हो चुके हैं। बावजूद इसके वे माप पुस्तिका विभाग को लौटा नहीं रहे है। माप पुस्तिका में विभाग द्वारा कराए गए बोर का लेखा जोखा है।


दोनों पैर फ्रैक्चर होने से चलने में असमर्थ था, थाने फोन किया तो खुद आने को कहा

## एफआईआर दर्ज कराने स्ट्रेचर से थाने पहुंचा पीड़ित, पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश

सोमवार को पीड़ित के साथ स्टेशन रोड पर हुई थी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। राजधानी के बैरागढ़ थाने में अपनी एफआईआर दर्ज कराने के लिए एक पीड़ित के स्ट्रेचर से पहुंचने का मामला सामने आया है, जिसके बाद मामले में मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई से संबंध में सुसंगत दस्तावेजों की प्रतियों सहित तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।




आयोग के संज्ञान में आया है कि बीते सोमवार को पीड़ित के साथ स्टेशन रोड पर मारपीट हुई थी, जिसमें उसके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए थे। वह चलने में असमर्थ था। परिजन द्वारा उसे ईलाज के लिए अस्पताल ले गए थे। घटना की शिकायत करने जब उसने बैरागढ़ थाने में फोन किया तो, उसे खुद थाने में आने के लिए कहा गया।

### इलेक्ट्रिक हैमर मशीन से सीनियर सिटीजन परेशान

भोपाल शहर के गुलमोहर स्थित सहकारी परिसर और सहकार नगर के बीच एलपीजी लाइन के लिए की जाने वाली खुदाई, शाम होने के बाद भी इलेक्ट्रिक हैमर मशीन से की जा रही है, जिससे वहां रहने वाले सीनियर सिटीजन को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने कलेक्टर से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई के संबंध में 15 दिन में जवाब मांगा है।

अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण पर लोगों में उत्साह

## 22 जनवरी को मनाई जाएगी दूसरी दीपावलीः चौकसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी योजना और अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर में उत्साह का माहोल है। 22 जनवरी को पूरे देश में दूसरी दिवाली मनाई जाएगी। नगर के सभी मंदिरों में विशेष आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी। लोग घर-घर में दीये जलाकर खुशियां मनाएंगे। उक्त बात नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे एवं मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे ने कही।

चौकसे ने कहा कि विधायक सुरेंद्र पटवा के मार्गदर्शन में 22 जनवरी को पूरा क्षेत्र भगवान राममय होगा। लक्ष्मी चौकसे ने कहा



कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक सुरेंद्र पटवा का कहना कि सबसे ऊपर किसान, गरीब, युवा और महिलाओं का विकास होगा तभी देश, प्रदेश और नगर का विकास होगा। इस अवसर पर रामेश्वर नागर, राजेंद्र गुड्डु साहू, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा आदि मौजूद थे।

## मंडीदीप के सिविल अस्पताल को मिला देश के शास. स्वास्थ्य संस्थानों का श्रेष्ठतम सम्मान

### दिल्ली की टीम ने स्वास्थ सेवाओं का लिया था जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर के सिविल अस्पताल को देश के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों का श्रेष्ठतम सम्मान मिला है। उल्लेखनीय है कि शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलने की असेसमेंट के लिए भारत सरकार दिल्ली की टीम द्वारा मंडीदीप सिविल अस्पताल का 22 नवंबर से 24 नवंबर 2023 में 3 दिन तक अस्पताल में रुककर स्वास्थ सेवाओं का जायजा लिया गया।

टीम द्वारा सिविल अस्पताल के सभी 12 विभागों का सूक्ष्म परीक्षण किया था। उसके बाद 4 जनवरी 2024 को भारत सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन दिल्ली द्वारा सिविल




अस्पताल मंडीदीप को गुणवत्ता की श्रेष्ठतम प्रमाण-पत्र एनक्योएएस द्वारा सम्मानित किया गया है।

सिविल अस्पताल मण्डीदीप यह उपलब्धि पाने वाला जिले का पहला शासकीय अस्पताल है। इस उपलब्धि पर सीएमएचओ रायसेन डॉ. दिनेश खत्री, सीबीएमओ औबेदुल्लगंज डॉ. अमृता जीवने एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल प्रभारी डॉ. विवेक नागर व मण्डीदीप अस्पताल में कार्यरत समस्त स्टाफ को बधाई और शुभकामनाएं दी है।



### मोबाइल टॉवर पर पतंग की डोर में फंसा कबूतर, हाइड्रोलिक मशीन से निकाला

**भोपाल।** भोपाल नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम ने शुक्रवार को एक कबूतर का रेस्क्यू किया। ईदगाह हिल्स पुलिस लाइन के पास एक मोबाइल टॉवर पर पतंग की डोर में कबूतर फंस गया था। रहवासियों ने देखा और निगम की फायर शाखा को सूचना दी। निगम की नई 52 मीटर ऊंचाई वाली हाइड्रोलिक मशीन का उपयोग कर मोबाइल टॉवर की ऊंचाई पर कर्मचारी को भेजा। यहां से कबूतर को निकाला गया। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू ईदगाह हिल्स रहवासियों के लिए कौतूहल का विषय बना रहा। फायर अधिकारी साजिद खान ने बताया कि हमारे लिए हर जान कीमती है। एक पंक्षी की जान भी कैसे जाने देते, इसलिए तुरंत कार्रवाई की।

बस स्टैंड समेत नगर में हर तरफ फैली गंदगी से लोग परेशान

## अतिक्रमण के कारण औबेदुल्लागंज के बुरे हाल, 40 फीट की सड़क सिमटी 20 फीट में, वाहन चलाना हो रहा मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अतिक्रमण के कारण नगर का न तो विकास हो पा रहा है, न ही स्वच्छ और सुंदर बन पा रहा है। खास बात यह है कि अधिकांश जगहों पर दबंगों का अतिक्रमण है। इसलिए नगर परिषद भी अतिक्रमण हटाने से कतराती है। अतिक्रमण हटाने से बस स्टैंड तो बन गया पर वहां हर तरफ गंदगी फैली हुई है।

मैंन बाजार की सड़क 40 फीट की है मगर अतिक्रमण के कारण वह भी संकरी हो गई है। सड़क रात 10 बजे से सुबह 8 तक तो 40 फीट की रहती है पर सुबह 9 बजे के बाद यह सड़क मात्र 20 फीट की रह जाती है। सड़क पर ही लोग अपने-अपने वाहन खड़े करते हैं जिससे आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### दिन में कई मर्तबा लगता है जाम

स्टेशन रोड, बरखेड़ा रोड, गौहरगंज रोड पर दिन में कई बार जाम लगता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संगठित होकर यदि अवाज उठाएं तो औबेदुल्लागंज को जिला बनाने, औबेदुल्लागंज का नाम राजा भोज नगर करने, औबेदुल्लागंज स्टेशन पर्यटक स्टेशन बनाना तथा औबेदुल्लागंज में सभी ट्रेनें रुके तो नगर का विकास संभव हो सकता है। खास बात यह है कि नगर में करीब 200 से 250 नेता होने के बावजूद भी औबेदुल्लागंज की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।



### नगर के विकास की मांग की

जितेंद्र दुबे, गिरीश चावला, अवध नारायण दुबे, सीताराम मालवीय, प्रेम नारायण सोनी, सोनू राय, राहुल माहेश्वरी, विकास श्रीवास्तव, सलीम, बंटी तिवारी, मनोज चौरसिया, पुरषोत्तम शर्मा, कैलाश डब्बू नागर, अशोक जायसवाल, अकिल, सुबेग सिंह शीतल, दीपक दुबे, रमेश सेठी, शंकर सेठी, लखविंदर सिंह, मनजीत सिंह, पिंकू, भोले, आकाश जैन, संभव जैन, प्रमोद सराठे, गगनदीप सिंह, गुलवी नेमा, जीतू नेमा, सुदामा तिवारी, पूर्व हिंदू सब समिति अध्यक्ष रमेश वासवानी, गुड्डू यादव, गुड्डन दिनेश जैन, राकेश तिवारी, राकेश बाथम, कपिल राय, सोनू पंजाबी आदि ने स्थानीय नेताओं से नगर में विकास तथा नगर में व्याप्त समस्याओं को शीघ्र हल करने की मांग की है।

कांग्रेस का नववर्ष मिलन समारोह और समीक्षा बैठक आयोजित की

## मैं भागने वालों में से नहीं हूं, सदैव आपके साथ खड़ा रहूंगाः पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

धाकड़ गार्डन में भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को नववर्ष मिलन समारोह और समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूरे ब्लॉक के कार्यकर्ता शामिल हुए और नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि मैं भागने वालों में से नहीं हूं। पूरे पांच साल आप लोगों के बीच रहूंगा और मिलकर हम जनता की लड़ाई लड़ेंगे।

बैठक में पटेल ने कहा कि चुनाव से संबंधित समीक्षा के लिए आप सभी अपने-अपने सुझाव बताएं, जिससे हम किन परिस्थितियों में चुनाव लड़े और विस चुनाव में क्यों हम पीछे रहे। आगे संगठन को मजबूत कैसे बनाया जा सकता है चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर महीने हर ब्लॉक में एक बैठक रखी जाएगी। राजकुमार पटेल ने कहा चुनाव हम हारे हैं, मगर हमारे हौसले अभी भी बुलंद हैं। मैं सदैव भोजपुर के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ खड़ा



हूं और रहूंगा। बैठक में चिकलोद से ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु महेश्वरी, संजय सिंह चौहान, बसंत साहू, नंदू नागर, अशोक पटेल, महेंद्र धाकड़, उत्तम यादव, श्याम सिंह चौहान, खेत सिंह चौहान, मोहन पारखेड़ी, हरजीत सिंह मंगू, अमर पेठारी, पवित्र कौर, अनिल प्रजापति, कमलेश लोधी, सभी मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, और कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाड़ कंपाने वाली सर्दी में भी 105 गांवों के किसान धरना दे रहे



## डटे किसान फिलहाल उठने को तैयार नहीं

**नोएडा।** सेक्टर-24 में स्थित एनटीपीसी मुख्यालय पर संपूर्ण तालाबंदी से पहले शुक्रवार को धरनारत किसानों ने हवन किया। इस दौरान भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि एनटीपीसी मुख्यालय पर तालाबंदी की जाएगी और अगर किसानों की मांगें पूरी नहीं हुई तो दिल्ली स्थित सीएमडी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। धरने में नोएडा के 105 गांव के किसान शामिल हैं। किसानों के इस प्रदर्शन को देखते हुए नोएडा की यातायात पुलिस ने सेक्टर-24 की ओर जाने वाले रूट को भी डॉयवर्ट कर दिया था।

### मुआवजा नौकरी और सुविधाएं मांगी

इस हवन में बड़ी संख्या में पुरूष और महिलाएं शामिल रहे। किसानों की संख्या काफी बड़ी थी। उनकी मांग है कि सभी को समान मुआवजा दिया जाए। प्रभावितों को नौकरी दी जाए, साथ ही सभी को अन्य के समान सुविधाएं भी दी जाएं।

### एनटीपीसी पर तालाबंदी से पहले किया हवन

नोएडा में एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित किसान अपनी मांगों को लेकर पिछले 19 दिनों से एनटीपीसी कार्यालय के बाहर धरना दे रहे हैं। किसानों ने ऐलान किया था कि नोएडा स्थित एनटीपीसी मुख्यालय की संपूर्ण तालेबंदी की जाएगी। किसानों की इस घोषणा के बाद जिला प्रशासन और पुलिस सतर्क हो गए थे और शुक्रवार को एनटीपीसी पर तालाबंदी से पहले बड़ी संख्या में किसानों ने धरनास्थल पर हवन किया।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में गिरफ्तार पुजारी को जमानत



**बेंगलुरु।** बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद दंगों में कथित भागीदारी के आरोप में गिरफ्तार श्रीकांत पुजारी को कर्नाटक के हुबली की एक अदालत ने जमानत दे दी।

### ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट पर आज फैसला संभव



**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट के सार्वजनिक करने के मामले में शुक्रवार को भी आदेश नहीं आया। वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत शनिवार को आदेश दे सकती है। मामले में गुरुवार को सुनवाई टल गई। आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि तय की थी।

### स्वाति का इस्तीफा, अब राज्यसभा में जाएंगी



**नई दिल्ली।** आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। 19 को चुनाव के लिए आप ने 3 सीटों पर नामों का ऐलान कर दिया है। मौजूदा सदस्य संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दोबारा से राज्यसभा भेजने की घोषणा की है।

### सीएम शर्मा के पास गृह दीया को वित्त विभाग



**जपुर।** राज्यपाल के अनुमोदन के बाद राजस्थान की भाजपा सरकार में सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने सभी मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। शर्मा को कार्मिक विभाग आबकारी विभाग गृह विभाग योजना विभाग सामान्य प्रशासन विभाग नीति निर्धारण प्रकोष्ठ सूचना एवं जनसंपर्क उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को वित्त विभाग पर्यटन विभाग एवं पुरातत्व आदि विभाग दिया गया है।

### जेल से राज्यसभा का नामांकन करेंगे संजय



**नई दिल्ली।** जेल में बंद आप नेता संजय सिंह जेल से ही राज्यसभा का नामांकन भरेंगे। उनका कार्यकाल 27 जनवरी को खत्म हो रहा है। कोर्ट ने जेल सुपरिटेंडेंट को जरूरी निर्देश दिए हैं। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी घोटाले से संबंधित मनी लॉन्डरिंग मामले में गिरफ्तार संजय को राज्यसभा के लिए फिर नामांकन के फॉर्म और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर की अनुमति दे दी है।

## मंत्रालय के अधीन अनुसंधान और नवीन कार्यक्रमों के विकास को सक्षम बनाया जाएगा

### पीएम मोदी ने की अध्यक्षता

# कैबिनेट ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 'व्यापक' योजना को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की व्यापक योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना 2021-26 की अवधि के दौरान 4,797 करोड़ रुपए की कुल लागत पर लागू की जाएगी।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की इस योजना के विभिन्न घटक एक-दूसरे पर निर्भर हैं। इन्हें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत संबंधित संस्थानों के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से एकीकृत तरीके से चलाया जाता है। केवल इतना ही नहीं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की यह योजना विभिन्न संस्थानों में एकीकृत बहु-विषयक पृथ्वी विज्ञान अनुसंधान और नवीन कार्यक्रमों के विकास को सक्षम बनाएगी। यह एकीकृत अनुसंधान एवं विकास प्रयास मौसम और जलवायु, महासागर, क्रायोस्फीयर, भूकंपीय विज्ञान और सेवाओं की बड़ी चुनौतियों का समाधान करने और उनके स्थायी दोहन के लिए जीवित और निर्जीव संसाधनों का पता लगाने में भी मदद करेगी।इस योजना में चल रही पांच उप योजनाएं शामिल हैं।

### योजना के प्रमुख उद्देश्य

- इस योजना का प्रमुख उद्देश्य पृथ्वी विज्ञान प्रणाली के अवमूल्यन में सुधार करने और देश के लिए विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने के लिए पृथ्वी प्रणाली के सभी पांच घटकों को समग्र रूप से संबोधित करेगी
- पृथ्वी प्रणाली और परिवर्तन के महत्वपूर्ण संकेतों को रिकॉर्ड करने के लिए वायुमंडल, महासागर, भूमंडल, क्रायोस्फीयर और ठोस पृथ्वी के दीर्घकालिक अवलोकनों का संवर्द्धन और रखरखाव
- मौसम, महासागर और जलवायु खतरों को समझने और भविष्यवाणी करने और जलवायु परिवर्तन के विज्ञान को समझने के लिए मॉडलिंग सिस्टम का विकास
- नई घटनाओं और संसाधनों की खोज की दिशा में पृथ्वी के ध्रुवीय और उच्च समुद्री क्षेत्रों की खोज- सामाजिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्री संसाधनों की खोज और टिकाऊ दोहन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास
- पृथ्वी प्रणाली विज्ञान से प्राप्त ज्ञान और अंतर्दृष्टि का सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ के लिए सेवाओं में अनुवाद

### ये हैं प्रमुख योजनाएं

1. वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएं (एक्रॉस)
2. समुद्री सेवाएं, मॉडलिंग, अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी (ओ-स्मार्ट)
3. ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान
4. भूकंप विज्ञान और भू-विज्ञान (एसजीआई)
5. अनुसंधान, शिक्षा और प्रशिक्षण आउटरीच (रीचआउट)

### विज्ञान और सेवाओं की बड़ी चुनौतियों का समाधान करने का लक्ष्य



## अब अयोध्या एयरपोर्ट का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' होगा




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम मोदी की अध्यक्षता में अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने एवं महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम के नामकरण को स्वीकृति दे दी है। हवाई अड्डे का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के प्रति श्रद्धांजलि है। गौरतलब है कि यह अयोध्या की आर्थिक संभावनाओं को विस्तार देने तथा वैश्विक पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों के लिए नए द्वार खोलने के लिए महत्वपूर्ण है। हवाई अड्डे का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के प्रति श्रद्धांजलि है।

### पहचान में जुड़ा बड़ा 'नाम'

हवाई अड्डे का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम' महर्षि वाल्मिकी को श्रद्धांजलि देता है, ऋषि ने महाकाव्य रामायण की रचना की, जिससे हवाई अड्डे की पहचान में एक सांस्कृतिक स्पर्श जुड़ गया।

### अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार अयोध्या की आर्थिक क्षमता और वैश्विक तीर्थ स्थल के रूप में इसके महत्व को समझने, विदेशी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए दरवाजे खोलने के लिए अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है।

### सांस्कृतिक जड़ों के साथ यह प्रमुख आर्थिक केंद्र और तीर्थ स्थल

अपनी गहरी सांस्कृतिक जड़ों के साथ अयोध्या रणनीतिक रूप से एक प्रमुख आर्थिक केंद्र और तीर्थ स्थल बनने की स्थिति में है। अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और व्यवसायों को आकर्षित करने की हवाई अड्डे की क्षमता शहर की ऐतिहासिक प्रमुखता के अनुरूप है।



### हाईकोर्ट का आदेश रद्द, लगाई फटकार

## आतंकवाद से जुड़े मसले को 'हल्के' में नहीं लेना चाहिए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आतंकवाद से जुड़े मामले को हल्के में नहीं लेना चाहिए। शीर्ष अदालत ने आतंकवाद निरोधक कानून यानी गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में आरोपी को स्वतः जमानत दिए जाने के उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की है। जस्टिस विक्रम नाथ और राजेश बिंदल की पीठ ने दिल्ली पुलिस की अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा आरोपी को स्वतः जमानत (डिफॉल्ट बेल) दिए जाने का फैसले में खामिया व्याप्त है। पीठ ने कहा कि यूएपीए की धारा 43डी(2)(बी) के तहत दी गई शर्तें/कारण (जो लोक अभियोजक की अर्जी पर अदालत को जांच के लिए 180 दिन तक समय बढ़ाने की विवेकाधीन शक्ति प्रदान करता है) मामले में संतोषजनक है।

### उच्च न्यायालय का भरोसा करना गलत था

अदालत ने कहा है कि यूएपीए के तहत विशिष्ट प्रावधान और निर्णयों के विपरीत, आरोपी को डिफॉल्ट जमानत देने के लिए आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) के तहत एक फैसले पर उच्च न्यायालय द्वारा भरोसा करना गलत था। मामले में पहलू अपराध की प्रकृति है, जिसमें आतंकवादी गतिविधियां शामिल हैं।

**खालिस्तानी समर्थक की हिरासत का मामला**

दिल्ली पुलिस ने खालिस्तानी समर्थक होने के आरोप में आरोपी लवप्रीत के खिलाफ यूएपीए की धारा 13, 18, 20 के अलावा आईपीसी की धारा 201/120-बी और व अन्य कानून के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया था। इस के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने की एनसीसी कैडेट्स की सराहना

## युवाओं के लिए एनसीसी आदर्श और राष्ट्रीय एकीकरण को दे रहा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी सांस्कृतिक, धार्मिक और भौगोलिक आधार पर एकीकरण को बढ़ावा देते राष्ट्रीय जागरूकता अभियानों के राजदूत के रूप में युवाओं का विकास सुनिश्चित करता है।

एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा एनसीसी युवाओं की गतिशीलता का प्रतीक हैं और यह अनुशासन को दर्शाती हैं। आप भारत के विकास और उत्थान में अहम हैं जो मानवता के छठे हिस्से का घर है।


### यह संगठन समय की पाबंदी



एनसीसी की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन समय की पाबंदी, लचीलापन, वफादारी और कड़ मेहनत पैदा करता है जो आपको सक्रिय, सक्रिय नागरिक और देश के मूल्यवान मानव संसाधन के रूप में आकार देता है।

## कोरोना से 24 घंटे में 12 की मौत केरल में सबसे ज्यादा मामले

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में संक्रमण के 761 नए मामले सामने आए हैं। गुरुवार को 760 मामले सामने आए थे। इस दौरान 12 लोगों की संक्रमण से जान भी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना के सक्रिय मामलों में कमी आई है।



सक्रिय मामले घटकर अब 4,423 रह गए हैं। गुरुवार को देशभर में कुल 4,334 एक्टिव केस थे। केरल में अभी सबसे ज्यादा सक्रिय मरीजों की संख्या 1,249 है। कर्नाटक में 1,240, महाराष्ट्र में 914, तमिलनाडु में 190 और छत्तीसगढ़ व आंध्र प्रदेश में यह संख्या 128 है।

## 'नो योर आर्मी' में यूं नजर आए सीएम योगी



*लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 'नो योर आर्मी' कार्यक्रम में सेना की तैयारियों और हथियारों के बारे में जानकारी ली। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य सेना के टैंक, तोपखाने और बंदूकों सहित भारतीय सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाले आधुनिक हथियारो का प्रदर्शन और जानकारी देना है। भारतीय सेना को हृदय से बधाई!*

### 'ज्ञान' थीम पर मोदी सरकार के नए ऐलान की संभावनाएं

# बजट में 4 'जातियों' पर रहेगी सरकार की 'नजर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आगामी आम बजट में केंद्र सरकार का फोकस 4 'जातियों' पर हो सकता है। बताया जा रहा है कि बजट से पहले और बजट के दौरान गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए सरकार खास ऐलान कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करने वाली हैं, जिसमें उम्मीद की जी रही है कि ज्ञान थीम पर सरकार कर नई घोषणाएं करेगी। यहां 'ज्ञान' का मतलब जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी है।

### ये घोषणाएं संभव

- बजट में युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए कई ऐलान होने की उम्मीद है
- लाडली बहना के तर्ज पर केंद्र और नई योजनाओं की घोषणा कर सकता है
- योजना के माध्यम से सरकार ने 'ज्ञान' की परिभाषा देश के सामने जाहिर की है

### किसान सम्मान निधि की राशि भी बढ़ेगी



केंद्र सरकार के आगामी बजट में किसानों के लिए दो अलग-अलग प्रस्ताव भी है, जिसमें अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत रकम बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। इसमें किसानों को मिलने वाली राशि 6 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए तक करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही किसानों के लिए सस्ती ब्याज दर के स्कीम के तहत ब्याज दरें घटाने का विकल्प भी है।

### गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाएगा

महिलाओं के लिए लाडली बहना के तर्ज पर केंद्र सरकार और नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है। इसके अलावा आम बजट में गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाने पर जोर, युवाओं के लिए नई पेंशन स्कीम में रिटर्न की गारंटी जैसे प्रस्ताव और युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़ाने पर फोकस होने की चर्चा है।

### चुनाव आयोग का जयराम को जवाब

## ईवीएम में कोई खामी नहीं कांग्रेस के पत्र में नया नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने विपक्षी दलों की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखकर ईवीएम और वीवीपैट पर स्पष्टीकरण के लिए 'इंडिया' प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए समय मांगा था।




आयोग ने रमेश द्वारा विपक्षी दलों की ओर से भेजे गए पत्र का जवाब दिया है। आयोग ने ईवीएम और वीवी पैट पर कांग्रेस की तमाम चिंताओं को किया खारिज कर दिया है। आयोग ने कहा कि पत्र में कुछ नया नहीं है।

### कोर्ट भी दे चुका फैसला

इस मुद्दे पर चुनाव आयोग पहले ही अपना स्टैंड बता चुका है। आयोग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर पहले ही फैसला सुना चुका है। हालांकि आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ईवीएम और वीपीपीईटी के मुद्दे पर अपना जवाब दाखिल कर चुकी है।

# नई आफत जापान की शान बना 'कानसाई इंटरनेशनल हवाई अड्डा' डूब रहा



● **स्थान:** जापान के ग्रेटर ओसाका में आर्टिफिशियल द्वीप पर समुद्र तट से 2 मील की दूरी पर बना एयरपोर्ट पूरी दुनिया से जुड़ा

● **वजह :** इमारतों के बोझ से दब रहा, ट्रैफिक का भारी दबाव

● **निर्माण :** 4 सितंबर 1994 को शुभारंभ, 20 अरब डॉलर से हुआ था निर्मित

● **विशेषज्ञों की चिंता:** समुद्र के जल का स्तर बढ़ने के चलते यह डूबने की कगार पर

● **स्थिति गंभीर:** लाखों लीटर पानी निकाला, लेकिन प्रकृति के आगे बेबस

● **सुधार नाकाफी:** एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए 80 जहाजों से लाए पत्थर से बनाई 40 मीटर ऊंची सतह

## खबर संक्षेप



### बांग्लादेश: ट्रेन में आगजनी से 4 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव से दो दिन पहले शुक्रवार को देश की राजधानी ढाका में ट्रेन में आगजनी की गई। जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और कई यात्री घायल हुए हैं। यह ट्रेन बेनापोल से ढाका आ रही थी।

### कुत्ते ने खा लिए 3.32 लाख, मालिक को अटैक



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया में सीसल नामक डॉग ने 4000 डॉलर यानी 3.32 लाख रुपए किचन में एक लिफाफे में रखे निगल लिए। यह देखकर मकान मालिक को अटैक सा आ गया। बाद में संभालने की कोशिश की।

### 6 में से 5 आरोपियों का होगा पॉलीग्राफ परीक्षण

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में गिरफ्तार 6 में से 5 आरोपियों ने कोर्ट में पेशी के दौरान 'पॉलीग्राफी' परीक्षण की सहमति दे दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सभी आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम आजाद, ललित झा और महेश कुमावत की पुलिस हिरासत भी 8 दिन के लिए बढ़ा दी। दिल्ली पुलिस ने अर्जी दायर की थी।

### कतर: पूर्व नौसैनिकों को 60 दिनों की मिली मोहलत



**नई दिल्ली।** हाल ही में कतर की अदालत ने 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों की मौत की सजा को घटा दिया था। वे सभी कतर की जेल में बंद हैं। अब जेल की सजा के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अदालत ने उनकी मौत की सजा को कम कर दिया लेकिन उनके खिलाफ 'जासूसी' के आरोपों को बरकरार रखा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह अगली कार्रवाई तय करने के लिए कानूनी टीम और परिवार के सदस्यों के संपर्क में है।

## दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की मिलेगी सुविधा

# यूएई में बनेगा 'भारत पार्क', विदेश में भारतीय सामानों को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सिंथेटिक और रेयॉन टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय सामानों के लिए एक शोरूम और गोदाम स्थापित किए जाएंगे। नियोजित भारत पार्क दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और दक्षिण कोरिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में लाभों का उपयोग बेहद कम है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो देशभर में 21 परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 40 करोड़ रुपए खर्च करेगा।

**खास बातें**

- भारतीय सामानों के लिए बनेंगे शोरूम और गोदाम
- जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण कोरिया के साथ मुक्त व्यापार
- 21 परीक्षण प्रयोगशालाएं होंगी स्थापित

*केंद्रीय वाणिज्य और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नियोजित भारत पार्क दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की सुविधा प्रदान करेगा।*

## भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर नेपाल यात्रा पर

# नेपाल-भारत के बीच 10 हजार मेगावाट बिजली व्यापार समझौता



**कंपनियां खरीद सकेंगी बिजली**

*अब भारत की सरकारी और निजी क्षेत्रों की विभिन्न कंपनियां अल्पावधि, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक बिजली खरीद बिक्री समझौते करके बिजली प्राप्त कर सकेंगी। नेपाल और भारत के निजी क्षेत्र भी आवश्यक समझौता करके बिजली का आयात और निर्यात कर सकेंगे।*

**काठमांडू।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय नेपाल यात्रा पर हैं। नेपाल और भारत के बीच बिजली निर्यात पर एक दीर्घकालिक समझौता हुआ है। दोनों देशों के ऊर्जा सचिवों ने दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे अगले 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात होने के साथ ही दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई सहमति के कार्यान्वयन का रास्ता खुल गया है।

विदेश मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति क्षेत्रों में भूकंप के बाद 59 पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमें त्रिभुवन विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय की नई इमारत भी शामिल है, जिसे भारत सरकार की अनुदान सहायता से बनाया गया है।

### काठमांडू में नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से की मुलाकात

इससे पहले उन्होंने काठमांडू में नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात भी की। नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ मुलाकात का फोटो विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'मुझे नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से बातचीत कर खुशी हुई। मैंने उन्हें टी20 विश्व कप के लिए चुने जाने पर बधाई दी है। मैंने उन्हें विश्व कप की तैयारियों के लिए भारत के सहयोग का आश्वासन दिया है।' आज विदेश मंत्री भारत लौटेंगे।

### पीएम प्रचंड ने समझौते को ऐतिहासिक कदम बताया

नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने इस समझौते को ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार ने अगले 10 वर्षों में कुल 28 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के लक्ष्य के साथ एक ऊर्जा विकास रणनीति भी तैयार की है।

## 'रेजुपेवे' डामर का उपयोग

# चीन की नाक में दम करेगी सड़क, सीमा पर बढ़ेगी ताकत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत लगातार चीन सीमा के पास तेजी से सड़कों का निर्माण कर रहा है। बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा के पास सेला सुरंग, एलजीजी-दमतेंग-यांगस्टे (एलडीवाय) सड़क पर हाई क्वालिटी तकनीक का इस्तेमाल किया है। बीआरओ ने स्वदेशी सड़क निर्माण तकनीक का उपयोग किया है। भारत के सबसे पुराने और प्रमुख रोड रिसर्च आर्गेनाइजेशन सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक 'रेजुपेवे' कम और जीरो डिग्री तापमान में भी सड़कों के निर्माण में फायदेमंद है।


**ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी आएगी**

*रेजुपेवे के इनवेंटर सतीश पांडे ने कहा कि इस तकनीक के इस्तेमाल से बीआरओ को न केवल शून्य से कम तापमान पर सड़कें बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के पुराने संवेदनशील पहाड़ी वातावरण में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी आएगी। ठंडी जलवायु वाले क्षेत्रों में 'रेजुपेवे' डामर का उपयोग करके बनाई गई सड़क अधिक सालों तक चलेगी और कम तापमान की स्थिति में थर्मल क्रैकिंग के प्रति बेहतर प्रतिरोध होगा। सुरक्षाबलों की परिचालन क्षमता में सुधार होगा।*

### 18,000 फीट ऊंचाई पर बनी सड़क

बीआरओ के अतिरिक्त महानिदेशक (ईस्ट) पीकेएच सिंह ने कहा कि बीआरओ द्वारा क्रमश: 14,000 फीट और 18,000 फीट की ऊंचाई पर सेला सुरंग और एलडीवाई सड़क स्थल पर बिटुमिनस सड़कों के निर्माण के लिए कम तापमान वाले बिटुमिनस मिश्रण का उत्पादन करने के लिए 'रेजुपेवे' तकनीक का उपयोग किया गया है। बीआरओ ने कहा कि इससे सड़क निर्माण कंपनियों की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। यह चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तेज गति से एक मजबूत सड़क नेटवर्क बनाने में हमारी मदद करेगा।

## लाल सागर की रक्षा करेंगे 20 देश, हूती विद्रोही मुश्किलें में



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

लाल सागर में हूती हमलों में तेजी के बीच समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 से अधिक देश अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गए हैं। अमेरिकी नौसेना बल सेंट्रल कमांड के कमांडर वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि कुल मिलाकर 20 से अधिक देश हैं। अमेरिका ने दिसंबर में 'ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन' नामक एक अंतरराष्ट्रीय अभियान शुरू किया था, जिसका उद्देश्य यमन के हूती विद्रोही के हमलों से लाल सागर में जहाजों की रक्षा करना था।

## पाक में कड़ाके की ठंड से फिर टले आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाक में एक बार फिर से आम चुनाव टल गए हैं। इसकी वजह ठंड बताई जा रही है। 8 फरवरी को चुनाव होना था। इससे पहले संसद में चुनाव की तारीख टालने को लेकर एक प्रस्ताव पारित कर दिया गया। मौसम



और सुरक्षा को देखते हुए फिलहाल चुनाव टाल देने चाहिए। अंतरिम कार्यवाहक सूचना मंत्री मुर्तजा सोलांगी और पीएमएल-एन सांसद अफनान उल्लाह खान ने इस प्रस्ताव का विरोध खिया। इसे निर्दलीय सांसद दिलावर खान ने पेश किया था। उस समय संसद में 14 सांसद मौजूद थे।

## कोहरे के बीच इंडोनेशिया में दो ट्रेनों में भिड़ंत



**जकार्ता।** कोहरे के बीच इंडोनेशिया के पश्चिम जावा के सिसलेंगका में दो ट्रेनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों गाड़ियां टकराकर पलट गईं। इसके बाद क्रेन से मलबे को हटाने की कोशिश की जा रही है।

## हलाल सर्टिफाइड उत्पाद सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले साल हलाल प्रमाणीकरण से जुड़े खाद्य उत्पाद पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। दो अलग याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। उन्होंने राज्य सरकार और अन्य लोगों से जवाब मांगा है। बता दें, उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले साल 18 नवंबर में हलाल प्रमाणीकरण वाले खाद्य उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया था। सीएम योगी द्वारा संज्ञान लेने के बाद प्रतिबंध के बारे में आदेश भी जारी कर दिया गया था। हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाता है।


## 4 में से 2 खेत 2.1 करोड़ में ख़रीदे, इन्हीं ने पहले भी खरीदा था घर

# अजय ने खत्म किया डॉन दाऊद का डर, खरीद ली उसकी संपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम का खौफ अब भारत में खत्म हो चुका है। लोग उसके खिलाफ खड़े होने लगे हैं। सरकार उसकी संपत्ति की नीलामी करा रही है। इसमें लोग शामिल भी हो रहे हैं और इन्हें खरीद भी रहे हैं। इस बीच महाराष्ट्र के रत्नागिरी ज़िले के खेड़ तालुक़ा गांव में उसकी मां अमीना बी के नाम पर 4 खेतों की नीलामी की गई। इन चार खेतों में से दो खेत बिक गए। हालांकि दो अन्य खेतों की नीलामी में कोई भी शामिल नहीं हुआ था।

*सेफेमा के तहत दाऊद की मां के नाम चार खेतों की नीलामी की गई थी। इसमें से दो खेतों को खरीद लिया है। दो खेतों की किसी ने बोली नहीं लगाई।*



**खास बातें**

- अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम का खौफ अब भारत में खत्म
- महाराष्ट्र के रत्नागिरी ज़िले के खेड़ तालुक़ा गांव में 4 खेतों की नीलामी
- लोगों के मन से दाऊद का डर निकालने का है मकसद

### अजय बोले-दाऊद की संपत्ति खरीदने लोन की मांग

कई अजय श्रीवास्तव ने उस समय में दाऊद का मकान ख़रीदा था, जब लोग उसका नाम लेने से भी डरते थे। अजय बताते हैं कि उनका मकसद लोगों के मन से दाऊद का डर निकालने का है। वह कहते हैं कि सरकार जैसे पढ़ाई, घर और गाड़ी के लिए लोन देती है, वैसे ही दाऊद की संपत्ति को खरीदने के लिए भी कम ब्याज दर पर लोगों को लोन दे।

### इससे पहले भी संपत्ति खरीदी


बता दें कि अजय श्रीवास्तव इससे पहले भी दाऊद की कई संपत्तियों को नीलामी में खरीद चुके हैं। इस खेती योग्य जमीन को खरीदने से पहले वह दाऊद का मुंबई में उनका पैतृक घर भी खरीद चुके हैं। 2001 में अजय श्रीवास्तव ने कुछ दुकानों के लिए भी बोली लगाई थी। इस संबंध में कानूनी लड़ाई चल रही है। श्रीवास्तव को जल्द ही दाऊद का पैतृक घर मिल सकता है।

### श्रीवास्तव ने ख़रीदे दो खेत

*इन दो खेतों को अजय श्रीवास्तव नामक एक वकील ने ख़रीदा है। अजय श्रीवास्तव ने 170.98 वर्ग मीटर का खेत 2.1 करोड़ में ख़रीदा। इस खेत की रिजर्व कीमत केवल 15440 रुपए ही थी। वहीं नीलामी लिस्ट में चौथे नंबर पर रखा गया 1730.0 वर्ग मीटर का खेत भी अजय श्रीवास्तव ने ख़रीदा है। इसकी बिक्री 3.28 लाख में हुई।*

## आतंकी हमलों से दहशत

# बारूदी सुरंग में ब्लास्ट होने से फिर दहला पाकिस्तान, 3 बच्चों की मौत



एजेंसी ▶▶ करांची

पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन बच्चों की मौत की खबर है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारूदी सुरंग विस्फोट की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे बकरियां चरा रहे थे।

### बकरी चराते हुए बारूदी सुरंग पर पैर, ब्लास्ट

खजोरी इलाके में ये तीनों चरवाहे बच्चे मैदान में बकरियां चरा रहे थे, उसी दौरान एक बच्चा बारूदी सुरंग पर चला गया। ये बच्चे अक्सर अपने परिवार की बकरियों को चराने के लिए इस मैदान में लाया करते थे। वे पांच से 15 साल तक के थे।





## खबर संक्षेप



### तवांग करेगा कयाकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में अगले महीने तवांग चू नदी पर पूर्वोत्तर के सबसे बड़े कयाकिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। तिब्बत की दो नदियां इस तवांग चू नदी में मिलती हैं जिसके बाद यह भूटान में जाने के बाद अंत में ब्रह्मपुत्र में विलीन हो जाती है। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार कयाकिंग टूर्नामेंट 'तवांगचू टाइड्स' पांच फरवरी से शुरू होगा और छह दिन की रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद 10 फरवरी को समाप्त होगा।

### भारत की अगुवाई करेंगी अवनि प्रशांत

**मेलबर्न।** गोल्फर अवनि प्रशांत इस महीने होने वाले ऑस्ट्रेलियन



मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी जिसमें दो पुरुष और दो महिला गोल्फर शामिल हैं।

## टेस्ट : तीसरे दिन पाक ने 68 रन पर गंवाए 7 विकेट

# जमाल ने पाक को दिलाई बढ़त ऑस्ट्रेलिया की जोरदार वापसी

एजेंसी ▶▶ सिडनी

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान को शुक्रवार को यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में बढ़त दिलाई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी करते हुए मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने तीसरे दिन स्टंप से पहले के सत्र में 68 रन तक पाकिस्तान के सात विकेट चटकाकर उसे एक और संभावित हार की ओर धकेल दिया। जोश हेजलवुड नौ रन देकर चार विकेट चटका चुके हैं जबकि मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और ट्रेविस हेड के खाते में एक-एक विकेट आया। पाकिस्तान की कुल बढ़त 82 रन की है। दिन का खेल खत्म होने पर मोहम्मद रिजवान छह रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जमाल ने अभी खाता नहीं खोला है।

पाकिस्तान की दूसरी पारी में सैम अयूब (33) और बाबर आजम (23) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए हैं। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पिछला टेस्ट 1995 में यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ही जीता था।



### वार्नर की 'बैगी ग्रीन' कैप मिली

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने राहत की सांस ली और आभार व्यक्त करते हुए शुक्रवार को खुलासा किया कि उनकी 'बैगी ग्रीन' (ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट बल्लेबाज को मिलने वाली कैप) यहां रहस्यमयी तरीके से टीम होटल में मिल गई। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन के खेल की शुरुआत से पहले वार्नर ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि उनकी दो बैगी ग्रीन कैप मिल गई हैं। वार्नर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में कहा, 'सभी को नमस्कार, मैं आप सभी को यह बताते हुए बेहद खुशी और राहत महसूस कर रहा हूं कि मेरी बैगी ग्रीन मिल गई हैं।'

### जमाल का कमाल झटके 6 विकेट

*जमाल ने इससे पहले 69 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 299 रन पर समेटकर पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार विकेट 10 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर 2020 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट में पहली पारी में बढ़त गंवाई है। जमाल ने चाय के विश्राम के बाद मिचेल मार्श (54) को मिड ऑफ पर शान मसूद के हाथों कैच कराया।*

*उन्होंने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा और फिर अपने अगले ओवर में लियोन (05) और हेजलवुड (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। जमाल ने इससे पहले उस्मान ख्वाजा (47) और हेड (10) को भी पवेलियन की राह दिखाई थी।*

### प्रज्ञानानंदा का समर्थन करना सौभाग्य की बात

**चेन्नई।** भारतीय शतरंज प्रतिभा आर प्रज्ञानानंदा को दिग्गज व्यवसायी गौतम अडाणी के रूप में नया प्रशंसक मिला जिन्होंने गुरुवार को इस 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर का



सहयोग करने के फैसले की घोषणा की। अडाणी ने 'एक्स' पर प्रज्ञानांनदा के साथ मुलाकात की अपनी फोटो साझा की जिसमें उन्होंने चेन्नई के इस स्टार खिलाड़ी को भारत के अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत करार दिया। अडाणी ने लिखा, 'प्रज्ञानानंदा का समर्थन करना सौभाग्य की बात है, वह शतरंज की दुनिया में लगातार परचम लहरा रहे हैं और भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं।'

## मांड्या ओपन : आठ साल बाद आईटीएफ टूर्नामेंट की वापसी

एजेंसी ▶▶ मांड्या

भारत के शशिकुमार मुकुंद सहित कुछ शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सात से 14 जनवरी तक यहां होने वाले आईटीएफ मांड्या ओपन टेनिस टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। मांड्या में आठ साल बाद आईटीएफ टूर्नामेंट की वापसी हो रही है।

मई 2015 के बाद यहां पहली बार हो रहे आईटीएफ टूर्नामेंट में 18 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसकी कुल इनामी राशि 25 हजार डॉलर है। शशिकुमार के अलावा यूक्रेन के एरिक वांशेलबोइम, दक्षिण अफ्रीका के क्रिस वान विक, ब्रिटेन के जाइल्स हसी और ऑस्ट्रेलिया के थॉमस फेनकट जैसे शीर्ष खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। हाल में भारत की डेविस कप टीम में



जगह बनाने वाले मैसूर के स्थानीय खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव उन पांच भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिला है। एकल मुख्य ड्रॉ में 32 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिनमें से 20 को सीधे प्रवेश मिला है जबकि चार को वाइल्ड कार्ड दिया गया है। बाकी बचे आठ खिलाड़ी सात और आठ जनवरी को 32 खिलाड़ियों के बीच होने वाले क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाएंगे।

## ओलंपिक क्वालीफायर करो या मरो का मुकाबला

एजेंसी ▶▶ रांची

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढ़ाया है।

उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन यहां 16 से 19 जनवरी



तक किया जाएगा जिसमें मेजबान भारत सहित आठ देश शीर्ष तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। सविता ने कहा, 'टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं।

## ध्यानचंद स्टेडियम में वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी मेन्स टूर्नामेंट

# प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आरएनटीयू ने गोवा यूनिवर्सिटी को 8-0 से दी शिकस्त



**आज के मैच**

सुबह के सत्र में 4 क्वार्टर फाइनल एवं शाम के सत्र में लीग के 2 मुकाबले मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम भोपाल में खेले जाएंगे। ये मैचेज प्रात 8 बजे से शुरू हो जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मप्र द्वारा संयुक्त रूप से ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी (मेन्स) टूर्नामेंट का आयोजन ध्यानचंद स्टेडियम में किया जा रहा है जिसमें महाराष्ट्र, गोवा, राजस्थान, मप्र और गुजरात की 54 विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसके तहत शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल्स के नॉकआउट मुकाबले खेले गए। इसमें प्रमुख मुकाबलों में आरएनटीयू, यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा, संत घड़गे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी, डॉ. बाबा साहब अम्बेड़कर यूनिवर्सिटी ने अपने-अपने मुकाबलों को जीत लिया।

### अमरावती ने पाटन को हराया

इसी तरह हेमचंद्राचार्य नॉर्थ गुजरात यूनिवर्सिटी (एचएनजीयू) पाटन और संत घड़गे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी (एसजीबीएयू) के बीच खेले गए मुकाबले में संत घड़गे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी 4-2 के गोल के अंतर से विजयी हुई। एसजीबीएयू की ओर से अदनान ने 2 गोल, आकिब और गौरव ने 1-1 गोल किए। हेमचंद्र यूनिवर्सिटी की ओर से शिवांष और सिद्धार्थ ने 1-1 गोल किए।

### यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा ने हासिल की बीकानेर पर जीत

महाराज गंगा सिंह यूनिवर्सिटी (एमजीएसयू) बीकानेर और यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा के बीच खेले गए दिन के पहले मुकाबले में यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा ने जीत हासिल की। एमजीएसयू के 1 गोल के मुकाबले यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा की ओर से 6 गोल किए गए। इसमें यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा की ओर से संदीप और हरीश ने 2-2 गोल किए। वहीं एमजीएसयू की ओर से अनुराग ने 1 गोल किया।

### बीएमयू ने आरडीवी को 5-1 से हराया

डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर यूनिवर्सिटी संम्भाजीनगर और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीवी) जबलपुर के बीच खेले गए मुकाबले में बीएएमयू की जीत हुई। बीएएमयू ने यह मैच 5-1 के अंतर से जीत लिया। इसमें बीएएमयू की ओर मोहित ने 4 और करन ने 1 गोल किया। रानी दुर्गावती विवि की ओर से सत्यम ने 1 गोल किया।

## कैम्पियन के चार स्केटर्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

### 67वीं अंतर शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एक स्वर्ण पदक के साथ कैम्पियन के स्केटर्स ने जीते कुल 11 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैम्पियन स्कूल के रोलर स्केटर्स छात्र एवं छात्राओं ने सतना के ऐकेडमिक हाईटस स्कूल के स्केटिंग रिंग में चार दिनी 67वीं अंतर शालेय राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग में 1 स्वर्ण, 6 रजत एवं 4 कांस्य पदक जीतकर कुल 11 पदकों पर अपना कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता में भोपाल संभाग ओवर ऑल चैम्पियन बना।

इस प्रतियोगिता में कैम्पियन स्कूल के तेगबीर सिंह ने 1 स्वर्ण, शिवानी ठाकुर ने 2 रजत, ऋषिका चावड़ा ने 2 रजत, संभव मिश्रा ने 1 रजत 2 कांस्य, पंचम सिंहल ने 1 रजत 2 कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इन सभी स्केटर्स ने विभिन्न आयु वर्ग में क्वाडस व इनलाइन



कैटेगरी में स्कूल का प्रतिनिधित्व किया और यह पदक जीते। इनमें से तेगबीर, षिवानी, ऋषिका एवं संभव का चयन 14 से 19 फरवरी राँची झाराखंड में स्कूल गेम्स फेडेरेषन द्वारा आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिया किया गया है। प्राचार्य फादर डॉ.अथनस लकड़ा एस.जे., उप प्राचार्य आलोक कुजूर एसजे एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जोंसी कोषी ने कोच संजय मिश्रा एवं मीनाक्षी व सभी छात्रों को इस प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी।









## कोहली और जड़ेजा सोबर्स ट्रॉफी की दौड़ में शामिल

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और शीर्ष ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में हैं। कोहली और जडेजा को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए पैट कमिंस और टीम के उनके साथी ट्रेविस हेड से चुनौती मिलेगी। आईसीसी ने शुक्रवार को कहा कि अश्विन को हेड और ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथी उस्मान ख्वाजा के अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930